आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

पीड़िता सरिता देवी की करुण पुकार बनी न्याय की चिंगारी, इंस्पेक्टर...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 08 अगस्त, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 294 www.janexpresslive.com/epaper



राहुल गांधी के दिमाग की चिप चोरी और... 12

# किसान-पालकों के हितों से समझौता नहीं : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री बोले, तारीख का जिक्र किए बिना कहा, इसकी कीमत चुकानी होगी, अमेरिका इन सेक्टर में एंट्री चाहता है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी यात्रा का जिक्र किए बिना कहा कि हमारा अपने किसानों के हित के लिए सर्वोच्च संकल्प है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में आयोजित एमएस स्वामीनाथन सेंचुरी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं कहता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। पीएम का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ के ऐलान के एक दिन बाद आया। वास्तविक अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर और मार्केटिंग सेक्टर में अपने श्रमिकों के साथ प्रवेश चाहता है। कई दौरों की साजिश के बाद भी भारत तैयार नहीं हुआ है। भारत से अमेरिका रवाना होने वाले पर 25 प्रतिशत टैरिफ दरें। वहीं 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इससे भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में बिक जाएंगे। उनकी मांग कम हो सकती है। वहां के निर्यातक अन्य देशों से सामान मंगा सकते हैं।

### मोदी की3 बड़ी बातें, कहा, हमने किसानों को आत्मबल दिया

#### स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को जीवन का ध्येय बनाया

1 कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, योगदान किसी एक युग या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होता। प्रो साइंटिस्ट स्वामीनाथन ऐसे ही एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने विज्ञान को जनसेवा का माध्यम बनाया। स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का ध्यान बनाया। वे एक ऐसी ही निजी जागरुकता की बात करते हैं जो आने वाली अनेक नवीनताएं तक भारत की कम्यूनिटीज और क्लासीज का निर्देशन करती रहती है।

#### स्वामीनाथन ने निर्देशित किया

2 स्वामीनाथन के साथ मेरा रेलवे कई पुराना पुराना है। बहुत से लोग गुजराती प्राचीन परम्पराओं से परिचित हैं। पहले किसानों और मछुआरों के कारण कृषि को काफी संकट का सामना करना पड़ रहा था और कच्छ में रेगिस्तान का विस्तार हो रहा था। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब हमने महोत्सव कार्ड स्वास्थ्य पर काम शुरू किया था। प्रो. स्वामीनाथन ने इसमें काफी रुचि दिखाई, उन्होंने हमें सुझाव दिया और हमारा मार्गदर्शन किया। उनके योगदान के कारण, यह पहली जबरदस्त सफलता मिली।

#### किसानों के हित के लिए कई योजनाएं

3 पीएम किसान सम्मान निधि से मुलाकात वाली उद्योग सहायता ने छोटे किसानों को आत्मनिर्भर बनाया है। पीएम फसल बीमा योजना किसानों को जोखिम से सुरक्षा देती है। सींच से जुड़ी समस्याओं को पीएम कृषि सींच योजना के माध्यम से दूर किया गया है। 10 हजार एफपीओ के निर्माण में छोटे किसानों की सहयोग शक्ति शामिल है। ई-एनएएम की वजह से किसानों को अपनी उपज आसानी से मिल जाती है।



### एग्रीकल्चर और बेंचमार्क सेक्टर पर दबाव

- अमेरिका चाहता है कि उसके ब्रांडेड उत्पाद (जैसे दूध, पनीर, घी आदि) भारत में बेचे जाएं। अमेरिकी उद्यमियों का दावा है कि उनका दूध साफ और गुणवत्ता वाला है और भारतीय बाजार में सस्ता भी पड़ सकता है।
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस क्षेत्र में करोड़ों छोटे किसान मौजूद हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी उत्पाद भारत में आएंगे तो उनके स्थानीय किसानों को भारी नुकसान हो सकता है।
- भारत में ज्यादातर लोग शुद्ध शाकाहारी दूध उत्पाद चाहते हैं, जबकि अमेरिका में कुछ मठों में टुकड़ों के टुकड़ों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) का इस्तेमाल होता है। भारत की शर्त है कि ये शाकाहारी हो।
- इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि भारत के बाजार में गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और सेब जैसे फलों पर कम टैक्स लगाया जाए। वह चाहती हैं कि भारत अपने पासपोर्ट को कम करे।
- इसके अलावा, अमेरिका जैव-प्रौद्योगिकी (जीएमओ) भी भारत में जहर घोलने की कोशिश कर रही है, लेकिन भारत की सरकार और किसान संगठन इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं।

### भारत में ट्रम्प का 50 प्रतिशत टैरिफ, 25 प्रतिशत लागू

भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले वोट पर आज यानी 7 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है। वहीं 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। अभी भारतीय एडवांटेज पर करीब 10 प्रतिशत टैरिफ लगता था। नई टायर लीज से भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में बिक जाएंगे। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिवा यानी, जीटीआरआई के संस्थापक अजयगुरु ने कहा कि टैरिफ के कारण अमेरिका में 40-50 प्रतिशत की कमी हो सकती है। हालाँकि, भारत के एक्सपोर्टर्स ने कहा- माल्या के पास अमेरिका के अलावा दुनिया भर के बाजार हैं। ज्वैलरी जैसे कई सेक्टरों में भारत के अमेरिका में शामिल होने की वजह सबसे ज्यादा है। अब एक्सपोर्टर्स दुनिया के बाकी हिस्सों में स्टॉक को बढ़ा सकते हैं।

### भारत पर निर्भरता ट्रम्प बोल, अभी बहुत कुछ बाकी है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर भारी प्रतिबंध की चेतावनी दी है। उन्होंने रविवार की रात सुपरस्टार के पियानो का जवाब देते हुए कहा, अभी सिर्फ 8 घंटे ही हुए हैं। अभी तो बहुत कुछ बाकी है। बहुत सारे सामान सैकंस आने वाले हैं। ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लागू करने को लेकर पूछा गया प्रश्न, इसका उत्तर दिया। ट्रम्प से पूछा गया कि अमेरिका ने भारत पर ही क्यों प्रतिबंध लगाया, जबकि चीन और देश भी रूस से तेल खरीद रहे हैं। भारत में अब कुल अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। ट्रम्प ने रविवार को एलेक्टिक्यूटिवा ऑर्डर पर साइन कर 25 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाया। बढ़ा हुआ टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। आज से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है। एक्ज़ीक्यूटिवा ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह कार्रवाई की गई है।

### विदेश मंत्रालय बोला, अमेरिकी कार्रवाई नाजायज

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। मंत्रालय ने रविवार रात बयान जारी कर कहा- अमेरिका ने हाल ही में भारत के रूस से जा रहे तेल आयात को बढ़ावा दिया है। हमने सबसे पहले ही साफ कर दिया है कि हम बाजार की स्थिति के आधार पर तेल के दिशानिर्देश हैं और मकसद 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह बहुत निजीकरण है कि अमेरिका भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगा रहा है, जबकि कई और देश भी अपने हित में यही काम कर रहे हैं। हम दोहराते हैं कि ये कदम अनुचित, नाजायज और गलत हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।

### अमेरिकी दल की बात 24 अगस्त को आएगी

ट्रम्प ने भले भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ का अनुमान लगाया हो, दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर बातचीत जारी है। अमेरिकी दल छठे दौर की बातचीत के लिए 24 अगस्त को भारत आएँ। डिल पर अमेरिका भी चिंता का विषय है। बड़े देश में केवल चीन से बात बनी है। वहीं, ट्राइ को लेकर ट्रंप घर में ही घिर गए हैं।

## हिंसा के बाद पहली बार संभल पहुंचे सीएम योगी, बोले

# कांग्रेस ने सामूहिक हत्याएं कराईं सपा ने उनके पापों पर पर्दा डाला

जन एक्सप्रेस। संभल

हिंसा के बाद सीएम योगी गुरुवार को पहली बार संभल पहुंचे। उन्होंने कहा- संभल एक सच्चाई है, जिन लोगों ने संभल के साथ पाप किया था, उन्हें सजा मिलेगी। जो लोग संभल को दंगा ग्रस्त बनाते थे, उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमारे ग्रंथ कहते हैं- कल्कि के रूप में यहां भगवान विष्णु का 10वां अवतार होगा। उन्होंने कहा- कांग्रेस सामूहिक हत्या करवाती थी और समाजवादी पार्टी और उनके पाप पर पर्दा डालने का काम करती थी। हत्यारों को बचाने का काम करती थी। यही तो हुआ था संभल में। आजादी के बाद में जो कत्लेआम हुआ, उसकी सच्चाई सामने आ जाती तो उनको वोट बैंक खिसकने का डर था। ये बांटने वाले लोग गरीबों पर डकैती डालने का काम करते थे। हम लोग वोट बैंक के लिए नहीं आये हैं। हम तो विरासत का संरक्षण करने के लिए आये हैं। सीएम ने यहां 546 करोड़ के प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए। इनमें 108 प्रोजेक्ट का शिलान्यास और 113 का लोकार्पण किया। संभल पहुंचने पर योगी के हेलिकॉप्टर ने शाही जामा मस्जिद के ऊपर तीन राउंड लगाए। 24 नवंबर, 2024 को इसी मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें गोली लगने से 4 लोगों की मौत हो गई थी।



### योगी को भूपेंद्र चौधरी ने दक्षिणा के लिए रुपए दिए

सीएम का हेलिकॉप्टर पुलिस लाइन में लैंड हुआ। योगी ने आंनदपुर में शिलान्यास पूजन किया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हुए। हवन के दौरान पंडित ने योगी को संकल्प के लिए पूजन सामग्री दी। उस पर दक्षिणा रहने को कहा। सीएम ने दक्षिणा के लिए अपनी जेब देखी, लेकिन तब तक भूपेंद्र चौधरी ने एक नोट निकालकर उनको दिया।

### मंत्री बोलीं, योगी जी संभल का नाम बदल दीजिए

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने संभल का नाम बदलने का मांग की। उन्होंने कहा- योगी जी संभल का नाम बदल दीजिए। कल्कि नगरी किया जाए यो जो आपको सही लगे वो रख दीजिए।

### कांग्रेस-सपा को वोट बैंक खिसकने का डर था

संभल के तीर्थों को विदेशी अत्याचारियों ने अपवित्र किया। यहां 19 कूपों पर कब्जा हो गया। कांग्रेस और सपा को डर था कि संभल की सच्चाई सामने आई तो उनका वोट बैंक खिसक सकता है। संभल के तीर्थों का उद्धार हमारी सरकार करेगी गुलाब देवी को जिला मुख्यालय उपहार में दिया। सीएम ने कहा - मैं बहन गुलाब देवी को जिला मुख्यालय का उपहार दे रहा हूं। जिसकी घोषणा 2011 में घोषणा हुई थी। अब 14 साल बाद जिले को अपना जिला मुख्यालय, अपनी पुलिस लाइन मिलेगी। यहां 80 एकड़ में जिला मुख्यालय होगा, जहां एक छत के नीचे ही जनता को को सभी प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी।

### संभल एक सच्चाई, यहां के 19 कूपों पर कब्जा हुआ

सीएम ने स्कंद पुराण का श्लोक पढ़ा। कहा- संभल एक सच्चाई है। सच्चाई का उल्लेख हमारा ग्रंथ करता है। यहां के तीर्थों को विदेशी अत्याचारियों ने अपवित्र किया। यहां 19 कूपों पर कब्जा हो गया। परिक्रमा मार्गों को बाधित किया गया। भगवान सोमनाथ का मंदिर चाहे महाराष्ट्र का हो या वाराणसी का, दोनों का उद्धार लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया। संभल के तीर्थों का उद्धार हमारी सरकार करेगी।

### योगी ने कहा, भगवान कल्कि की धरा को नमन करता हूं

योगी ने कहा- भगवान कल्कि की इस धरा को नमन करता हूं। रक्षाबंधन और जन्माष्टमी से पहले मिलने वाली इन परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं। रक्षाबंधन पर हमारी बहनें एक सह यात्री के साथ पूरे प्रदेश में फ्री यात्रा कर सकती हैं। उनसे कोई किराया नहीं लिया जाएगा। 14 साल के बाद संभल को अपना जिला मुख्यालय मिलने वाला है। पुलिस लाइन भी बनने जा रही। इसके लिए हमने भूमि पूजन किया।

### संभल को अब दंगाइयों से लड़ने की शक्ति मिली

योगी ने कहा, 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। भगवान हर साल आते हैं, फिर आएंगे। संभल को अब दंगाइयों से लड़ने की शक्ति मिली है, जिन लोगों ने संभल के साथ पाप किया था, उन्हें सजा मिलेगी। जो लोग संभल को दंगा ग्रस्त बनाते थे, उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### पिछली सरकार हर जिले में एक गुंडा पालती थी

योगी ने सपा सरकार पर हमला किया। कहा-पिछली सरकार एक जिले में एक गुंडा और एक माफिया पालती थी। हम एक जिले में एक मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। युवाओं के लिए पिछले 8 साल में साढ़े 8 लाख नौकरी दी। कभी चेहरा नहीं देखा गया, जाति नहीं देखी गई। पिछली सरकारों में दंगे होते थे। शोषण होता था। न बेटी, न ही व्यापारी सुरक्षित थे। आज सब सेफ हैं। केवल दंगाई सुरक्षित नहीं हैं।

### सपा और कांग्रेस ने संभल के साथ पाप किया

योगी ने कहा- चंदौसी को मिनी काशी कहते हैं। चंदौसी में मुझे आना है, यहां बजरंग बली की बड़ी मूर्ति बनी है। वहां जाना है। आजादी के बाद कांग्रेस और सपा ने संभल के साथ पाप किया है। उनको डर था कि संभल की सच्चाई सामने आई तो उनका वोट बैंक खिसक सकता है।

# भ्रष्टाचार पर पर्दा या पर्दे के पीछे भ्रष्टाचार? अमेठी जिला पंचायत पर उठे गंभीर सवाल

## जनता पूछ रही है, क्या वाकई 'जीरो टॉलरेंस' नीति सिर्फ भाषणों तक सीमित है?

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय

उत्तर प्रदेश में अमेठी के जिला पंचायत कार्यालय से उठती एक गंभीर बदबू अब खुलकर सामने आ गई है। ठेकेदार कंपनी दुर्गन भवानी इंटरप्राइजेज की संचालिका किरन अग्रहरि द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों ने न केवल विभागीय कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, बल्कि शासन की घोषित जीरो टॉलरेंस नीति को भी कटघरे में ला खड़ा किया है।


जिलापंचायत में टेंडर घोटाला: सुविधा शुल्क के ... पर खुला भ्रष्टाचार का खेल, महिला उद्यमी ने खोली ...

जिला पंचायत में टेंडर गड़बड़ी का आरोप, डीएम से शिकायत

### सवाल जो सत्ता से जवाब मांगते हैं...

- जब सभी दस्तावेज समय पर जमा कर दिए गए थे, तो फिर एग्रीमेंट क्यों नहीं हुआ?
- क्या मौखिक बुलावा किसी भी संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है?
- सुविधा शुल्क की मांग के पीछे कौन हैं वो चेहरे, जो पर्दे के पीछे से खेल रहे हैं?
- क्या यह पूरा मामला सिर्फ एक ठेकेदार को दबाने की साजिश है, या इसके पीछे किसी बड़ी भ्रष्ट लॉबी का हाथ है?

### अब जनता को चाहिए जवाब, न की बहाने

किरन अग्रहरि ने साफ कहा है कि यदि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, तो कई वरिष्ठ अधिकारी और सियासी चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि जीरो टॉलरेंस का वादा अब एक्शन में बदले और भ्रष्टाचारियों को उनकी कुर्सियों समेत हटाया जाए।

### लड़ाई एक ठेकेदार की नहीं, पूरे सिस्टम की साख की है

यह मामला सिर्फ एक ठेकेदार से धोखाधड़ी भर नहीं है यह सिस्टम की उन खामियों को उजागर करता है, जो भ्रष्टाचारियों को ताकतवर और ईमानदारों को कमजोर बनाती हैं। अब देखना यह है कि क्या योगी सरकार इस गंभीर मामले में सख्ती दिखाएगी? क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी, या फाइलें फिर किसी अलमारी में बंद कर दी जाएंगी? क्या जनता के विश्वास को टूटने से बचाया जा सकेगा? या फिर एक ईमानदार ठेकेदार की आवाज भी इस 'सिस्टम' के शोर में गुम हो जाएगी?

### जनता का सीधा सवाल है

- क्या अब सरकारी कामकाज मौखिक आदेशों पर चलने लगा है?
- जब सबकुछ दस्तावेजों के जरिये हुआ, तो फिर मौखिक बुलावे की क्या जरूरत थी?

### मौखिक बुलावा बन गया जवाबदेही से भागने का हथियार?

किरन अग्रहरि का कहना है कि 15 अक्टूबर 2024 को जारी ई-टेंडर में उन्हें तीन कार्य आवंटित हुए थे। 2 दिसंबर 2024 तक उन्होंने सभी जरूरी दस्तावेज विभाग को सौंप दिए। परंतु, इसके बाद उन्हें एग्रीमेंट की प्रक्रिया में जानबूझकर उलझाकर रखा गया। आरोप है कि उनसे 10 प्रतिशत का सुविधा शुल्क मांगा गया और जब उन्होंने इंकार किया, तो उन्हें किनारे कर दिया गया। हैरानी की बात तो तब हुई जब आइजीआरएस पोर्टल पर विभाग की तरफ से यह जवाब दर्ज किया गया कि फर्म को मौखिक रूप से बुलाया गया था, पर वह उपस्थित नहीं हुई!

### सिस्टम या साजिश?

किरन के पति रामजी अग्रहरि ने बताया कि उन्होंने बार-बार लिखित रूप में अनुरोध किया कि उनका एग्रीमेंट समय पर किया जाए, लेकिन %सुविधा शुल्क% न देने की कीमत उन्हें भुगतनी पड़ी। अंतत:, 10 जुलाई 2025 को उनका टेंडर रद्द कर नए सिरे से निविदा जारी कर दी गई — मानो सब कुछ पहले से तय था। यह घटनाक्रम न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश की बू भी देता है।

# लगातार नौ दिन बढ़ा पांच मीटर जलस्तर, विश्वनाथ मंदिर द्वार से 12 सीढ़ी नीचे गंगा, नमो घाट तीसरे दिन भी बंद

- किसी भी पर्यटक या श्रद्धालुओं को आने-जाने नहीं दिया गया
- मणिकर्णिका घाट की ओर से आया पानी अब गली में आश्रम के गेट से थोड़ा पीछे हो गया है

जन एक्सप्रेस। वाराणसी



वाराणसी में बुधवार को गंगा में उफान कम हुआ तो जलधारा सड़कों और गलियों से वापस घाटों की सीढ़ियों तक लौटने लगी है। गंगा बाबा विश्वनाथ मंदिर के गंगा द्वार से 12 सीढ़ी नीचे हैं। वहां ललिता घाट और दीवारें पूरी तरह से पानी में डूबी हैं। नमो घाट बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा। किसी भी पर्यटक या श्रद्धालुओं को आने-जाने नहीं दिया गया। राजघाट की सड़क पर लगा पानी पीछे हटकर वापस सीढ़ियों पर चला गया। घाटों पर मंदिरों के शिखर का कुछ हिस्सा दिखने लगा है। मणिकर्णिका घाट की ओर से आया पानी अब गली में आश्रम के गेट से थोड़ा पीछे हो गया है। शवों को पानी के रास्ते नाव से ले जाकर छत पर अंत्येष्टि कराई जा रही। एक बार में 7-8 शव ही जल पा रहे हैं।

### सामनेघाट की कॉलोनियों से लौट रहा पानी

दशाश्वमेध और शीतला घाट के बाहर सड़क तक पानी लगा हुआ है। लोग वहीं स्नान कर रहे हैं। अस्सी घाट को पार करके बाजार में पहुंची जलधारा अब जगन्नाथ मंदिर के द्वार तक आ गई है। वहीं सामनेघाट पर महेश नगर समेत कई कॉलोनियों से पानी वापस लौटना शुरू हो चुका है, हालांकि सड़क पर करीब 200 मीटर तक गंगा का पानी 3-4 फीट तक लगा रहा। इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें हुईं।

### राहत सामग्री न मिलने पर किया हंगामा

नगवा गंगोत्री विहार इलाके में बाढ़ में फंसे आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने बुधवार देर शाम राहत सामग्री न मिलने पर हंगामा कर दिया। नगवा प्राथमिक विद्यालय में बने राहत शिविर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

# मुख्यमंत्री धामी ने मातली में रेस्क्यू किए गए पीड़ितों से की मुलाकात, दिलाया हरसंभव सहायता का भरोसा

- 205 लोगों को अब तक हर्षिल से सुरक्षित निकाला गया, रेस्क्यू ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी

जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी




जनपद के हर्षिल और धराली क्षेत्र में भारी बारिश और बादल फटने के कारण उत्पन्न आपदा के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज आईटीबीपी मातली केंद्र पहुंचकर हेली रेस्क्यू से निकाले गए प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने सभी पीड़ितों को आश्वस्त किया कि सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, आईटीबीपी, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर लगातार युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता फिलहाल फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाना है। आज अपराह्न 3 बजे तक 205 लोगों को हर्षिल से हेली सेवा द्वारा आईटीबीपी मातली में सुरक्षित लाया जा चुका है। प्रशासन द्वारा घटनास्थल पर राहत कार्यों के तहत खाद्यान्न, चिकित्सा और अन्य जरूरी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। वहीं, बीआरओ द्वारा गंगोत्री राजमार्ग को शीघ्र बहाल करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी स्वयं उत्तरकाशी में रहकर पूरे राहत एवं बचाव अभियान पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### आज होगी ई-लॉटरी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उप निदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि आठ अगस्त शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कृषि यंत्रीकरण के लाभार्थियों के चयन के लिए समिति के समक्ष ई-लॉटरी कार्यवाही का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक आदि को इस ई-लॉटरी कार्यवाही में प्रतिभाग करने को कहा है।

### बदमाशों की चलहकदमी से ग्रामीणों में दहशत

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भौरी गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने रैपुरा थाना प्रभारी को भेजे पत्र में कहा है कि पिछले एक पखवाड़े से गांव में गिरोह बनाकर चोर-बदमाश घूम रहे है। दो दिन पूर्व रात्रि के अंधेरे में संदिग्ध लोगों को देखकर कुछ लोगों ने शोर करते हुए पीछा किया। जिसके बाद चोर-बदमाशों का यह गिरोह अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला। इसके कुछ देर बाद गांव से लगे पहाड़ पर टार्च की रोशनी दिखाई दी। जिससे प्रतीत हो रहा था कि गिरोह जंगल में चला गया है। इसके अलावा कुछ दिन पहले गांव के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के घर में रात्रि में दो से तीन बजे के मध्य आंगन में पत्थर भी फेंके गए। गौरतलब है कि पूर्व में सेमरदहा और खोह गांव में भी रत्रि के समय समूह बनाकर अपराधियों के घूमने की सूचनाएं मिली थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम ने काम्बिंग भी किया था, किंतु गिरोह का कोई भी सदस्य अब तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है।

### 13 को भाकियू निकालेगा ट्रैक्टर मार्च

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को किसान समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन किया। जिसमें जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि आगामी 13 अगस्त को समस्याओं को लेकर ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। इस मौके पर युवा विंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह, युवा विंग तहसील अध्यक्ष डुप्ले पटेल, उपाध्यक्ष तोषेंद्र सिंह, विजय त्रिपाठी, श्रीकेशन राजपूत, रामेश्वर सिंह, नीलकंठ द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### दो दिन से लापता अधेड़ का नाले में शव मिलने से फैली सनसनी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में दो दिन से लापता अधेड़ का शव नाले में पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के रगौली गांव निवासी मलखान सिंह यादव 46 वर्ष उरई की किसी फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। बताया गया कि वह दो दिन से लापता थे और परिजन उनकी खोजबीन कर रहे थे।खोजबीन में जुटे परिजन गुरुवार को गांव के पास से निकले और उन्होंने नाले के पास उनकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर उनका शव पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

# जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने स्वास्थ्य समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव की स्थिति, एएनसी पंजीकरण, बाल पंजीकरण सहित समिति द्वारा किए जा रहे विभन्न कार्यों की बिंदु वार समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों के शत-प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाएं तथा बच्चों का टीकाकरण भी कराएं, इसमें कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। डीएम ने एचआईवी की रिपोर्ट सही न पाए जाने पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार सिंह व कार्य में शिथिलता बरतने पर एएनएम इंद्रावती देवी, सोना देवी, सरस्वती देवी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कहा कि हीमोग्लोबिन, डायबिटीज आदि बीमारियों सहित अल्ट्रासाण्ड आदि के लिए सभी केन्द्रों पर उपकरण होने चाहिए, इसके लिए उपकरण प्रभारी से उपकरणों की मांग करें।

उन्होंने कहा कि सभी एएनएम वीएचएनडी सेशन में सही से हीमोग्लोबिन का चेकअप कराएं, सही से कार्य न करने वालों पर कार्यवाही करें। कहा कि आशाओं के रिक्त पदों पर आवेदन प्राप्त कर भर्ती कराए ताकि कार्य बाधित न हो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि सिजेरियन के मामलों को रिफर न करें। मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन की स्थिति ठीक न पाए जाने पर सुधार करने को कहा। साथ ही नामित सभी नोडल अधिकारियों से रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा। सीएमओ को बीसी के माध्यम से रिपोर्ट लेने को कहा।

इसके अलावा डीएम ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों के भुगतान व संचारी रोग के लिए प्रचार-प्रसार कर सही से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही संचारी रोगों की रोकथाम के लिए दवाओं का छिड़काव आदि करने के निर्देश दिए। बीसीपीएम शिवरामपुर रोहित अग्रवाल से कहा कि सही से कार्य न करने वाली आशाओं को कारण बताओं नोटिस जारी कर वेतन रोकें। डीएम ने सभी को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ शैलेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ तनवीर, डॉ एचसी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कार बाइक भिड़ंत में तीन घायल, सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार दोपहर रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां पेट्रोल पंप के पास कार व बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर एक की हालत नाजुक बनी हुई है। इस दौरान पूरा मामला पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। शहर जालौन रोड कुकर गांव के पास स्थित पेट्रोल सीएनजी पंप से निकल रही कार से एक बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक पर सवार तीन लोग उछलते हुए सड़क पर जा गिरे। मौजूद लोगों ने घायलों की पहचान सोबरन पुत्र परमेश्वर, पुष्पेंद्र पुत्र राम अवतार और अमित पुत्र राम अवतार के रूप में की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## संगठन को मजबूत करने पर सपा का जोर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

समाजवादी पार्टी कार्यालय में गुरुवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत करने और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने बूथों की मतदाता सूची का गहनतापूर्वक अध्ययन कर छूटे हुए व नए मतदाताओं के नाम जुड़वाएं। साथ ही आगामी पंचायत चुनाव के लिए डटकर कार्य करें। कहा कि पंचायत चुनाव के माध्यम से आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की भी तैयारियां शुरू करें।

कहा कि पीडीए पंचायत लगाने वाले कार्यकर्ताओं को जिला पंचायत चुनाव लडाया जाएगा। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा कि पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही पंचायत चुनाव लड़ाया जाएगा क्योंकि पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता ही विकास को निचले पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचाएंगे। लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार समाज में जाति और धर्म का जहर घोलकर पीडीए की एकता को विखंडित करने का कार्य कर रही है, लेकिन समाजवादी लोग लगातार समाज के बीच पहुंचकर भाजपा के इस दुष्प्रचार का पर्दाफाश करने का काम करेंगे। सपा नेता सूरज सिंह पटेल ने कहा कि आगामी 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना ही सबका लक्ष्य है। पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष लवलेश यादव ने कहा कि सपा पंचायत चुनाव मजबूती से लड़कर गांव से लेकर जिला पंचायत तक सरकार का गठन करने का काम करेगी। जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खान ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशियों को जिताने का काम करें। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पाण्डेय, महासचिव सत्य नारायण पटेल, अमर पटेल, अजय यादव, संतोष कोटार्य, राकेश प्रजापति, सीताराम कश्यप, तीरथ वर्मा, चंदन कोटार्य, रामकिशोर कुरील, रामनरेश अग्रहरि, डॉ अंकुर सिंह पटेल, उमाकांत यादव, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, कैलाश बौद्ध, जलाल खान, अमित यादव, संतोष कुशवाहा, त्रिभुवन यादव, मंगल सिंह यादव, विनय यादव, मोहन प्रजापति, राज सिंह, राजा यादव, संजय कोरी, धनंजय चंदेला आदि मौजूद रहे।

## उज्जैन के महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति बने डॉ शिवशंकर मिश्रा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




श्री लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में वरिष्ठ प्रोफेसर के पद पर कार्यरत जिले के मऊ तहसील क्षेत्र के कोटरा खांभा गांव निवासी डॉ शिवशंकर मिश्र को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन का चार वर्षों के लिए कुलपति नियुक्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्रवासियों में प्रसन्नता का माहौल है।

डॉ शिवशंकर मिश्र संस्कृत जगत के उत्कृष्ट मनीषी हैं। उन्होंने स्नातकोत्तर उपाधि में पांच स्वर्णपदक प्राप्त किए है तथा अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए महर्षि बादरायण व्यास सम्मान (राष्ट्रपति पुरस्कार), उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शंकर पुरस्कार, विशेष पुरस्कार, विविध पुरस्कार संस्कृत भूषण पुरस्कार, काशीविद्वद्भूषण पुरस्कार, शारदा काश्मीरपुरवासिनी पुरस्कार आदि से सम्मानित हो चुके है। वर्ष 1998 में वह उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से राजकीय महाविद्यालय दुद्धी सोनभद्र में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हुए थे। इसके बाद उन्होंने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऋषिकेश, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली आदि में शैक्षिक सेवा प्रदान की है। इसके साथ ही वह राजकीय महाविद्यालय खानपुर के प्राचार्य, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव, आदर्श संस्कृत महाविद्यालय मैनपुरी के चेयरमैन एवं कई विश्वविद्यालय के विविध प्रशासनिक पदों में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। डॉ मिश्र की 25 से अधिक पुस्तकें व 60 से अधिक शोध पत्र भी प्रकाशित हो चुके है। वह लगभग 10 पत्रिकाओं का सम्पादन भी कर रहे हैं। इसके अलावा वह लगभग नेशनल व इंटरनेशन सेमिनार में 80 से अधिक बाद विशिष्ट व्याख्यान भी दे चुके है।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में अवैध शराब के निर्माण व ब्रिकी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को 10 लीचर कच्ची व 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियान के तहत थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक योगेन्द्र बहादुर यादव व उनकी टीम आरक्षी दीपक सिंह व मृत्युंजय द्वारा आरोपी अर्जुन निवासी ग्राम प्रसिद्धपुर थाना पहाड़ी को 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ तथा थाना राजापुर के उपनिरीक्षक इमरान खान व उनकी टीम आरक्षी प्रकाश मिश्रा द्वारा आरोपी राहुल सोनकर निवासी नदी टोला बदौसा थाना बदौसा जनपद बांदा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा में बच्चों ने बहनों के लिए बनाए रक्षा सूत्र

**जन एक्सप्रेस । उरई**



रक्षाबंधन जैसे पवित्र पर्व को आत्मीयता और सृजनशीलता के साथ संजोने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा में एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी बहनों के लिए रक्षा सूत्र (राखी) स्वयं अपने हाथों से बनाए।विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपिन उपाध्याय ने जानकारी दी कि इस कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को रक्षाबंधन पर्व के सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपनी बहनों के लिए खुद रक्षा सूत्र बनाएं और यह बताएं कि इस बार की राखी उन्होंने अपने हाथों से स्नेहपूर्वक बनाई है। इससे भाई-बहन के रिश्ते में आत्मीयता और प्रेम की गहराई बढ़ेगी। विद्यालय की शिक्षिका सविता कुशवाहा ने बताया कि इस गतिविधि से बच्चों में न केवल रचनात्मकता और सामूहिकता की भावना का विकास हुआ, बल्कि उनमें आपसी प्रेम और सद्भाव का भाव भी प्रबल हुआ। वहीं शिक्षिका अन्नू गुप्ता ने बच्चों को विभिन्न प्रकार की राखियां बनाने में मार्गदर्शन दिया और रक्षाबंधन से जुड़ी कई रोचक एवं प्रेरणादायक कहानियाँ भी सुनाईं।रक्षा सूत्र निर्माण के दौरान बच्चों के चेहरे पर उल्लास और उत्साह देखते ही बनता था। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए एक रचनात्मक अभ्यास रहा, बल्कि उनके मन में भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों के प्रति सम्मान और समझ को भी प्रगाढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

## एआरटीओ उदित नारायण पाण्डेय को संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के रूप में कार्यरत जिले के मानिकपुर क्षेत्र के सकरौंहा गांव के निवासी डॉ उदित नारायण पाण्डेय को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत ÷विकसित भारत÷ विषय पर आयोजित कवि सम्मेलन में ÷कविव्रती÷ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली में संस्कृत सप्ताह के तहत विकसित भारत विषय पर आयोजित संस्कृत कवि सम्मेलन में राष्ट्र भक्ति गीत, कजरी और सड़क सुरक्षा गीत प्रस्तुत कर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। उनकी इस प्रस्तुति को उपस्थित श्रोताओं और विद्वानों ने खूब सराहा। उनकी इस प्रस्तुति पर संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य निवास बरखेड़ी ने डॉ. उदित नारायण पाण्डेय को प्रतिष्ठित ÷कविव्रती÷ पुरस्कार से सम्मानित किया। जिसके तहत उन्हें 21,000 रुपये की पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कविव्रती सम्मान मिलने पर डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में सड़क सुरक्षा एक अपरिहार्य तत्व है। सभी लोगों इन यातायात नियमों का पालन कर सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना होगा। सड़क हादसों से मानव सम्पदा की हानि होती है तथा देश को भी अपूर्णीय क्षति उठानी पड़ती है। जिसके प्रति उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से लोगों को जागरूकता संदेश दिया।

## लौना में मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह

**जन एक्सप्रेस । उरई**




कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा ग्राम लौना में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र के गृह वैज्ञानिक डॉ. राजकुमारी द्वारा संचालित किया गया। डॉ. राजकुमारी ने गाँव की महिलाओं को माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से स्तनपान के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्तनपान से शिशु को संपूर्ण पोषण मिलता है, जो उसके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक होता है। माँ का दूध नवजात के लिए पहला और सबसे सुरक्षित आहार है, जिससे संक्रमण की संभावना कम हो जाती है। नियमित स्तनपान कराने से माँ का भी स्वास्थ्य अच्छा रहता है और गर्भाशय जल्दी सामान्य हो जाता है। साथ ही, इससे महिलाओं में स्तन व गर्भाशय के कैंसर की संभावना भी कम होती है। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभव भी साझा किए। कई महिलाओं ने स्तनपान से जुड़ी अपनी भ्रांतियों और समस्याओं के बारे में सवाल पूछे जिनका डॉ. राजकुमारी ने सहजता से समाधान किया। अंत में डॉ. राजकुमारी ने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि वे स्तनपान को बढ़ावा दें और अपने आस-पास की महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित करें। यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि ग्राम की महिलाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ाया।

## जज्बा, जुनून व कानून की धार- जब युवा अधिवक्ता क्रांति किरण ने झूठे मुकदमे की बुनियाद हिला दी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

- **महिला को नोटिस, 4 हफ्ते में जवाब का आदेश, कोर्ट में सामने आया अधूरा सच**

बहिलपुरवा गांव की एक महिला द्वारा रेलवे कर्मचारी सुरेश पर लगाए गए सनसनीखेज आरोपों ने जिले भर में हलचल मचा दी थी। महिला ने 21 जुलाई 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि सुरेश ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया, गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात कराया और नसबंदी तक करवा दी। इतना ही नहीं, कथित तौर पर महिला को अपने घर में पत्नी बनाकर रखा और फिर मारपीट कर घर से बाहर कर दिया।

महिला की ओर से दर्ज एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 69, 89 और 115(2) के तहत गंभीर धाराएं लगाई गई थीं। लेकिन जैसे ही मामला हाईकोर्ट की दहलीज पर पहुंचा, युवा अधिवक्ता क्रांति किरण पांडेय ने कानून की धार से पूरी कहानी को नया मोड़ दे दिया। उन्होंने डिवीजन बेंच के समक्ष बेबाकी से बताया कि दोनों ही पक्ष पहले से विवाहित हैं, दोनों के अपने-अपने बच्चे हैं और यह पूरा मामला व्यक्तिगत स्वार्थ, छल और आपसी धोखे की उपज है। अधिवक्ता की सटीक कानूनी रणनीति और दमदार दलीलों ने अदालत को सोचने पर मजबूर कर दिया। परिणामस्वरूप, माननीय हाईकोर्ट ने दिनांक 06 अगस्त को महिला को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया, साथ ही दो सप्ताह में प्रत्युत्तर (रिजोइंडर) का समय देते हुए मामले पर स्टे (स्थगन आदेश) दे दिया। युवा अधिवक्ता क्रांति किरण पांडेय की इस प्रभावशाली पैरवी ने न केवल न्याय के तराजू को संतुलित किया, बल्कि झूठ के किले की नींव हिला दी।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश में चला विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी व जन जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



दिन गुरुवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में थाना AHTU, SJPU, चाइल्ड हेल्प लाइन बांदा, ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान चित्रकूट एवं साथी यू.पी. संस्था की संयुक्त टीम द्वारा बस स्टैंड बांदा पर बस में सफर कर रहे यात्रियों एवं बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम/बाल भिक्षावृत्ति, बच्चा चोरी, जहर खुरानी तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबर 112, 1098, 1090, 181 आदि के संबंध में जागरूक किया गया। यात्रियों को पंपलेट के माध्यम से बाल विवाह न करने एवं गांव/मोहल्ले में यदि कोई बाल विवाह हो रहा हो तो इसकी सूचना सरकारी हेल्पलाइन नंबर अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सूचित करने की सलाह दी।बच्चों के साथ सफर कर रहे यात्रियों को बच्चों को अपने पास रखने एवं अनजान व्यक्ति द्वारा दी गई किसी भी सामग्री को ना खाने की सलाह दी गई। स्टेशन रोड पर मौजूद दुकान/होटल की चेकिंग की गई,चेकिंग के दौरान दुकानदारों को 18 वर्ष से कम आयु वाले बालकों को सिगरेट,बीड़ी, गुटका,तम्बाकू आदि नशीले पदार्थ न बेचने हेतु निर्देशित किया गया। आसपास के दुकानदारों एवं आम जनमानस को बच्चों (18 वर्ष से कम आयु) से बाल श्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया एवं हिदायत दी गई कि यदि कोई व्यक्ति/दुकानदार बच्चों से बाल श्रम करते हुए पाया गया तो उपरोक्त व्यक्ति/दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान SJPU कार्यालय से निरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, महिला आरक्षी प्रियंका चौधरी थाना AHTU से उप निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत यादव, चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा से आकाश यादव, ग्रामीण विकास परंपरा संस्थान चित्रकूट से शिवम यादव, साथी यू.पी. संस्था से प्रमोद तिवारी आदि अधिकारी/कर्मचारी एवं संस्थान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अवैध खनन द्वारा अर्जित संपत्ति पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में की कुर्क

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



अपराधियों एवं माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा अवैध खनन कर सरकार को राजस्व क्षति पहुँचाने वाले गिरोह के 02 सदस्यों (पिता-पुत्र) की अपराध में संलिप्त रहकर अर्जित की गई 36.75 लाख रुपये की सम्पत्ति को किया गया कुर्क।प्रकरण में पूर्व में 03 अन्य अभियुक्तों की 85.71 लाख रुपये की संपत्ति को किया गया था कुर्क।प्रदेश में माफियाओं व मोरम का अवैध खनन कर सरकार को राजस्व की क्षति पहुँचाने वाले अभियुक्तों पर कड़ी कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से मोरम का खनन कर सम्पति का अर्जन करने तथा सरकार को राजस्व की क्षति पहुँचाने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में दिनांक 6 अगस्त को बांदा पुलिस द्वारा जनपद फतेहपुर के थाना हुसैनगंज क्षेत्र के 2 अभियुक्तों की अपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की गई लगभग 36.75 लाख रुपए की अवैध सम्पत्ति को कुर्क किया गया है।गौरतलब हो कि अभियुक्त गिरोह बनाकर मोरम का अवैध खनन एवं परिवहन कर सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व की क्षति पहुँचायी जा रही थी।

इस संबंध में थाना पैलानी पर मु0अ0सं0166/2021 धारा 379/411 भादवि व 4/21 खनिज अधिनियम पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों द्वारा लगातार समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से धन अर्जन किया जा रहा था।अभियुक्तों की लगातार आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस द्वारा थाना पैलानी पर मु0अ0सं0 04/24 धारा 2/3 उ0 प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 पंजीकृत करते हुए गैंग चार्ट तैयार की गई थी।जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना पैलानी सुखराम सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही थी। इसी क्रम में 2 अभियुक्तों 1-विवेक सिंह सेंगर पुत्र संतोष कुमार व 2-संतोष कुमार पुत्र रामसोहावन नि0 बेरा गढीवा थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर की आपराधिक कृत्यों द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई सम्पत्ति की पहचान कर कुर्की हेतु न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजी गई थी। न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट बांदा द्वारा अवैध रुप से अर्जित संपत्ति की कुर्की के संबंध में आदेश निर्गत किए गए थे।

गैंगस्टर एक्ट की 14(1) के तहत कार्यवाही करते हुए। दिनांक 6अगस्त को दोनों अभियुक्तों की कुल 36 लाख 75 हजार की संपत्ति को कुर्क किया गया है। बता दें कि इसी अभियोग में दिनांक 01.06.2025 को 03 अभियुक्तों 1-मो0 रजा हुसैन पुत्र इसरार अली निवासी मोहल्ला शेखन कस्बा व थाना ललौली जनपद फतेहपुर, 2-हलीम खान पुत्र घुरु खान निवासी सलीहाबाद थाना ललौली जनपद फतेहपुर व 3-मोहम्मद शेखू खान पुत्र घुरु खान निवासी ग्राम सलीहाबाबा थाना ललौली जनपद फतेहपुर,की अवैध रुप से अर्जित की गई 85 लाख 71 हजार 500 रुपये की सम्पत्ति को कुर्क किया गया था।



### ईडी बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता...

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई... पढ़ें पेज 12 पर...

# निलंबित आईएएस अभिषेक के दलाल के घर ईडी का छापा

## लखनऊ, मेरठ, नोएडा के ठिकानों पर रेड, धोखाधड़ी और रिश्वतखोरी में जेल में है

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश सिंह के दलाल निकांत जैन के 3 ठिकानों पर गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापा मारा। जैन के लखनऊ स्थित आवास, मेरठ और नोएडा के ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई हुई। जैन रिश्वतखोरी और बैंक से 4 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में जेल में है। ईडी को आज की कार्रवाई में खातों की डिटेल हासिल हुई है। वहीं, उसके साथी होटल मालिक राजेंदर सिंह और सौरभ सेठ के घर भी ईडी की टीम पहुंची है। वहां दोनों से पूछताछ की जा रही है। निकांत जैन को 20 मार्च को यूपी स्ञ्चस्न ने रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोप था कि वह आईएएस अधिकारी के नाम पर इन्वेस्टर्स से काम करवाने के एवज में रिश्वत लेता था। इस मामले में गोमती नगर थाने में केस दर्ज है और 1600 पन्नों की चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। हालांकि, कोर्ट से उसे जमानत मिल गई थी, लेकिन दूसरी एफआईआर के चलते वह जेल से रिहा नहीं हो सका।



### होटल के मालिक के घर भी पहुंची ईडी

होटल गोल्डन ब्लॉसम के ओनर राजेंदर सिंह के घर भी ईडी पहुंची है। सूचना है कि निकांत इन्हीं के होटल में अधिकारियों को ठहराता था। वहीं, निकांत के साथी सौरभ सेठ के घर भी ईडी पहुंची हुई है। सूत्रों ने बताया है निकांत जैन के खाते से आईएएस अधिकारियों के खातों में लेनदेन मिला है।

### इंडियन बैंक से 4 करोड़ के लोन घोटाले में दर्ज हुई नई एफआईआर

लखनऊ के विशालखंड निवासी निकांत जैन, उनके भाई सुकांत जैन और वैशाली जैन के खिलाफ इंडियन बैंक की शिकायत पर हजरतगंज कोतवाली में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बैंक के शाखा प्रबंधक आशीष जिंदल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में जैन परिवार पर चार करोड़ रुपए के लोन में धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप लगाए गए हैं। निकांत और उनके परिजनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 409 (आपराधिक न्यासभंग), 420 (धोखाधड़ी), और 465 (जालसाजी) के तहत मामला दर्ज हुआ है। ये सभी धाराएं गैर-जमानती और संगीन अपराधों की श्रेणी में आती हैं।

### लगातार कानूनी शिकंजे में फंसता जा रहा है निकांत जैन

निकांत जैन पर पहले से ही कई गंभीर मामले दर्ज हैं। अब श्वष्ठ की छापेमारी से उनके खिलाफ चल रही जांच को और बल मिला है। जांच एजेंसियां इस बात की भी पड़ताल कर रही हैं कि लोन और रिश्वत के मामलों में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# पीड़िता सरिता देवी की करुण पुकार बनी न्याय की चिंगारी, इंस्पेक्टर अनुज की फुर्ती से जगी उम्मीद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**निगोहां।** जुल्म की अंधेरी रातों में जब कोई भी सुनवाई नहीं होती, तब एक आवाज़ उठती है–जन एक्सप्रेस की। और यही हुआ सरिता देवी के मामले में। ग्राम मीरानपुर की सरिता देवी, पुत्री रामसागर, जो 29 जुलाई की शाम करीब 4 बजे अपने ही गांव के दबंगों–सुभाष, कल्लू, करन पुत्रगण लक्ष्मीनारायण–के द्वारा किए गए हमले का शिकार बनीं। दरवाजे पर चढ़कर गालियाँ दी गईं, जान से मारने की धमकी दी गई, और जब विरोध किया तो धक्कामुक्की और मारपीट तक की नौबत आ गई। घटना के बाद डर और दर्द से कांपती सरिता कई दिन तक चुप रही। बदन पर पड़े ज़ख्मों से ज़्यादा गहरे थे भीतर के घाव, जो प्रशासन की उदासीनता से रिसते रहे। लेकिन फिर उसने एक उम्मीद की ओर देखा–जन एक्सप्रेस। हमने न केवल उसकी बात सुनी, बल्कि उसकी लड़ाई को अपनी आवाज़ दी। और इस आवाज़ की गूंज दूर तक गई। निगोहां के थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने तत्काल प्रभाव से तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर साबित किया कि संवेदनशीलता और कर्तव्यपरायणता आज भी वर्दी में सांस ले रही है।




### जन एक्सप्रेस की कलम थमेगी नहीं, झुकेगी नहीं

जब तक गांव-गिरांव की हर सरिता, हर गुहार और हर चीख को न्याय नहीं मिलेगा, जन एक्सप्रेस की लड़ाई जारी रहेगी।

### न्याय की पहली ईंट रख दी गई है अब इमारत खड़ी करनी है

सरिता देवी की आंखों में अब सिर्फ आँसू नहीं, उम्मीद की चमक भी है। उसका विश्वास लौटा है न्याय मर नहीं गया है, बस सो रहा था। लेकिन अब सवाल उठता है क्या यही तत्परता हर पीड़ित के लिए दिखाई जाएगी? क्या बाकी सरिताओं को भी ऐसे ही इंसाफ मिलेगा?

### जनता की निगाहें अब प्रशासन पर टिकी हैं

एक एफआईआर से न सिर्फ एक महिला को हिम्मत मिली, बल्कि बाकी पीड़ितों को भी आशा मिली है कि अगर आवाज़ उठाई जाए, तो व्यवस्था भी जागती है।

## हज यात्रा 2026 : नहीं बढ़ी आवेदन की अंतिम तिथि, खत्म हुई प्रक्रिया, प्रदेश से आए 20 हजार से ज्यादा आवेदन



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

हज के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बृहस्पतिवार को खत्म हो गई। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने अंतिम तिथि आगे नहीं बढ़ाई है। ऐसे में हज कमेटी की वेबसाइट पर रात 12 बजे हज पंजीकरण पर ब्रेक लग गया। प्रदेशभर से अब तक 20 हजार से अधिक आजमीन ने पंजीकरण किया है। सभी आवेदकों का हज के लिए चयनित होना तय माना जा रहा है। हज कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से हज-2026 की घोषणा के बाद बीती 7 जुलाई से हज कमेटी की वेबसाइट और हज सुविधा एप पर ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे थे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक प्रदेशभर से मात्र 16241 पंजीकरण हुए थे। आवेदन की सुस्ती को देखते हुए हज कमेटी ऑफ इंडिया ने अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 7 अगस्त कर दी थी। राज्य हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि तक प्रदेशभर से 20 हजार से अधिक पंजीकरण हुए हैं। आवेदनों की फीडिंग का काम तेजी से किया जा रहा है। सभी आवेदकों का हज के लिए चयनित होने की पूरी संभावना है। हज के लिए चयनित होने के बाद आवेदकों को पेशगी के तौर पर 152300 रुपये जमा कराने होंगे।

# ट्रंप का भारत पर टैरिफ लगाना विश्वासघाती व देश को कमजोर करने वाला : मायावती

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाना विश्वासघाती और देश को कमजोर करने वाला कदम है। इससे पैदा हुए हालात से निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखाते हुए राजनीतिक स्वार्थ और संकीर्णता से ऊपर उठकर काम करना होगा। मायावती ने बयान जारी कर कहा कि ब्रिक्स देश ब्राजील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ (शुल्क) लगाकर अमेरिका ने जो भारत को आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी बताया है, किन्तु देश की जनता डोनाल्ड ट्रम्प का मित्र देश भारत के प्रति इसे प्रथमदृष्ट्या विश्वासघाती एवं देश को कमज़ोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है, जिससे निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखाते हुये राजनीतिक स्वार्थ, संकीर्णता, मतभेद एवं द्वेष आदि से ऊपर उठकर, दीर्घकालीन रणनीति के तहत, देश में पूरे अमन-चैन और कानून व्यवस्था के अच्छे माहौल के साथ पूरी मुस्तैदी से कार्य करना जरूरी है। देश के सामने आई इस बड़ी चुनौती पर गंभीर चिन्तन के लिए संबंधित विषय पर वर्तमान संसद सत्र में चर्चा हो तो यह जन व देशहित में बेहतर होगा किन्तु केन्द्र व राज्य सरकारें अगर आन्तरिक संकीर्ण मुद्दों में ही अधिकतर उलझी रहेंगी तो यह कैसे संभव हो पायेगा? वैसे इस बारे में यहां उल्लेखनीय है कि बसपा की राजनीति हमेशा से देश के मानवतावादी संविधान की मंशा के मुताबिक ÷सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय÷ की रही है, किन्तु यहां देश में केन्द्र व राज्य सरकारों के बीच आपसी अविश्वास के कारण जो राजनीतिक टकराव और खींचतान आदि लगातार बनी हुई है वह अब समाप्त होना चाहिए, यही व्यापक जन व देशहित में है।



# यूपी में इलेक्ट्रॉनिक्स के बाद सबसे ज्यादा मीट का निर्यात, अब अमेरिकी टैरिफ गंभीर झटका

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश से पिछले वित्त वर्ष में करीब 47 हजार करोड़ के इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात किया गया जबकि करीब 20 हजार करोड़ का मीट विदेश भेजा गया। तीसरे नंबर पर टेक्सटाइल है, जबकि पिछले साल 15 हजार करोड़ के रेडिमेड का निर्यात किया गया। जेम्स व ज्वैलरी में भी यूपी ने कदम रखे हैं और एक वर्ष में 4500 करोड़ से ज्यादा का निर्यात किया है। प्रदेश के पारंपरिक उद्योग जैसे फुटवियर, लेदर उत्पाद, कालीन उद्योग, धातु के बर्तन व शिल्पकारी उद्योग ने शीर्ष 10 निर्यात होने वाले उत्पादों में जगह बरकरार रखी है। इन तीन कमोडिटी से ही सालाना 20 हजार करोड़ से ज्यादा का निर्यात हो रहा है। फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट (फियो) की यूपी रिपोर्ट के मुताबिक यूपी के शीर्ष 10 में से 9 सेक्टरों में सकारात्मक ग्रोथ दर्ज की गई है। इसमें एक जिला एक उत्पाद, फ्रेट कॉरिडोर और लाजिस्टिक्स पार्क जैसी पहल की अहम भूमिका रही है। मीट निर्यात पिछले एक साल में 1500 करोड़ ज्यादा हुआ है। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने अमेरिकी टैरिफ पर कहा कि यह निर्यात के लिए गंभीर झटका है। अमेरिकी बाजार में हमारे लगभग 55त्न शिपमेंट सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। 50 फीसदी टैरिफ से लागत का बोझ बढ़ेगा। निर्यातकों को कम पारस्परिक टैरिफ वाले देशों के प्रतिस्पर्धियों की तुलना में 30-35 फीसदी नुकसान होगा। कई आर्डर पहले ही रोक दिए गए हैं।



### यूपी से अमेरिका को 3000 करोड़ का ज्यादा निर्यात

यूपी से अमेरिका यूके, जर्मनी, नेपाल, आस्ट्रिया, फ्रांस, नीदरलैंड, स्पेन आदि देशों को होने वाले निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई है। वर्ष 23-24 की तुलना में वर्ष 24-25 में अमेरिका को होने वाला निर्यात 32490 करोड़ से बढ़कर 35545 करोड़ रुपये हो गया। यानी करीब 3000 करोड़ की वृद्धि हुई है। इसी तरह यूके का निर्यात 9822 करोड़ से बढ़कर 12385 करोड़, जर्मनी का 8646 करोड़ से बढ़कर 9763 करोड़, नेपाल का 8661 करोड़ से बढ़र 9433 करोड़ हो गया। यही स्थिति अन्य देशों की है।

# जदयू की बैठक में बाढ़ पीड़ितों तक तुरंत सहायता पहुचाने का निर्णय

- पंचायत और विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी जदयू-अनूप
- बैठक में पार्टियों की नीतियों, कार्यक्रम में तथा आने वाले चुनावों पर चर्चा की गई

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल की अध्यक्षता हुई। बैठक में पार्टियों की नीतियों, कार्यक्रम में तथा आने वाले चुनावों पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तथा आगामी विधानसभा चुनाव जनता दल यूनाइटेड मजबूती से लड़ेगी। इसके लिए प्रभारियों, जिला अध्यक्षों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए एवं युद्ध अस्तर पर जुड़ जाने का आवाहन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है बाढ़ से प्रभावित इलाकों में जनता को राहत सामग्री बंटवाने का काम करे। जहां राशन सामग्री नहीं पहुंच रही है, प्रशासन पर दबाव डाल कर जनता को राहत पहुंचाने में जुट जाए। बैठक में उपाध्यक्ष ममता सिंह, रजनीश पटेल, शैलेन्द्र गहरवार, महासचिव भैया हरि शंकर, सुभाष पाठक ,विपिन विनोद, संजय कुमार सिंह, विजेंद्र निशंक,अभिषेक राय, प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर केके त्रिपाठी, अजय राय, दिवाकर सिंह, कार्यालय प्रभारी औपी वर्मा, अजीत कुमार त्रिपाठी, द्वारिका प्रसाद चौधरी, परवीन चौधरी,रामानुज शर्मा दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय धनगर, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय, पवन गुप्ता व्यापार प्रकोष्ठ, मनीष श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष लखनऊ, मंजर अब्बास महानगर अध्यक्ष लखनऊ, विपिन चौधरी जिला अध्यक्ष रायबरेली, निरंजन सिंह जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद आदि मुख्य रूप

## प्रदेश के पूर्वी-दक्षिणी और तराई के 39 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट, जारी हुआ पूर्वानुमान



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के तराई और दक्षिणी इलाकों में घनघोर बारिश का सिलसिला जारी है। प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट समेत 24 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और कई जिलों में जलभराव की स्थिति से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए प्रदेश के विंध्य क्षेत्र, तराई और पूर्वांचल के 39 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बृहस्पतिवार को तराई के बहराइच में सर्वाधिक 71 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं लखनऊ में 59 मिमी बरसात हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बांग्लादेश के ऊपर और बंगाल की खाड़ी में वेदर सिस्टम की सक्रियता बढ़ने से प्रदेश के विभिन्न इलाकों में फिलहाल रुक रुक कर बारिश होती रहेगी।

### इन जिलों में है भारी बारिश की चेतावनी

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, सहारनपुर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा व आसपास के इलाकों में।

# अवध में बाढ़ और बारिश मचा रही तबाही, चार की मौत, गांवों में जलभराव से लोग पलायन को मजबूर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अवध क्षेत्र में बाढ़ ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। बुधवार को बहराइच, श्रावस्ती और बाराबंकी में बुरा हाल रहा। गांवों में पानी भरने से लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं। संपर्क मार्गों में पानी भर गया है। श्रावस्ती के दुबकला में बुधवार सुबह मिट्टी की दीवार के नीचे दबकर दिवांश (8) की मौत हो गई। यहीं के ग्राम पंचायत नासिरगंज में मोहम्मद शमी (5) व मारुफ (7) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। अमेठी के ककवा गांव में मंगलवार रात कच्चे मकान की दीवार गिरने से हरिकेश वर्मा के तीन वर्षीय बेटे युग ने दम तोड़ दिया। सीतापुर के नैमिषारण्य में गोमती उफान पर है। राजघाट व दशाश्वमेध घाट डूब गए हैं। शारदा और सरयू भी उफान पर हैं। 25 गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। श्रावस्ती में राप्ती नदी ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। जमुनहा तहसील क्षेत्र के छह गांवों में पानी भर गया है। बलरामपुर में राप्ती नदी का जलस्तर बुधवार को चेतावनी बिंदु को पार कर 104.010 मीटर तक पहुंच गया। इससे 110 गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। गोंडा में सरयू नदी खतरे के निशान से 43 सेंटीमीटर ऊपर 106.500 पर पहुंच गई है। बहराइच में सरयू एल्गिन ब्रिज पर खतरे के निशान से 40 सेमी पर है। 33 गांवों में पानी घुस गया है।



# राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में विकास कार्य जारी

- 4 करोड़ 29 लाख से पश्चिम विधानसभा में हुए विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

केंद्रीय रक्षा मंत्री लखनऊ सांसद मा0 राजनाथ सिंह की प्रेरणा से लखनऊ पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगभग 4 करोड़ 29 लाख से हुए विभिन्न मार्गो और विकास कार्यों का लोकार्पण मुख्य अतिथि मा0 वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना , विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता, चेयरमैन फिक्की उ0 प्र0 नीरज सिंह,महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी,सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा व अंजनी श्रीवास्तव द्वारा राज गार्डन, राजाजीपुरम में संपन्न हुआ।राजाजीपुरम में बाबा की बगिया से डेसिमल पार्क होते हुए घंटेश्वर मंदिर से सेठी क्लिनिक की ओर, सोनापुरम रेलवे क्रॉसिंग से राजकुमार चिल्ड्रन एकेडमी तक हनुमान मंदिर के पीछे से अंजना साहू के अस्पताल तक, राम जानकी गेस्ट हाउस से प्रमोद सिंह के मकान की ओर राम विहार कॉलोनी में श्री अनिल मौर्य के घर से संजीव सिंह के मकान होते हुए पुष्कर सिंह के मकान तक, शीतल पुरम में चंद्रभान सिंह के मकान से उत्सव मैरिज लॉन होते हुए अखंड प्रताप सिंह के मकान होते हुए कृष्णा पब्लिक स्कूल तक मरम्मत कार्य और डॉक्टर सुनील के मकान से कृष्णा पब्लिक स्कूल तक सड़क निर्माण व पुराने थाने से आवासीय स्कूल तक सड़क निर्माण कार्यों का लोकार्पण हुआ।मंत्री सुरेश खन्ना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में अनगिनित विकास कार्य हुए हैं। लखनऊ को जाम से राहत दिलाने के लिए रिंग रोड सहित अनेको ओवरब्रिज की सौगात मिली है। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हुआ है और लगभग हर पार्क में ओपन जिम लग चुके हैं। नीरज सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री जी के प्रयासों से 38 करोड़ की लागत से पांचो विधानसभा में एक-एक सामुदायिक केंद्र का सीएसआर फंड से निर्माण कराया जा रहा है। सांसद निधि से पिछले वर्ष 2 करोड़ 17 लाख की लागत से कल 23 सड़कों का निर्माण कराया गया। मुख्यमंत्री तुरंत योजना से लगभग 4597 लाख लागत की 177 के निर्माण हेतु प्रस्तावित की गई थी जिसमें पश्चिम विधानसभा में भी अनेकों निर्माण कार्य हुए। पिछले दो वर्षों में पश्चिम विधानसभा में लगभग 1376 सड़कों का निर्माण हुआ और बड़ी संख्या में ओपन जिम लगाए गए। आलमनगर रेलवे स्टेशन का सैटेलाइट स्टेशन के रूप में अपग्रेड कर दिया गया है और उसका नामकरण बुद्धेश्वर धाम किया जाएगा।

# गृह मंत्री अमित शाह से मिले यूपी के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, ऐतिहासिक कार्यकाल की बधाई दी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को उनके ऐतिहासिक 2,259 दिन के सफल और सतत गृहमंत्री कार्यकाल पर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मुजफ्फरनगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने दिल्ली में भेंट कर शुभकामनाएं और बधाई दी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अमित शाह ने अपने गृहमंत्री कार्यकाल में जो ऐतिहासिक निर्णय लिए, वे भारत की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के इतिहास में मील का पत्थर हैं। अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के माध्यम से जम्मू-कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ना हो या आतंकवाद, नक्सलवाद एवं संगठित अपराध पर निर्णायक प्रहार करना, हर मोर्चे पर उनका नेतृत्व मजबूत, स्पष्ट और राष्ट्रहित में रहा है। उन्होंने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा को लेकर गृहमंत्री की सोच और कार्यप्रणाली ने देश की सुरक्षा नीति को नई दिशा दी है। आधुनिक खुफिया ढांचे का विकास, सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करना और आंतरिक समन्वय तंत्र को सशक्त बनाना उनकी दूरदर्शी रणनीति का परिचायक है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह न केवल एक कुशल प्रशासक हैं, बल्कि वे करोड़ों देशवासियों और कार्यकर्ताओं के लिए आदर्श भी हैं। उनका राष्ट्र के प्रति समर्पण, तेज निर्णय क्षमता और संगठनात्मक नेतृत्व आज के भारत को एकजुट, सुरक्षित और आत्मविश्वासी बनाने में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उन्होंने गृह मंत्रालय को केवल एक प्रशासनिक विभाग नहीं, बल्कि राष्ट्र की धड़कन बनाने का कार्य किया है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि देश को अमित शाह जैसे दूरदर्शी, निष्ठावान और राष्ट्रप्रथम भाव रखने वाले नेता पर गर्व है। उनका यह ऐतिहासिक कार्यकाल केवल एक संख्या नहीं, बल्कि भारत की सुरक्षा, संप्रभुता और एकता की गाथा है। हम सब उनके नेतृत्व से प्रेरणा लेकर भारत को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## यूपी कैबिनेट बैठक : 18 प्रस्तावों पर लगी मुहर, अटल बिहारी वाजपेयी छात्रवृति योजना को मिली मंजूरी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी कैबिनेट की बैठक सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सभी कैबिनेट और राज्यमंत्री मौजूद रहे। इस बैठक नव नियुक्त मुख्य सचिव एसपी गोयल शामिल हुए। बैठक में बाढ़ के हालातों पर विशेष चर्चा हुई। इस बैठक में 19 प्रस्ताव रखे गए। इसमें से 18 पर मुहर लगी। इस बैठक भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी- चिवनिंग उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना पर मुहर लगी। इस योजना के तहत पांच बच्चों को यूके पर पढ़ाई के लिए खर्च उठाने का प्रावधान है।

# सिंहपुर सीएचसी में चार दिन के भीतर दो नवजातों की मौत, स्टाफ की लापरवाही पर उठे सवाल, सीएमओ ने जांच का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जनपद के सिंहपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकबार फिर लापरवाही के आरोपों के घेरे में आ गया है।बीते चार दिनों के भीतर दो नवजात शिशुओं की मौत ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों ने स्टाफ की लापरवाही को इन मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है।पूर्व में भी कई प्रसव मामलों में स्टाफ नर्सों द्वारा अभद्रता, अनदेखी और समय पर मौजूद न रहने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। पीड़ित परिवारों ने मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत भी दी थी, लेकिन आज तक दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सीएचसी में तैनात चार स्टाफ नर्सों की 12 घंटे की ड्यूटी होती है, लेकिन वे अक्सर प्रसव कक्ष में उपस्थित नहीं रहतीं। नर्सें अधिकतर समय अपने कमरों में आराम करती हैं,जबकि प्रसव के लिए आई महिलाओं को कुछ प्राइवेट आठवीं पास महिलाओं के हवाले छोड़ दिया जाता है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन अनाधिकृत महिलाओं से प्रसव कराना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि जानलेवा भी सिद्ध हो रहा है।जब कोई गर्भवती महिला अस्पताल पहुंचती है,तो सबसे पहले वही प्राइवेट महिलाएं उसे देखती हैं। स्टाफ नर्सों को तभी बुलाया जाता है जब स्थिति बिगड़ने लगती है। इस पूरे मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सीएचसी में किसी भी बाहरी व्यक्ति को रखना पूर्णतया प्रतिबंधित है। स्टाफ नर्सों को ड्यूटी पर उपस्थित रहकर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को हुए प्रसव में लापरवाही की सूचना मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी, और दोषी पाए जाने पर संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लगातार हो रही घटनाओं से आमजन में गंभीर आक्रोश है।लोगों ने मांग की है कि इस प्रकार की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए और लापरवाह स्टाफ को निर्लंबित कर उनके स्थान पर जिम्मेदार कर्मचारियों की तैनाती की जाए।

# पहली बारिश में ही धंसा अटल बिहारी नलकूप, विकास कार्यों की खुली पोल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जनपद के विकास खंड सिंहपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुकहारामपुर में लाखों रुपये की लागत से बना अटल बिहारी बाजपेयी नलकूप पहली ही बारिश में छत सहित जमीन में धंस गया। यह घटना ग्रामीणों के लिए हैरानी और चिंता का विषय बन गई है। नलकूप की पूरी संरचना मिट्टी में समा गई, जिससे इसके निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यह नलकूप सरकारी योजना के अंतर्गत किसानों की सिंचाई सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया गया था। लेकिन पहली ही बरसात में इसका जमींदोज हो जाना यह दर्शाता है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं बरती गईं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। और जिम्मेदार अधिकारियों ने भी निर्माण के समय कोई निगरानी नहीं की।

घटना के बाद से ग्रामीणों में नाराजगी है।उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच होती, तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। इस मामले में अभी तक किसी अधिकारी या विभागीय प्रतिनिधि की ओर से प्रतिक्रिया नहीं आई है।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस लापरवाही पर क्या कदम उठाता है।और जिम्मेदारों को कब तक जवाबदेह बनाया जाता है।

# क्षतिग्रस्त भवनों में खाद व बीज सुरक्षित रखना कठिन

- खाद व बीज उपलब्ध कराने के लिए स्थापित साधन सहकारी समितियां की स्थिति खराब

**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल, अमेठी**



किसानों को समय से खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए स्थापित साधन सहकारी समितियों की स्थिति खराब देखी जा रही है। क्षेत्र के कई साधन सहकारी समितियों के भवन जर्जर हो चुके हैं। जर्जर और क्षतिग्रस्त भवनों में खाद और बीज को सुरक्षित रखना कठिन हो गया है। इससे कर्मचारी और किसान सभी परेशान हैं। न्याय पंचायतों में दशक पूर्व साधन सहकारी समितियों के भवनों का निर्माण कराया गया था। उपेक्षा व उचित रख-रखाव के अभाव में वर्तमान में यह भवन जर्जर हालत में पहुंच गए हैं। बरसात में तो छत से पानी टपकने के कारण सचिव और अन्य कर्मचारियों को काफी दुर्दशा झेलनी पड़ती है। सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्था नहीं होने से समय से पूर्व मिल रही खाद की उठान करने से भी समितियों के सचिव कतराते हैं। इससे किसानों को समस्या झेलनी पड़ती है।बानगी तौर पर अब्दुल्ला बाहरपुर सहकारी समिति के बिना छत के दो कमरे बाहर की दीवारों में पड़ी दरारें देखी जा रही है। कर्मचारी अंदर बैठने से डरते है। ब्लाक में स्थापित नौ साधन सहकारी समितियों के एक तिहाई भवन ढहने के कगार पर देखे जा रहे हैं।

## क्या बोले सचिव व किसान

उक्त संबंध में स्थानीय सचिव व किसानों से बात साझा की गई बताया कि सरकार समितियों की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। बरसात में छत से पानी टपकता है। बारिश के मौसम में खाद किसी तरह वितरण किया जाता है। जर्जर व क्षतिग्रस्त भवनो में खाद व बीज को सुरक्षित रखना कठिन हो जाता है।

उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया है। वहीं किसानों का कहना है जर्जर गोदामो के अंदर जाने में भय सा लगता है। खाद लेते समय छत की तरफ नजर टिकी रहती है। न्याय पंचायत की जर्जर सहकारी समितियां को किसानों द्वारा मरम्मत करने जाने की मांग की है।

# निरीक्षण टीम ने किया तिलोई मेडिकल कॉलेज का मूल्यांकन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

तिलोई स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण चिकित्सा शिक्षा विभाग की दो सदस्यीय टीम ने किया।यह निरीक्षण एमबीबीएस सत्र 2025-26 के लिए अस्थाई संबद्धता के उद्देश्य से किया गया।निरीक्षण टीम में गाजीपुर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आनंद मिश्रा और सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज की पैथोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. सुपर्णा दुबे शामिल रहीं।टीम ने मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की उपलब्धता, मानव संसाधन बुनियादी ढांचे, चिकित्सा उपकरणों और सुविधाओं की गहन जांच की। मेडिकल कॉलेज फिलहाल यह मेडिकल कॉलेज अस्थायी रूप से 200 बेड वाले जिला रेफरल अस्पताल परिसर में संचालित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान टीम ने कॉलेज के विभिन्न विभागों का दौरा किया और निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया।

# प्राकृतिक चिकित्सा की ओर लौटता अमेठी, श्रीश आयुर्वेदिक एवं एक्यूप्रेशर हेल्थ सेंटर' का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बदलती जीवनशैली, भागदौड़ और तनाव भरे माहौल में जब लोग एलोपैथिक दवाओं के दुष्प्रभावों से थक चुके हैं, तब अमेठी को प्राकृतिक चिकित्सा का एक नया केंद्र मिलने जा रहा है। गुरुवार सुबह बजरंग नगर स्थित रामलखन मैरिज लॉन के निकट एक नई उम्मीद के रूप में श्रीश आयुर्वेदिक एवं एक्यूप्रेशर हेल्थ सेंटर का शुभारंभ हुआ। इस सेंटर की शुरुआत न सिर्फ इलाज का एक वैकल्पिक माध्यम है, बल्कि यह उन सभी लोगों के लिए राहत की खबर है जो वर्षों से पुरानी बीमारियों से जूझ रहे हैं। और निरंतर दवाएं बदलते-बदलते थक चुके हैं। यह केंद्र अमूल्य हर्ब्स के सहयोग से शुरू किया गया है, जो आयुर्वेद और एक्यूप्रेशर जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का उद्देश्य लेकर आया है।इस हेल्थ सेंटर की सबसे खास बात यह है कि यहाँ पर मात्र पांच सौ रुपए में पूरे शरीर की जांच कराई जा सकती है। वह भी बिना किसी खून की जरूरत के। सेंटर में अत्याधुनिक कंप्यूटराइज्ड मैग्नेटिक मशीन द्वारा शरीर के प्रमुख अंगों की 36 प्रकार की जांच की जाती है। जिनमें मस्तिष्क, हृदय, फेफड़े, जिगर किडनी, आंतें, थायराइड, नसें और हड्डियों की समस्याएं प्रमुख हैं। दिल्ली से पधारे अनुभवी आयुर्वेदाचार्य डॉ. जी. एन. शर्मा की विशेषज्ञता में इस सेंटर में सेवाएं मिलेंगी। डॉ.शर्मा का कहना है कि जब रोगी वर्षों से दवाएं खा-खा कर थक जाते हैं, तब प्राकृतिक चिकित्सा में ही उन्हें स्थायी राहत मिलती है। सेंटर के संचालक जय प्रकाश यादव का कहना कि यह पहल सिर्फ एक व्यवसाय नहीं,बल्कि समाज सेवा और कैरियर निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि यहाँ गैस, कब्ज, एसिडिटी, सिरदर्द, चर्मरोग, मासिक धर्म संबंधी विकार, गठिया, साइटिका, अनिद्रा, तनाव, बाल झड़ना जैसी बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज उपलब्ध होगा।

स्थानीय लोगों में इस हेल्थ सेंटर को लेकर खासा उत्साह है। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही लोगों का आना-जाना लगा रहा। अमेठी जैसे जिले में जहाँ सीमित स्वास्थ्य सुविधाएं हैं, वहाँ इस तरह का आयुर्वेदिक और एक्यूप्रेशर आधारित केंद्र नई आशा लेकर आया है। कार्यक्रम का शुभारंभ, महेश सोनी व्यापार मंडल अध्यक्ष अमेठी एवं रामजी अग्रहरि जिला कोषाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर दिनेश तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा, पवन जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अमेठी, माधुरी यादव, सेजल यादव, गंगाराम यादव, भोला यादव समाजसेवी, सुखराज यादव, श्यामू अग्रहरि राजाराम यादव समाजसेवी आदि शामिल रहे।

## 'आपदा सूचना हेतु आपातकालीन कन्ट्रोल रूम स्थापित'

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। 'हेल्प लाइन नम्बर 0535-2701702, 0535-2204086, 0535-2204089, 1077, 9454418985, 9415897999 पर किसी भी आपातकालीन स्थिति के बारे में करें संपर्क' नोडल अधिकारीध्उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सदर, गौतम सिंह ने बताया है कि जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत संचालित जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में आपदा सूचना हेतु आवंटित आपातकालीन कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट रायबरेली में 24×7 क्रियाशील है। कन्ट्रोल रूम का हेल्प लाइन नम्बर 0535-2701702, 0535-2204086, 0535-2204089, 1077, (नोडल अधिकारी/उप जिलाधिकारी - न्यायिक), 9454418985, (सहायक नोडल अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी) 9415897999 पर किसी भी आपात स्थिति के बारे में सूचना उपरोक्त नम्बरों पर दी जा सकती है।

# 'जाके पैर न फटे बिवाई वो क्या जाने पीर पराई'

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सहानुभूति और संवेदनशीलता का विकास तब ही होता है, जब हम किसी के दर्द को खुद अनुभव करें अलबत्ता कुछ यही हाल शहर रायबरेली के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ सम्मानित जनप्रतिनिधियों का भी है, जो खुद तो चमचमाती हुई लग्जरी गाड़ियों में प्रोटोकाल का लाभ उठाते हुए फर्राटा भरते हुए निकल जाते हैं, पिसती है तो मजबूर एवं खोखले वादों से छली हुई जनता। सर्वविदित है कि शहर के चौतरफा लगने वाले जाम से जनता त्रस्त है, खानापूर्ति के नाम पर डण्डा पटक कर अतिक्रमण हटाओ अभियान की इति कर ली जाती है, और स्थितियाँ पुनः जस की तस हो जाती हैं। आज शहर की शुरूआत जहाँ से होती है और जहाँ खत्म होती है, वहाँ तक कोई भी ऐसी जगह नहीं है जहाँ से कुशलतापूर्वक लोग अपने गंतव्य को आ-जा सके। बस स्टेशन से दीवानी कचेहरी, दीवानी कचेहरी से अस्पताल चौराहा और अस्पताल चौराहा से डिग्री कालेज चौराहे तक की दूरी अधिकतम 01 किमी. होगी।

किन्तु इस 01 किमी. के सफर को तय करने में आदमी को घण्टों सड़कों पर मशक्कत करना पड़ता है, अस्पताल से निकलने वाली एम्बुलेन्स दीवानी कचेहरी के जाम में फंस जाती है और मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ देता है, स्कूली बच्चे जाम के झाम से कराहा करते हैं, कुछ यही हाल घण्टाघर, रेलवे स्टेशन, कैपरगंज, सुपर मार्केट का भी है, जहाँ रोड तक अतिक्रमण फैला हुआ है, किन्तु प्रशासनिक अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी अनजाने भय से मौन रहते हैं। पी.डब्लू.डी., नगर पालिका के संयुक्त प्रयासों से से त्रिपुला से डिग्री कालेज तक होने वाले मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर शहर की जनता को आस बंधी थी कि शायद अब अपनी रायबरेली भी अतिक्रमणमुक्त होगी, किन्तु परिणाम सबके सामने हैं। जहानाबाद चौकी से गल्ला मण्डी मार्ग पर लोग सड़क को ही ढूँढने पर मजबूर हैं कि गड्ढे सड़क पर हैं या फिर गड्ढों में कहीं सड़क भी है। इन तमाम कष्टो को झेलने के बाद भी शहर की भोली-भाली जनता न्याय के लिए विख्यात वर्तमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों सहित नेतृत्व करने वाले जनप्रतिनिधियों से अपील करती है कि मुहिम चलाकर शहर को अतिक्रमणमुक्त बनाने का संकल्प लें, एक छोटा सा संकल्प बड़ा बदलाव ला सकता है।

## दैनिक नि:शुल्क योग शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली द्वारा संचालित दैनिक निरूशुल्क योग शिविर 7 अगस्त 2025 को शहीद स्मारक प्रांगण में उत्साह, श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता एवं योग शिक्षक राज अग्रहरी के सधे हुए मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। प्रत्येक व्यक्ति ने पूरे मनोयोग से सहभागी बनकर आत्मिक शांति और शारीरिक ऊर्जा की अनुभूति की। हम सभी रायबरेलीवासियों से निवेदन करते हैंकृ प्रत्येक दिन की शुरुआत योग और ध्यान से करें, क्योंकि जब व्यक्ति स्वस्थ होता है, तभी समाज, देश और राष्ट्र भी स्वस्थ बनता है। स्वस्थ रायबरेली दृ सशक्त भारत की दिशा में यह प्रयास हम सभी के सहयोग से एक जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# भारी बारिश का कहर, रामनाथपुर में भरभराकर गिरा कच्चा मकान

## मलबे में दबा घर का सामान, परिवार बाल-बाल बचा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में लगातार हो रही भारी बारिश अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। अमेठी तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा परसावां अंतर्गत रामनाथपुर छोटा गांव में बुधवार देर रात एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मकान संजय विश्वकर्मा पुत्र राम गरीब विश्वकर्मा का था।

रात करीब 11 बजे अचानक घर की दीवार गिरने लगी और कुछ ही पलों में पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया। संजय ने बताया कि घर में रखा अनाज, बिस्तर, कपड़े और रोजमर्रा का सारा सामान मलबे के नीचे दबकर पूरी तरह नष्ट हो गया है। संजय विश्वकर्मा ने राहत की सांस लेते हुए बताया कि हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर किसी सुरक्षित स्थान पर थे, जिसके कारण कोई जनहानि नहीं हुई।उन्होंने बताया कि बरसात के कारण दीवारें पहले से ही कमजोर हो गई थीं। हम तो ऊपर वाले का धन्यवाद करते हैं कि जान बच गई, लेकिन सब कुछ खत्म हो गया है। संजय ने टूटे स्वर में कहा घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग को तत्काल अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया कि बरसात के कारण दीवारें पहले से ही कमजोर हो गई थीं। हम तो ऊपर वाले का धन्यवाद करते हैं कि जान बच गई, लेकिन सब कुछ खत्म हो गया है। संजय ने टूटे स्वर में कहा घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग को तत्काल अवगत कराया गया। मामले पर संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि मौके पर टीम भेजी जा रही है। जांच के बाद आपदा राहत कोष के तहत पीड़ित परिवार को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि गांव में जिनके घर अत्यधिक जर्जर हैं, उन्हें पहले ही चिन्हित कर सहायता दी जाए ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# सीडीओ की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रशिक्षण की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए खण्ड विकास अधिकारियों एवं सहायक निकास अधिकारी पंचायत तथा वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी को प्रशिक्षित करने के लिए एक अति आवश्यक बैठक मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित की गई, जिसमें कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ ही साथ समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत व कृषि विभाग के वर्ग-2 के समस्त कर्मचारी सम्मिलित हुए।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त प्रशिक्षार्थियों को निर्देशित किया गया कि वे शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार समस्त ग्राम पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों का पंजीकरण के लिए आवश्यक सूचना सहित सूची तत्काल उप कृषि निदेशक को उपलब्ध करा दें और रणनीति बनाकर 16 अगस्त 2025 से पूर्व सर्वे कार्य की तैयारी पूर्ण कर लें, जिससे सर्वे का काम 16 अगस्त 2025 से प्रारम्भ हो जाये। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारियों को प्रतिदिन सायकाल सर्वेयरवार किये गये गाटा सर्वे कार्य की समीक्षा करेंगे तथा सर्वे रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर उप कृषि निदेशक को भेजेंगे। इस हेतु कृषि विभाग के वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी कृषि विभाग के कर्मचारियों तथा रोजगार सेवकों के सर्वे की रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत, पंचायत सहायकों की दैनिक प्रगति खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रयास यह किया जाना है कि 10 दिन के अन्दर सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाये, साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि सर्वेक्षण के साथ ही साथ राजस्व निरीक्षक तथा अन्य सुपरवाइजर सर्वे कार्यों का अनुमोदन करते रहें। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार द्वारा एप के माध्यम से सर्वे करने की विधि की जानकारी दी गई और यह भी बताया गया कि प्रत्येक गाटे के सर्वे के लिए सम्बन्धित सर्वेयर को 5 रू0 प्रति गाटा भुगतान किया जायेगा। जो सर्वेयर जितना अधिक काम करेगा उन्हें उतना अधिक धनराशि प्राप्त होगी। यही नहीं सर्वेयर के शतप्रतिशत कार्यो के अनुमोदन के उपरान्त रू0 150 का अतिरिक्त भत्ता दिया जायेगा।

नेट केनेक्टविटी के लिए 350 रु0 की दर से दो माह के लिए कुल 700 रू0 भुगतान किया जायेगा। जो सर्वेयर पहली बार कार्य के लिए लगाया जायेगा उन्हें पॉवर बैंक के लिए रू0 1000 मात्र का अतिरिक्त भुगतान किया जायेगा। सुपरवाइजर को प्रत्येक गाटा हेतु 0.50 पैसे की दर से भुगतान किया जायेगा। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त खण्ड विकास अधिकारी तद्?नुसार रणनीति बनाकर सर्वेक्षण का कार्य समय से पूर्ण कराये।

## राहुल गांधी का बयान लोकतंत्र का अपमान है: अनुभव कक्कड़

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लखनऊ के पूर्व निदेशक अनुभव कक्कड़ ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप को देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक संस्थाओं पर सीधा हमला बताया है। अनुभव कक्कड़ ने कहा कि, राहुल गांधी का यह कहना कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए वोटों की चोरी कर रहा है, न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि बेहद गैर-जिम्मेदाराना और भ्रामक बयान है। यह देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कलंकित करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि यह और भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी आज रायबरेली जैसे जागरूक और प्रतिष्ठित क्षेत्र से सांसद हैं, और ऐसी अनर्गल बयानबाजी रायबरेली की राजनीतिक गरिमा को ठेस पहुँचाती है। जनता ने उन्हें जिस विश्वास के साथ चुना है, उनका यह आचरण उस विश्वास का अपमान है।

# सीफार के सहयोग से हुआ मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

फाइलेरिया जैसी गंभीर व लाइलाज बीमारी से बचाव के लिए जिले में 10 अगस्त से 2 सितंबर तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत आठ ब्लॉकों में 15.51 लाख पात्र लोगों को फाइलेरियारोधी दवा (आईवरमेक्टिन, डीईसी, एल्बेंडाजोल) का सेवन कराया जाएगा। वहीं, 11 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) के तहत 11 ब्लॉकों और शहरी क्षेत्र में एक से 19 वर्ष के 8.27 लाख बच्चों को पेट के कीड़ों की दवा एल्बेंडाजोल दी जाएगी।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए आज एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने कहा कि 'फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलने वाला एक गंभीर रोग है, जो कई वर्षों तक शरीर में छुपा रहता है और बाद में हाथीपांव, अंडकोष या ब्रेस्ट में सूजन जैसे लक्षणों के रूप में सामने आता है। इसलिए दवा सेवन जरूरी है, भले ही लक्षण न दिखें।'

**अभियान की प्रमुख बातें:-**

आईडीए अभियान- 10-28 अगस्त तक आठ ब्लॉक - बछरावां, बेला-भेला, डीह, हरचंदपुर, जटुआटप्पा, खीरों, महाराजगंज, सलोन में चलेगा।

एनडीडी- 11 अगस्त को अमावां, डलमऊ, दीनशाह गौर, छतोह, लालगंज, जगतपुर, रोहनियां, सरेनी, शिवगढ़, ऊंचाहार व शहरी क्षेत्र में चलाया जाएगा। टीमें 1482 टीमें, 283 पर्यवेक्षक, एवं पाथ, सीफार, पीसीआई जैसी संस्थाएं निगरानी व जनजागरूकता में सहयोग करेंगी।

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. कृष्णा ने बताया कि 'दवा सेवन के बाद हल्का जी मिचलाना, चक्कर आना सामान्य प्रतिक्रिया है, इससे डरने की जरूरत नहीं है। यह शुभ संकेत है कि दवा शरीर में काम कर रही है।' जिला मलेरिया अधिकारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि 'फाइलेरिया के लक्षण 10-15 साल बाद सामने आते हैं, तब तक इलाज कठिन हो जाता है। इसलिए अभी दवा खा कर अपने को सुरक्षित कर लें और फाइलेरिया फैली उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करें।'

**सहयोगी संस्थाओं की भूमिका:**

इस अभियान में तकनिकी सहयोग में पाथ और सामुदायिक जागरूकता के लिए पीसीआई व सीफार, संस्थाएं स्सह्योग कर रहीं हैं इसके अलावा समुदाय में स्तर पर पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म सी एच ओ के नेतृत्व में जनजागरूकता फैला रहे हैं। जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों, ग्राम प्रधानों, कोटेदारों जैसे स्थानीय हितधारकों को भी जुड़े हुए हैं।

कार्यशाला में पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म के सदस्य और फाइलेरिया रोगी अंबिका प्रसाद ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए अपील की कि ष्हमने कभी दवा नहीं खाई, इसलिए आज इस बीमारी के साथ जी रहे हैं। आप हमारी गलती न दोहराएं।

## मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय देदौर का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा प्राथमिक विद्यालय देदौर प्रथम विकास क्षेत्र सतांव का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण कार्य, छात्र उपस्थिति, मध्याह्न भोजन योजना तथा मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के समय कुल नामांकित छात्र संख्या 48 के सापेक्ष 40 छात्र उपस्थित थे। प्राथमिक विद्यालय देदौर प्रथम में प्राथमिक विद्यालय देदौर द्वितीय का युग्मन किया गया है। युग्मित विद्यालय के 19 बच्चों के सापेक्ष 17 बच्चों ने विद्यालय में नामांकन करवा लिया है। निरीक्षण में पाया गया कि शिक्षकगण समय पर उपस्थित थे तथा कक्षा में नियमित शिक्षण कार्य हो रहा था। मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षकों से संवाद कर शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।



**खेती से आय दोगुनी करने का बताया हुनर...**

जफराबाद सिरकोनी विकास खण्ड परिसर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम एवं त्वरित मक्का विकास योजनान्तर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया... शेष पेज 10 पर...

# सुमित हत्याकांड में नया खुलासा

# प्रेमिका के पुराने प्रेमी ने रची थी साजिश

## पत्थर मारकर की गई निर्मम हत्या

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




रावतपुर-मसवानपुर 18 साल के सुमित की हत्या के मामले में अब एक बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया है कि सुमित की कथित प्रेमिका के दूसरे प्रेमी ने ही इस वारदात को अंजाम दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि ये प्रेमी दूसरे धर्म का है और उसका प्रेमिका से बीते चार सालों से संबंध था। पुलिस सूत्रों की मानें तो सुमित एकतरफा प्यार करता था और इसी वजह से प्रेमिका, सुमित और उसके दूसरे प्रेमी के बीच लगातार विवाद हो रहा था। बताया जा रहा है कि सुमित से पीछा छुड़ाने के लिए प्रेमिका ने अपने पुराने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। योजना के मुताबिक वारदात वाले दिन प्रेमिका ने सुमित को तालाब के पास बुलाया और उसे फोन घर पर ही रखने को कहा – ताकि लोकेशन या रिकॉर्डिंग न हो सके। जैसे ही सुमित वहां पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे युवक ने वारदात को अंजाम दिया। सुमित और प्रेमिका के बीच बात हो ही रही थी कि हमलावर ने भारी पत्थर से सुमित के सिर पर वार किया। सिर पर गंभीर चोट लगने से सुमित वहीं गिर पड़ा। इसके बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पुष्टि हुई है कि सुमित की सिर की तीन हड्डियां टूटी थीं और गले पर दबाव के स्पष्ट निशान मिले हैं। पानी में शव पड़े रहने से शरीर पर बाकी चोट के निशान स्पष्ट नहीं हो सके। पुलिस ने बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेज दिया है। घटना के बाद जब बुधवार को सुमित का शव मिला, तो परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। शव को सड़क पर रखकर लोगों ने जाम लगा दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**परिजन मांग कर रहे हैं कि**

- मृतक परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए,
- प्रेमिका के चाचा और पिता को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए,
- मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो और दोषियों को फांसी दी जाए,
- साथ ही उस दारोगा पर कार्रवाई की जाए, जिसने पहले परिजनों की शिकायत को नजरअंदाज किया और उन्हें थाने से भगा दिया।

**मौके पर पहुंचे एसीपी कल्याणपुर ने पुलिस बल के साथ स्थिति को संभाला और परिवार से बातचीत की।**

*फिलहाल, पुलिस की जांच जारी है। लेकिन अब जब साजिश में प्रेमिका और उसके पुराने प्रेमी की भूमिका उजागर हो चुकी है, तो सवाल ये भी उठता है*

**क्या सुमित की जान ली गई सिर्फ इसलिए कि वो गलत जगह प्यार कर बैठा?**

## नगरपालिका अध्यक्ष, ईओ, जेई, सभासद ने जूनियर स्कूल का अजूबा शौचालय प्लास्टार हटा देखा





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर नगर पालिका ठेकेदार द्वारा एक अजूबा शौचालय बनाया जा रहा है जिसमें लेंटर से पहले प्लास्टर कर दिया गया जिससे प्लास्टर में सारी कमियां छुप जाए लेकिन खबर और अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया नगर पालिका अध्यक्ष, सभासदों व जेई मनोज कुमार सहित कर्मचारियों ने पहुंचकर हकीकत देखी प्लास्टर टुडवा कर देखा तो दांतों तले उंगली दबा के रह गए....

घटिया निर्माण की खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार के खिलाफ आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं ।भाजपा सरकार की छवि खराब करने वाले भाजपा बिल्हौर मंडल अध्यक्ष पं सौरभ शर्मा के भाई गौरव शर्मा की फर्म सिद्धि इंटरप्राइजेज निर्माण कार्य करा रही हैं। नगर पालिका में जितने भी निर्माण कार्य यह फर्म करा रही है सभी इसी तरह हैं क्या...? जांच का विषय... गुरुवार को शाम को लगभग 4 बजे के बाद नगर पालिका अध्यक्ष इखलाक खां,अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा सभासद देवेंद्र कुमार सविता और सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी, जेई मनोज कुमार, बड़े बाबू अजय कुमार, जितेंद्र सिंह, गोपाल, गौरव शर्मा आदि काफी संख्या में पहुंचे थे। प्लास्टर तुड़वा कर अंदर की हकीकत जानी टेढ़ी मेंडी दीवार और दरवाजे पर बिना लेंटर डाले ही दरवाजे लगा दिए गए दरवाजे के ऊपर आनंन फानन में दीवार और प्लास्टर कर दिया गया और बिना छत ढलाई से पहले ही अधूरी दीवार पर प्लास्टर हो गया जिससे घटिया काम छुपा दिया गया और अधिकारियों ने क्वालिटी वाला काम करने की हिदायत दे कर कार्रवाई की बात कही है । अधिकारी जांच करा कर क्या फॉर्म को ब्लैक लिस्ट करेंगे..? लेकिन अधिशासी अधिकारी ने सुश्री अंजनी मिश्रा ने फोन नहीं उठाया जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका की कार्रवाई होगी या सिर्फ लीपा पोती हो जाएगी।

## कानपुर डीएम के आदेश पर बिल्हौर तहसील क्षेत्र में खाद बीज की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशों के अनुपालन में तहसील क्षेत्रान्तर्गत स्थित सहकारिता विभाग एवं निजी खाद दुकानों का उप जिलाधिकारी बिल्हौर द्वारा, जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त/ सहायक निबंधक, सहकारिता विभाग, कानपुर नगर के साथ ग्राम मकनपुर एवं कस्बा बिल्हौर स्थित खाद/ उर्वरक दुकानों का तथा नायब तहसीलदार, बिल्हौर द्वारा ग्राम ककवन स्थित दुकानों का संयुक्त आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पारस कृषि सेवा केन्द्र, ककवन रोड, बिल्हौर- 04 बोरी यूरिया, 500 बोरी डीएपी, 99 बोरी एमओपी का स्टॉक उपलब्ध था एवं उर्वरक निर्धारित दर पर बेचा जा रहा था। कटियार खाद भण्डार, खजुरी कलां, ककवन रोड, बिल्हौर- 20 बोरी यूरिया, 75 बोरी डीएपी, 65 बोरी एमओपी का स्टॉक उपलब्ध था तथा बिक्री निर्धारित दर पर की जा रही थी। एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप, ककवन रोड, बिल्हौर- 65 बोरी यूरिया उपलब्ध थी; डीएपी एवं एमओपी का स्टॉक शून्य था। बालाजी खाद भण्डार, बिल्हौर- 258 बोरी एनपीके उपलब्ध थी; यूरिया, डीएपी एवं एमओपी का स्टॉक शून्य था। गणेश खाद भण्डार, बकोठी- 125 बोरी यूरिया, 150 बोरी एमओपी उपलब्ध थीं; डीएपी एवं एनपीके का स्टॉक शून्य था, फिर भी बिक्री निर्धारित दर पर की जा रही थी। किसान खाद भण्डार, बकोठी- 2331 बोरी यूरिया, 993 बोरी डीएपी, 14 बोरी एमओपी का स्टॉक उपलब्ध था; सभी उर्वरक निर्धारित दर पर बेचे जा रहे थे।पीसीएफ, अरौंल- 380 बोरी एनपीके उपलब्ध थी; बिक्री निर्धारित दर पर की जा रही थी।बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, अरौंल- 764 बोरी एनपीके, 10 बोरी यूरिया उपलब्ध थीं; बिक्री निर्धारित दर पर हो रही थी।

कटियार बीज एजेंसी, मकनपुर- 58 बोरी यूरिया, 204 बोरी एमओपी, 18 बोरी डीएपी, 34 बोरी एनपीके उपलब्ध थीं; सभी खाद निर्धारित दर पर बेची जा रही थीं। रामनरेश यादव खाद भण्डार, मकनपुर- 1134 बोरी यूरिया, 120 बोरी डीएपी, 200 बोरी एमओपी उपलब्ध थीं; खाद निर्धारित दर पर बेची जा रही थी।उपरोक्त सभी दुकानों का संयुक्त आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें कोई भी अनियमितता नहीं पाई गई। सभी दुकानों में उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दरों पर की जा रही थी। आकस्मिक निरीक्षण टीम में प्रमुख रूप से जिला कृषि अधिकारी, एसडीएम डॉ संजीव कुमार दीक्षित, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत सहित एक दर्जन अधिकारी कानपुर और बिल्हौर तहसील के मौजूद रहे।

## साले की पत्नी के साथ होटल में पकड़ा गया युवक, पत्नी ने जमकर पीटा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में कल्याणपुर के एक होटल में साले की पत्नी के साथ रंगरेलियां मनाना एक युवक को भारी पड़ गया। युवक की पत्नी भाई व अन्य परिजनों के साथ होटल पहुंची और युवक और भाभी को रंगे हाथों पकड़ लिया। पति की अय्याशी से गुस्साई पत्नी ने अपने पति और भाभी की पिटाई करते हुए हंगामा किया। इस दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। करीब आधे घंटे तक हंगामा होता रहा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को शांत कराया और सभी को थाने लेकर पहुंची।

युवक के साले का कहना है कि उसकी पत्नी ने उस पर दहेज मांगने के आरोप लगा कर थाने में शिकायत की थी, अब इसकी असली वजह सामने आई है।

## राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मरौंदा में पांच माह से नहीं हैं दवाएं, मरीज परेशान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

परियर। सरकार जन आरोग्य योजना चलाकर गरीब परिवार की सेहत की फिक्र भले ही की है लेकिन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में दवा व संसाधनों का अभाव बना हुआ है।दवा समेत संसाधनों का टोटा होने के कारण व्यवस्था से लोगों का मोहभंग हो रहा है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मरौंदा का हाल बदहाल है। इलाज के लिए इलाके के लोग परेशान हैं। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मरौंदा गांव में संसाधनों व दवाइयो की कमी बनी हुई है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मरौंदा में कई महीनों से दवाइयो की कमी बनी हुई है मगर आयुर्वेदिक अधिकारी मौन साधे हुए है। इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है। ग्रामीणों को इलाज कराने के लिए गांव में झोलाछाप की शरण में जाना पड़ता है।




शंकरलाल, छुन्नू, रामखेलावन, रमेश, नरेश, सुरेश, आदि ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। आयुर्वेद डॉ.रीना वर्मा ने बताया की 6 महीनो से दवाई पर्याप्त मात्रा में नहीं उपलब्ध हो पा रही हैं। कहा दवाइयों के लिए कई बार मांग पत्र भेजा गया है।

लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है अस्पतालों में अश्वगंधा चूर्ण, अश्वगंधारिष्ट, अशोकारिष्ट, दशमूलारिष्ट, पंचगुड़ तेल, महानारायण तेल, हिमवाष्टक चूर्ण, लवण भास्कर, आयुष चौसठ समेत कई दवाएं नहीं हैं।

## रंगदारी व धमकाने में अधिवक्ता अखिलेश दुबे समेत दो गए जेल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



भाजपा नेता को झूठे मुकदमे में फंसाकर रंगदारी मांगने और धमकाने के मामले में आरोपी अधिवक्ता अखिलेश दुबे व आयुष उर्फ लवी मिश्रा को सीजेएम सूरज मिश्रा ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दोनों की ओर से जमानत अर्जी भी दाखिल की गई थी लेकिन दस साल तक की सजा का अपराध होने के कारण जमानत अर्जी सीजेएम कोर्ट से खारिज हो गई है। शुक्रवार को सेशन कोर्ट में अर्जी दाखिल की जा सकती है।

भाजपा नेता रवि सतीजा ने बर्रा थाने में बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोप है कि अखिलेश दुबे व साथियों ने मिलकर वादी मुकदमा रवि सतीजा के खिलाफ बर्रा थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत एक झूठा मुकदमा लिखवाया। जांच में घटना झूठी पाए जाने पर एफआर लगी तो आरोपियों ने रवि को उसके सोना मेंशन बिल्डिंग की छत पर कब्जे और जान माल की धमकी दी। वादिनी मुकदमा के माध्यम से कोर्ट में कूटरचित शपथपत्र दिलवाया गया फिर रवि को अखिलेश ने अपने कार्यालय में बुलाकर मुकदमे से बचाने के लिए 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी। पुलिस ने मुकदमे में अखिलेश दुबे और लवी मिश्रा को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया था। अखिलेश की रात 8-40 बजे और लवी की 9-30 बजे गिरफ्तारी दिखाई गई है। सुबह लगभग 10-30 बजे दोनों को कड़ी सुरक्षा में सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया।

डीजीसी दिलीप अवस्थी, जेडी कुंवर विक्रम सिंह व अभियोजन अधिकारी आराध्य मिश्रा ने कोर्ट में दोनों को रंगदारी मांगने, धमकाने, घर में घुसने और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की मांग की। तर्क रखा कि 6 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज हुई है। 24 घंटे में विवेचना पूरी नहीं हो सकती। आरोपी सबूतों को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं अखिलेश के अधिवक्ता एमके द्विवेदी ने कहा कि अखिलेश व लवी के खिलाफ कूटरचना, रंगदारी मांगने और किसी घर में घुसने का कोई सबूत नहीं है। रुपयों का कोई लेनदेन नहीं हुआ है। वादिनी ने खुद कोर्ट पहुंचकर अपने हस्ताक्षर से शपथपत्र दाखिल किया है इसलिए इसमें अखिलेश के खिलाफ कूटरचना का कोई अपराध नहीं बन रहा। ऐसा भी कोई सबूत नहीं मिला जिससे यह साफ होता कि आरोपियों ने रवि के घर या उसकी किसी संपत्ति में घुसने की कोशिश की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अखिलेश और लवी को सिर्फ रंगदारी और धमकाने के आरोप में ही रिमांड स्वीकार किया जबकि घर में घुसने व कूटरचना के पर्याप्त साक्ष्य न होने पर इनसे संबंधित धाराओं में रिमांड खारिज कर दिया। इसके बाद जमानत अर्जी दाखिल की गई लेकिन गंभीर अपराध मानकर कोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी। लगभग 11-45 बजे दोनों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट से जेल भेज दिया गया।

### कड़ी सुरक्षा में लाया गया कोर्ट, एलआईयू भी सतर्क

अखिलेश और लवी को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे वाले गेट से लाया गया और सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर, सीजेएम कोर्ट के बाहर और कचहरी के शताब्दी द्वार पर भी भारी फोर्स तैनात की गई थी। क्यूआरटी के जवान भी मुस्तैद थे और एलआईयू की टीम भी पल-पल की जानकारी से अफसरों को अपडेट करती रही।

### सात धाराओं में मांगा रिमांड पर तीन में ही मिला

पुलिस की ओर से बीएनएस की धारा 308(2), 308(5), 338, 336(3), 340(2), 351(3), 329(3) में कोर्ट से रिमांड मांगा गया था। यह धाराएं रंगदारी, धमकाने, कूटरचना और घर में घुसने के अपराध से संबंधित हैं लेकिन कूटरचना और घर में घुसने के अपराध से संबंधित पर्याप्त सबूत कोर्ट में पेश नहीं किए जा सके जिस पर कोर्ट ने सिर्फ रंगदारी और धमकाने से संबंधित धाराओं 308(2), 308(5) व 351(3) में ही रिमांड मंजूर किया। इसमें धारा 308(5) में सर्वाधिक दस साल तक की सजा का प्रावधान है।

## डंपर की टक्कर से ऑटो पलटा, लगी आग, चालक की मौत



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर- सागर हाईवे पर शंभुआ आरओबी के पास बुधवार रात डंपर ने ऑटो को टक्कर मार दी। डंपर में फंसकर 100 मीटर तक ऑटो घिसटता चला गया। वहां शॉर्टसर्किट से ऑटो में आग भी लग गई। गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक को लोगों ने बिधनू सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

धीरपुर गांव निवासी किसान जगमोहन कुशवाहा का बेटा शिव सिंह (27) ऑटो चालक था। बुधवार रात 12-30 बजे वह ऑटो लेकर शंभुआ से घर लौट रहा था। आरओबी पुल के आगे धीरपुर गांव मोड़ के पास पीछे से आ रहे डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी। चालक डंपर समेत मौके से भाग निकला। हाईवे से निकल रहे कार सवार राहगीर ने ऑटो में फंसे लहूलुहान चालक को बाहर निकालकर बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने शिव सिंह को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाकर ऑटो को हाईवे के किनारे कराया।

बिधनू इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में युवक के शरीर पर रगड़ के निशान मिले हैं। सिर पर भी गंभीर चोट मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डंपर का पता लगाया जा रहा है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फैक्टरी कर्मी की हादसे में मौत

छावनी थानाक्षेत्र में गोलकोर्स चौराहे पर बुधवार देर शाम भज्जापुरवा निवासी दिलीप (55) को टेंपो ने टक्कर मार दी। लोगों ने उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई मनोज कुमार ने पोस्टमॉर्टम हाउस में बताया कि दिलीप फजलगंज की लेदर फैक्टरी से ड्यूटी करके घर लौट रहे थे। टेंपो से चौराहे पर उतरकर सड़क पार करते समय दूसरे टेंपो ने टक्कर मार दी। छावनी इंस्पेक्टर अरविंद राय ने बताया कि सीसी कैमरे से टेंपो का पता लगाया जा रहा है।

## कांग्रेस में मची रार के बीच गठित की गई अनुशासन समिति

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कांग्रेस महानगर इकाई में पिछले कुछ समय से चल रही गुटबाजी और खींचतान को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर बुधवार को महानगर कांग्रेस की अनुशासन समिति घोषित गठित की गई। महानगर अध्यक्ष अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि समिति में वरिष्ठ नेताओं को रखा गया है।

इनमें डॉ. आरके जगत, श्याम बहादुर यादव, सीता अग्निहोत्री, हाजी कौसर सोलंकी और अमिताभ मिश्रा शामिल हैं। डॉ. जगत समिति के चेयरमैन होंगे।

समिति के नियमों के अनुसार, पार्टी में किसी भी अनुशासनहीनता पर ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष की ओर से इस संबंध में पहले ही एक सर्कुलर जारी किया जा चुका है।

समिति में यह भी नियम बनाया गया है

कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह से पार्टी की छवि खराब करने के हर प्रयास को अनुशासनहीनता माना जाएगा।

पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को यदि को शिकायत है तो वह पहले महानगर इकाई की कमेटी में बताएगा।

हल न निकलने पर राष्ट्रीय नेतृत्व तक अपनी बात पहुंचा सकता है। ब्यूरो

## डीआरएम ने किया घाटमपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में घाटमपुर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए डीआरएम डीके सिन्हा स्टेशन पहुंचे। उन्होंने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद डीआरएम अपनी ट्रेन से हमीरपुर के लिए रवाना हो गए। यह निरीक्षण रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण और यात्रियों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया।

## स्कूल में लाखों की चोरी, दस्तावेज और नकदी भी ले गए चोर



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में महाराजपुर थानाक्षेत्र क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रूमा स्थित आचार्य रघुवीर इंटर कालेज में बीती रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के दस्तावेज, विद्युत उपकरण और एक लाख चालीस हजार रुपये समेत लाखों का माल पार कर दिया। सुबह विद्यालय खुलने पर मामले की जानकारी हुई। विद्यालय प्रधानाचार्य गिरिजेश त्रिपाठी ने मामले की सूचना महाराजपुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल की बारीकी से जांच की गई। विद्यालय प्रबंधन के मुताबिक विद्यालय में रात्रि निगरानी करने के लिए एक चौकीदार भी नियुक्त है। इसके बावजूद घटना होने से लोगों में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। महाराजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच कर

## बस ड्राइवर और कंडक्टर की पिटाई, बस छूटने को लेकर हुआ विवाद

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के पनकी में इंदौर जाने वाली एक बस के ड्राइवर और कंडक्टर की कुछ यात्रियों ने पिटाई कर दी।

घटना तब हुई जब यात्रियों की सवारी छूट गई और

इसी बात पर उनकी बस के स्टॉफ से बहस हो गई।

बहस के दौरान, एक यात्री ने फोन करके भाटिया चौराहे पर 10-12 लोगों को बुला लिया।

उन सभी ने मिलकर बस ड्राइवर और कंडक्टर की जमकर पिटाई की। पास से गुजर रहे टीएसआई राज कुमार सिंह तोमर ने बस को रुकवाया और कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पनकी थाने की पुलिस ने मामला शांत कराया और सभी संबंधित लोगों को थाने ले गई।

## गिरे पाकड़ के पेड़ को हटाने पर दबे मिले दो शव, एक की हुई पहचान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में जूही थानाक्षेत्र के मिलिट्री कैंप चौकी के पास मंगलवार तड़के गिरे विशालकाय पाकड़ का पेड़ बुधवार को हटाए जाने के दौरान उसके नीचे दो शव मिले। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से पेड़ को हटवाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इनमें से एक की पहचान हो गई है, जबकि दूसरे की शिनाख्त नहीं हो सकी। मिलिट्री कैंप चौकी से कुछ दूर सैकड़ों साल पुराना पाकड़ का पेड़ था जो झमाझम बारिश के बाद मंगलवार तड़के गिर गया था। पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित होने पर पुलिस ने शाखओं की छंटाई करवाकर आवागमन शुरू करा दिया था। बुधवार को नगर निगम कर्मी पेड़ काटकर हटा रहे थे, तभी उन्हें एक



हाथ नजर आया।

उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से जब पेड़ को हटवाया तो उसके नीचे दो शव दबे मिले। जूही थाना प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि पेड़ के नीचे चबूतरे पर ट्रांसपोर्टनगर में काम करने वाले पल्लेदार रात में सोते थे। मृतकों में एक बर्फ फैक्टरी में काम करने वाला भूरा था, जबकि दूसरे के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच रक्षा संवाद के जरिये सामरिक संबंधों में हो गयी नई शुरुआत

**भारत और न्यूज़ीलैंड दोनों ही लोकतांत्रिक मूल्य, खुले समुद्री मार्गों की सुरक्षा, और कानून आधारित वैश्विक व्यवस्था में विश्वास रखते हैं। हम आपको बता दें कि राजनयिक और रक्षा सहयोग के साथ-साथ दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेल—विशेषकर क्रिकेट—के माध्यम से भी मजबूत संबंध हैं। अगस्त 2024 में भारत के राष्ट्रपति की न्यूजीलैंड यात्रा और मार्च 2025 में दोनों प्रधानमंत्रियों की बैठक ने द्विपक्षीय रिश्तों को नई ऊँचाई दी है। बहरहाल, भारत-न्यूज़ीलैंड रक्षा रणनीतिक संवाद एक ऐसा मंच बनकर उभरा है।**

*भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच गहराते रक्षा संबंध न केवल द्विपक्षीय सहयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र की उभरती भू-राजनीतिक चुनौतियों के संदर्भ में भी सामरिक दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक हैं। देखा जाये तो आज की वैश्विक व्यवस्था में, समुद्री सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, साइबर खतरों और बहुपक्षीय सहयोग जैसे मुद्दों पर साझेदारी का महत्व निरंतर बढ़ता जा रहा है। न्यूज़ीलैंड भले ही भौगोलिक रूप से भारत से दूर हो, परंतु दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्य, मुक्त और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें स्वाभाविक रणनीतिक साझेदार बनाते हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र, जो आज वैश्विक शक्ति संघर्ष का केंद्र बन चुका है, उसमें भारत की भूमिका एक प्रमुख स्थिर कारक के रूप में उभर रही है। वहीं, न्यूजीलैंड अपनी शांतिपूर्ण, सहयोगात्मक नीति और समुद्री सुरक्षा में सक्रियता के कारण एक विश्वसनीय साझेदार है। इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए दोनों देशों के बीच समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम आपको बता दें कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच हुई प्रथम रक्षा रणनीतिक वार्ता इस बढ़ते सामरिक सहयोग का एक स्पष्ट संकेत है। प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, समुद्री सूचना साझा करना और बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्र में बातचीत ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को नई गति प्रदान की है। अतः यह कहा जा सकता है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच रक्षा सहयोग केवल रणनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता, वैश्विक सामंजस्य और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। भविष्य में यह सहयोग दोनों देशों के लिए सामरिक संतुलन और वैश्विक नेतृत्व के अवसरों को और सुदृढ़ कर सकता है। हम आपको बता दें कि 05 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली में भारत-न्यूज़ीलैंड रक्षा रणनीतिक वार्ता का पहला संस्करण आयोजित किया गया। यह न केवल दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को गहराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल थी, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती सुरक्षा चुनौतियों के संदर्भ में एक नए रणनीतिक तालमेल की शुरुआत भी मानी जा सकती है। इस संवाद की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद और न्यूजीलैंड रक्षा मंत्रालय की अंतरराष्ट्रीय शाखा की प्रमुख मिस कैथलीन पियर्स ने की। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग बढ़ाने, समुद्री सुरक्षा और रक्षा उद्योग में साझेदारी को सशक्त करने, बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों का विस्तार करने, ग्लोबल कॉमन्स (जैसे कि समुद्री क्षेत्र, साइबर स्पेस आदि) से संबंधित मुद्दों पर सामंजस्य बढ़ाने के माध्यम से सूचना साझा करने की प्रक्रिया को और मजबूत करने पर चर्चा की। इसके अलावा, भारत ने न्यूजीलैंड की सफल कमान संभालने के लिए सराहना की, जिसमें भारतीय नौसेना के पाँच जवान भी स्टाफ के रूप में तैनात थे। यह तथ्य दोनों देशों के बीच अंतर-संचालन और विश्वास का प्रतीक है। हम आपको याद दिला दें कि मार्च 2025 में दोनों देशों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके अंतर्गत यह संवाद स्थापित किया गया। इस ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को औपचारिक और संस्थागत रूप प्रदान किया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**हमें पता है कि आज के दौर की हर कठिन राह को तकनीक नेआसान की है। इसने तमाम समस्याओं के समाधान की नई राहें भी निकाली हैं। नीतिगत स्तर पर प्रशासनिक तंत्र को तकनीक के इस्तेमाल के लिए तैयार किया जाना होगा। प्रशासनिक तंत्र को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाना होगा कि तकनीक के इस्तेमाल से वे ठीक से पता लगा पाएं कि किस बिंदु पर भीड़ को रोका जाना चाहिए, कहां बैरिकेटिंग करके भीड़ को नियंत्रित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रशासनिक तंत्र की सोच में कल्पनाशीलता को बढ़ावा देने के लिए भी तैयार करना होगा। प्रशासनिक तंत्र समस्याओं का अनुमान लगाने वाला मानस विकसित कर सके, इसके लिए भी जरूरी इंतजाम करना होगा।**

# ताकि भगदड़ के हादसों पर लग सके लगाम



**उमेश चतुर्वेदी**

**स्कूली स्तर से ही इस दिशा में शिक्षा और संस्कार देना होगा। साथ ही, आम लोगों को पीछे छोड़ने या किनारे रखने वाली वीआईपी संस्कृति पर पूरी तरह रोक लगाना भी इस दिशा में बेहद जरूरी कदम होना चाहिए। इसके साथ ही अफवाहों पर लगाम लगाने के मुकम्मल इंतजाम होने चाहिए। तभी जाकर हम आने वाले दिनों में अपनी भीड़ को सुरक्षित और बेहतर आयोजन का उपहार दे पाएंगे।**

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़ की सुर्खियों की स्याही अभी सूखी नहीं कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले से भी भगदड़ की खबर आ गई है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर देश तेजी से कदम बढ़ा रहा है। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का मतलब है कि तकनीक और सहूलियतों से देश लैस होता जा रहा है। इस संदर्भ में जब भगदड़ की घटनाएं सामने आती हैं तो आधुनिकता से कदमताल करने वाली ये छवियां दरकने लगती हैं। ऐसा नहीं कि देश का ध्यान इस विरोधाभास की ओर नहीं है। फिर भी ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। ऐसी घटनाएं जब भी होती हैं तो एहतियाती कदम उठाए जाने की प्रशासनिक तंत्र की ओर से घोषणाएं होती हैं। कुछ दिन में देश ऐसी घटनाओं को भुला देता है। अभी भूलने और भुलाने का यह खेल जारी ही रहता है कि कोई नई घटना आ जाती है और एहतियाती कदमों का ऐलान महज हवा-हवाई बनकर रह जाता है। भगदड़ की घटनाओं को लेकर अपनी व्यवस्था कितना संजीदा है, इसी साल हुई घटनाओं से इसका अनुमान लगाया जा सकता है। साल 2025 में ही सात घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें आधिकारिक तौर पर 81 लोगों की जान जा चुकी है। जबकि सैकड़ों घायल हुए हैं। दिलचस्प यह है कि ये घटनाएं कुंभ जैसे भीड़भाड़ वाले सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजन में तो हुई हीं, राष्ट्रीय राजधानी के रेलवे स्टेशन से लेकर गोवा जैसे कम जनसंख्या वाले राज्य में भी घटीं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नई सदी के बाइस साल में 23 बार भगदड़ मची, जिनमें करीब डेढ़ हजार लोगों को जान गंवानी पड़ी। इन घटनाओं में घायल लोगों में से कई दिव्यांग बन गए तो कई को ऐसा मानसिक आघात लगा कि उससे अभी तक उबर नहीं पाए हैं। भगदड़ की घटनाओं के लिए नागरिक बोध की कमी को पहला कारण माना जाता है। लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि भगदड़ की ज्यादातर घटनाएं प्रशासनिक तंत्र की खामी की वजह से होती है। मसलन, 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर घटी घटना की वजह रेलवे अधिकारियों की सोच रही, जिन्होंने आनन-फानन में ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदल दिया और उसमें जगह पाने के लिए लोग दौड़ पड़े। दुनिया की बेहतर प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अधिकारियों का कल्पनाशील और अनुमानशील होना जरूरी माना जाता है। लेकिन भारतीय प्रशासनिक ढांचे इस कल्पनाशीलता की अक्सर कमी नजर आती है। उसे भावी संकटों और समस्याओं का अनुमान लगाने के लिए जरूरी सोच की कमी है। वह किसी समस्या का अंदाजा लगाकर उसे शुरू में रोकने और व्यवस्थित करने की बजाय आखिरी छोर पर निबटने की सोच से लगातार लैस रहता है। मेले-ठेले में जाने वाले लोगों की भीड़ को मेले में घुसने से पहले व्यवस्थित करने और उसे रोकने में भारतीय प्रशासनिक तंत्र की दिलचस्पी कम होती है, लेकिन जब मेले में भीड़ बढ़ जाती है तो मेले वाली जगह के दरवाजे पर वह अचानक से रोक लगा देता है। जबकि होना यह चाहिए कि मेले की ओर जान वाले रास्ते पर भीड़ को देखते हुए रोक लगा दी जाए। दरवाजे पर भीड़ को रोकने से मेले में भीड़ भले ही ना घुसे, लेकिन पीछे से आ रहे रेले पर रोक नहीं लग पाती। इससे बैरिकेट वाली जगह पर भीड़ का दबाव बढ़ जाता है। पीछे वाली भीड़ के दबाव के चलते एक वक्त ऐसा आता है कि बैरिकेट का कोई मतलब नहीं रह जाता। फिर रेला लोगों को धकियाते आगे बढ़ने लगता है। इस बीच कोई गिर गया तो पीछे वाले के पास ना तो इतना वक्त होता है कि वह समझ पाए ना ही इतनी क्षमता कि पीछे वाली भीड़ को रोक पाए। वह सामने गिरे व्यक्ति के शरीर की ओर अपना पैर बढ़ाने से रोक भी नहीं पाता। इसी दौरान गिरे हुए लोग दूसरे लोगों के पांवों से कुचलते चले जाते हैं। प्रयागराज की भगदड़ की भी वजह यही थी। भीड़ पीछे नहीं रोकी गई, स्नान केंद्र के पास रोकी गई। इसकी वजह से बैरिकेट पर दबाव बढ़ा और पीछे से आए रेला ने इसकी परवाह नहीं कि कौन गिरा है और किसके पेट,पीठ या सिर पर उसका पैर पड़ रहा है। भगदड़ के बारे में एक अवधारणा रही है कि गरीब-गुरबा और अशिक्षित लोग ही इसके शिकार बनते हैं। लेकिन यह अधूरा सच है। यह सच है कि उत्तर भारत के मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ में ज्यादार निम्न मध्यम वर्ग के लोग होते हैं। उत्तर भारत में मंदिरों तक में वीआईपी संस्कृति का बोलबाला है। इसकी तुलना में दक्षिण भारतीय मंदिरों में वीआईपी संस्कृति कुछ कम है। हालांकि दक्षिण के भी कई मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था में वीआईपी संस्कृति का तड़का रहता है। लेकिन तुलनात्मक रूप से उत्तर में यह संस्कृति ज्यादा है। इसलिए उत्तर के मंदिरों और धार्मिक मेले-ठेले में अनुशासनहीन भीड़ की बहुलता होती है। चूंकि प्रशासनिक तंत्र कल्पनाशीलता से उन्हें व्यवस्थित नहीं कर पाता, लिहाजा भगदड़ की दुर्भाग्यजनक घटनाएं हो जाती हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत की एक बड़ी समस्या भारत की बड़ी जनसंख्या भी है। हालांकि आज की राजनीति का एक हिस्सा इसे समस्या नहीं मानती। क्योंकि उसका आधार वोट इसी भीड़तंत्र से ही विकसित होता है। भारत में एक बड़ी समस्या यह है कि भीड़ को अनुशासित करने का संस्कार और शिक्षण पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर नहीं है। इसकी वजह से मौका पाते ही हर व्यक्ति रसूख के साथ भीड़ से निकलना चाहता है या फिर अपना वर्चस्ववादी स्वभाव दिखाना चाहता है। प्रशासनिक तंत्र इस मानस के आगे कभी रसूख देख झुक जाता है तो कभी वह सोच भी नहीं पाता कि इसके नकारात्मक असर क्या-क्या हो सकते हैं। ऐसे में कई बार पिछड़ती हुई भीड़ अपना आपा भी खो देती है। भारत का एक बड़ा हिस्सा अरसे तक चूंकि गरीबी की मार झेलता रहा है, इसलिए उसके अवचेतन में कुछ पाने की चाह में दूसरों को पीछे छोड़ने की सोच हावी रहती है। इसमें अगर अफवाह अगर मिल जाती है तो हालात भयावह हो जाते हैं। कह सकते हैं कि संस्कार और सोच की कमी, व्यवस्था को सुचारू बनाने की जिम्मेदारी निभाने वाले तंत्र की कल्पनाहीनता और घनी जनसंख्या का कोलाज के सामने उनके बेपटरी होने की आशंका ज्यादा रहती है। ऐसा जब होता है तो हादसों के रूप में उसका भयावह नतीजा सामने आता है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या ऐसी व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती कि देश के भीड़भाड़ वाले आयोजन बिना किसी भगदड़ या अव्यवस्था के संपन्न हो सकें। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक मुकम्मल नीति बनाने और उसे कड़ाई से लागू करने की जरूरत है।



**भगदड़ की घटनाओं को लेकर अपनी व्यवस्था कितना संजीदा है, इसी साल हुई घटनाओं से इसका अनुमान लगाया जा सकता है। साल 2025 में ही सात घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें आधिकारिक तौर पर 81 लोगों की जान जा चुकी है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 14:08 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढ़ 14:16 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | आयुष्मान, 28:06 तक |
| सूर्योदयः | 05:50 |
| सूर्यास्तः | 19:02 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 10:47-12:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:52 |

## जन एक्सप्रेस

### मारेंगे हम गोला !

*चली वहां से गोली तो।*
*मारेंगे हम गोला ।।*
*अब माया और ममता की।*
*दिए उतार चोला ।।*
*फिर भी अब तक हमने।*
*ताकत है दिखाई ।।*
*हर मोर्चे पर दुश्मन ने।*
*है मुंह की ही खाई ।।*
*नहीं हैं डरने वाले।*
*ना कोई विराम ।।*
*जान चुकी ये दुनिया।*
*कर सकते तमाम ।।*
*लेकिन अब तक संयम से ही।*
*लिया है हमने काम ।।*
*दूर दूर तक गूंज उठा।*
*आखिर अपना नाम ।।*



**- कृष्णेन्द्र राय**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डायबिटीज में उपमा खाना सही है या नहीं?

**जिन** लोगों को डायबिटीज है, उनके मन में कुछ भी खाने से पहले एक सवाल जरूर आता है कि कहीं वो चीज खाने से उनका शुगर तो नहीं बढ़ेगा? भारतीय नाश्ते में ऐसी कई रेसिपीज हैं, जो सामान्यतः हेल्दी समझी जाती हैं। लेकिन डायबिटीज वालों के लिए भी वह हेल्दी होंगी, ऐसा सीधे तौर पर नहीं कहा जा सकता। ऐसा ही एक कन्फ्यूजन उपमा को लेकर भी है। डायबिटीज में उपमा को कई लोग हेल्दी मानकर सुबह का नाश्ता बना लेते हैं, तो कुछ लोग इसे पूरी तरह से अवॉयड करते हैं।

**पहले समझें कि उपमा क्या है?:** उपमा एक साउथ इंडियन डिश है जो ज्यादातर सूजी (रवा) से बनाई जाती है। इसमें प्याज, गाजर, मटर, टमाटर जैसी सब्जियां और हल्का तेल या घी डाला जाता है। ऊपर से राई, करी पत्ते और मूंगफली जैसे तड़के से इसका स्वाद बढ़ाया जाता है। अब सवाल ये है कि इसमें इस्तेमाल होने वाली चीजें डायबिटीज में कितनी सही हैं?

**क्या डायबिटीज में सूजी यानी रवा खा सकते हैं?:** सूजी एक रिफाइंड अनाज है, जो गेहूं से बनता है लेकिन इसमें से फाइबर का हिस्सा निकल जाता है। इस कारण से इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स (त्वढ्ढ) थोड़ा ज्यादा होता है। ज्यादा ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स वो होते हैं, जिन्हें पचने में समय कम लगता है और तेजी से पचकर ये फूड्स ब्लड शुगर तेजी से बढ़ा सकते हैं। ऐसे में अगर, डायबिटीज वाले लोग रोज सूजी वाला उपमा खाएंगे, तो इससे उनके ब्लड शुगर पर निगेटिव असर पड़ सकता है- खासकर अगर उसमें सब्जियां कम और सूजी ज्यादा हो।



**तो क्या डायबिटीज में उपमा खाना ही नहीं चाहिए?:** इस सवाल पर डॉ आशीष कहते हैं कि नहीं, ऐसा नहीं है। डायबिटीज में उपमा को पूरी तरह से मना नहीं किया जाता। बस आपको इसे बनाने और खाने के तरीके में कुछ बदलाव करने चाहिए।

**सूजी की मात्रा कम रखें-** अगर आप पहले एक कटोरी सूजी लेते थे, तो अब उसकी आधी मात्रा लें।

**उपमा में ज्यादा सब्जियां डालें-** उपमा में प्याज, गाजर, टमाटर, मटर, शिमला मिर्च जैसी फाइबर से भरपूर सब्जियां ज्यादा डालें। इनमें मौजूद फाइबर ब्लड शुगर को धीरे-धीरे नहीं, तेजी से बढ़ाने में मदद करूंगा।

**घी या तेल की मात्रा सीमित करें-** हल्का तड़का दें, ज्यादा तेल में तला हुआ उपमा ब्लड शुगर के साथ वजन भी बढ़ा सकता है।

**मूंगफली या ड्राई फ्रूट्स कम डालें-** मूंगफली प्रोटीन देती है लेकिन ज्यादा मात्रा में इसके सेवन से फैट भी बढ़ता है। इसलिए एक कटोरी उपमा में एक चम्मच से ज्यादा मूंगफली न डालें। अगर उपमा को इस तरह से बैलेंस करके बनाया जाए, यानी फाइबर वाली सब्जियां ज्यादा हों, सूजी कम हो, और खाने के साथ प्रोटीन से भरपूर कोई अन्य चीज, जैसे- उबले चने, अंडे, पनीर आदि हो, तो ये डायबिटीज डाइट का हिस्सा बन सकता है।

**डायबिटीज है पर उपमा पसंद है, तो इन बातों का भी रखें ध्यानः** उपमा को ओट्स, दलिया या बेसन से भी बनाया जा सकता है। ये डायबिटीज के लिए बेहतर विकल्प हैं। कोशिश करें कि उपमा नाश्ते में ही खाएं, रात के खाने में नहीं, क्योंकि रात के समय आप जब कम एक्टिव होंगे, तो उपमा आपके ब्लड शुगर पर ज्यादा खराब असर डाल सकता है। इसके अलावा ध्यान रखें कि उपमा खाने के 1 घंटे बाद 15-20 मिनट की हल्की वॉक जरूर करें। कुल मिलाकर डायबिटीज में उपमा पूरी तरह से मना नहीं है, लेकिन उसे कैसे बना रहे हैं और कितना खा रहे हैं, इसका ध्यान रखना जरूरी है। अगर आप फाइबर और प्रोटीन को बैलेंस करते हुए घर का बना हेल्दी उपमा खा रहे है।

## एक्सप्रेस विशेष

# धराली आपदा के सबक

**उत्तराखंड की त्रासदियां साफ चेतावनी दे रही हैं कि यदि अब भी सबक नहीं लिया गया, तो यह क्षेत्र केवल धार्मिक पर्यटन का केंद्र नहीं, बल्कि पर्यावरणीय आपदाओं का स्थायी ठिकाना बन जाएगा। नीतिगत और व्यवस्थागत सुधार तथा इनका सही क्रियान्वयन न हुआ तो यकीन मानिए, भविष्य की त्रासदियां और भी भयावह होंगी।**



**डॉ. सुशील उपाध्याय**

**हिमालयी राज्यों में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की स्पष्ट नीति बने। नदी किनारे निर्माण पर सख्त प्रतिबंध हो, सड़क निर्माण से पहले भू-वैज्ञानिक सर्वे के निष्कर्षों को स्वीकार किया जाए और बड़े प्रोजेक्ट्स के पर्यावरणीय प्रभावों को गंभीरता से लिया जाए।**

**उत्तरकाशी** की ताजा आपदा की गंभीरता को समझना हो तो 12 साल पहले की केदारनाथ त्रासदी को याद करना होगा। उत्तरकाशी जिले में कम से कम तीन जगहों पर बहुत कम अवधि में बादल फटे हैं और उनका परिणाम धराली गांव के एक बड़े हिस्से के गायब होने के रूप में सामने आया है। कितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है, इसका अभी अनुमान लगाना संभव नहीं लेकिन, यह संख्या बड़ी होगी, यह तय है। उत्तराखंड में (पड़ोसी हिमाचल प्रदेश में भी) बादल फटना, भूस्खलन, पहाड़ दरकना-धंसना, नदियों का विकराल रूप धर लेना और अचानक ग्लेशियर फटना बेहद आम घटनाएं हो गई हैं। जो एक डरावना संकेत है। ऐसी हर एक घटना के बाद आमतौर पर प्रकृति को दोष दिया जाता है और भगवान से बचाने की गुहार लगाई जाती है, लेकिन इन दोनों से बात नहीं बनती। उत्तराखंड गठन के 25 साल में पहाड़ों में जितने व्यापक पैमाने पर निर्माण कार्य हुए हैं, हो रहे हैं और लोगों की आवाजाही बढ़ी है, वह चौंकाने वाली है। ये त्रासदियां संकेत दे रही हैं कि विकास के नाम पर प्रकृति के साथ जो खिलवाड़ हुआ है, उसकी कीमत अब लगातार चुकानी होगी। पहाड़ के आम जीवन में यह मान्यता है कि नदी अपने खोए हुए (बल्कि बिल्डरों द्वारा कब्जाए गए) रास्ते पर वापस जरूर आती है, भले ही 100 साल के अंतराल पर आए। धराली में नदी के प्रचंड वेग और उसके साथ बड़ी-बड़ी इमारतों, होटलों, घरों के बहने का दृश्य भयावह था लेकिन इसके लिए नदी बिल्कुल दोषी नहीं है। पहाड़ में प्राकृतिक आपदाएं नई नहीं हैं, ना ही इन्हें पूरी तरह रोका जा सकता है, लेकिन उनकी आवृत्ति और तीव्रता में बढ़ोतरी स्वाभाविक नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से मानवीय हस्तक्षेप का परिणाम है। अगर मोटे तौर पर देखें तो वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण भी हिमालयी क्षेत्र के मौसम में असामान्य परिवर्तन दिख रहे हैं। वर्षा का पैटर्न असंतुलित हो गया है। कभी महीनों तक सबकुछ सामान्य रहता है और फिर कुछ ही घंटों में मौसम तांडव करने लगता है। बादल फटना, जो पहले कभी कभार की घटना थी, अब हर बारिश में बार-बार सामने आ रही है। प्रदेश में विगत दशकों में अनियंत्रित और अनियोजित विकास ने भी परेशानी बढ़ाई है। केदारनाथ आपदा, नाचनी गांव आपदा, रैनी गांव आपदा, जोशीमठ का नीचे धंसना और धराली की आपदा एक भयावह संकेत कर रही है कि कुछ दशकों बाद उत्तराखंड में कई रूपकुंड (जहां आज भी नरकंकाल बिखरे हुए हैं) होंगे। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के नाम पर जो ऑल वेदर रोड बनाई जा रही है, वह यहां के पहाड़ों के मिजाज के अनुरूप नहीं है। कच्चे पर्वतीय ढलानों को काटकर बनाई गई चौड़ी सड़कों ने पहाड़ों की आंतरिक संरचना को कमजोर किया है। इससे भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। सरकार यहां आने वाले लोगों के लिए सुविधाएं विकसित करने पर जोर दे रही है, लेकिन यह समझने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है कि उत्तराखंड और यहां का पहाड़ी इलाका बाहरी लोगों की अनियंत्रित आवाजाही के लायक नहीं है। लोग इतने बेपरवाह हैं कि वे इन दिनों भी बड़ी संख्या में चारधाम यात्रा पर आ रहे हैं। पिछले सप्ताह ही सरकार ने करीब 5 हजार लोगों को केदारनाथ के रास्ते बमुश्किल सुरक्षित निकाला है। पर्यटकों की हर साल बढ़ती संख्या यहां के बुनियादी ढांचे पर दबाव पैदा कर रही है। नदी किनारे बसाहट और अवैज्ञानिक निर्माण ने भागीरथी, मंदाकिनी, अलकनंदा जैसी बड़ी नदियों से लेकर छोटी बरसाती नदियों तक के किनारों को होटलों, होमस्टे और बाजारों से ढक दिया है। यह निर्माण आर्थिक दृष्टि से भले लाभदायक लगे, लेकिन ये आपदा प्रबंधन के मानदंडों पर खरे नहीं उतरते। बाढ़, भूस्खलन या मलबे की घटना इन्हें पूरी तरह नष्ट कर देती है, जैसा धराली में देखने को मिला। इस परिप्रेक्ष्य में बड़ा सवाल यह कि क्या सरकार, प्रशासन और लोगों ने इन संकेतों से कुछ सीखा है? हर त्रासदी के बाद राहत और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया तो आरंभ होती है, लेकिन दीर्घकालिक समाधान और नीतिगत परिवर्तन नदारद रहते हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि आपदाएं कुछ ठेकेदारों और परियोजना संचालकों के लिए लाभ का माध्यम बन जाती हैं। इन सभी घटनाओं ने यह भी स्पष्ट किया है कि उत्तराखंड की आपदा प्रबंधन प्रणाली में खामियां हैं। अग्रिम चेतावनी, स्थानीय प्रशिक्षण, सुरक्षित स्थानों की पहचान जैसे बुनियादी प्रावधान अब भी अधूरे और अपर्याप्त दिख रहे हैं। धराली में लोगों को इतना अवसर भी नहीं मिला कि खुद को बचाने के लिए ऊंचे स्थानों की ओर जा पाते। यदि ग्रहण किया जा सके तो आज का सबक यही है कि हिमालयी राज्यों में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की स्पष्ट नीति बने। नदी किनारे निर्माण पर सख्त प्रतिबंध हो, सड़क निर्माण से पहले भू-वैज्ञानिक सर्वे के निष्कर्षों को स्वीकार किया जाए और बड़े प्रोजेक्ट्स के पर्यावरणीय प्रभावों को गंभीरता से लिया जाए। अन्यथा हम लाशें गिनते रह जाएंगे।

# खाद नहीं अब जीवामृत से लहलहा रहे खेत

## पीलीभीत के किसान अपना रहे प्राकृतिक खेती: जिला गन्ना अधिकारी

- कर्मापुर में जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने देखा जैविक खेती का मॉडल, निराश्रित गौवंश संरक्षण भी बना मिसाल



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिले में अब रासायनिक खादों के स्थान पर जैविक खेती का चलन तेज़ी से बढ़ रहा है। किसान देशी गाय के गोबर और गौमूत्र से तैयार जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत और नीमास्त्र का प्रयोग कर पर्यावरण-संवेदनशील और सस्ती खेती को बढ़ावा दे रहे हैं।इसी क्रम में जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने बीते दिनों सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर के अंतर्गत ग्राम कर्मापुर का भ्रमण किया। यहां उन्होंने जैविक खेती को समर्पित किसान अशोक कुमार के खेत और उनके कार्यों का निरीक्षण किया।

### 50 निराश्रित गायों की सेवा कर रहे किसान अशोक

किसान अशोक कुमार ने जिला अधिकारी को बताया कि उनके पास 50 से अधिक देशी गायें हैं। जो भी गाय सड़कों पर घायल अथवा निराश्रित अवस्था में मिलती है, उसे वह अपने आश्रय स्थल में ले आते हैं। उन्होंने अपने घर पर ही गौ-आश्रय स्थल बना रखा है और उनकी सेवा हेतु तीन लोगों को नियुक्त भी किया है।अशोक कुमार ने बताया कि वह खेती में रासायनिक खादों की जगह 'जीवामृत' और 'घन जीवामृत' का प्रयोग कर रहे हैं। यह जैविक घोल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाता है, पौधों की वृद्धि में सहायक होता है और फसलों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करता है। इससे उत्पाद की गुणवत्ता और पैदावार दोनों में सुधार देखने को मिला है।

### जानिए कैसे बनता है घन जीवामृत

अशोक कुमार ने बताया कि घन जीवामृत बनाने के लिए 50 किलो देशी गाय का गोबर, 5 लीटर गौमूत्र, 2 किलो बेसन, 1 किलो गुड़ और पीपल या बरगद के नीचे की मिट्टी का प्रयोग किया जाता है। यह मिश्रण ड्रम में पानी के साथ तैयार किया जाता है। 10 लीटर घन जीवामृत को 200 लीटर पानी में मिलाकर 24 घंटे के लिए रखा जाता है, फिर छानकर इसका छिड़काव किया जाता है। यह प्रक्रिया 20-25 दिन के अंतराल पर 2-3 बार दोहराई जाती है।

### अधिकारी हुए प्रभावित

भ्रमण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज साहू, सचिव राजेश कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी अवधेश कुमार, अमरनाथ दुबे, गन्ना विकास निरीक्षक राजवीर सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अशोक कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि जैविक खेती न केवल पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है, बल्कि यह किसानों को आत्मनिर्भर भी बनाती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि अधिक से अधिक किसान प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाएं।

## बाढ पीडितो को गोला एसडीएम संग अधिकारियो ने बाटें लंच पैकेट



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** विगत लगभग चार दिनो से हो रही चार दिनो से तराई क्षेत्र मे सारदा नदी ने रौद्र रूप धारण किया है जिसके चलते तहसील गोला क्षेत्र के लगभग डेढ दर्जन गांवो के लोग भाढ के पानी से के चपेट मे आने से भयभीत है,और उनके सामने भीषण रोजी रोटी का संकट आ खडा हुआ है।जिसके चलते गोला उप जिलाअधिकारी युगांतर त्रिपाठी व तहसीलदार भीमचंद्र ब्लाक प्रमुख बिजुआ विरेन्द्र भूषण राज,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय गिरि ने मौके पर पहुंचकर बाढ पीडितो का हाल जाना व उनकी हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया और लगभग 26 सौ लंच के पैकेट डेढ दर्जन गांवो मे भी बाटे गये। वहीं एसडीएम व तहसीलदार मोटर बोट से बाढ से हुये कटान क्षेत्र का दौरा भी किया। अधिकारियो ने बताया मौके पर बाढ पीडितो के लिये बाढ चौकी की स्थापना की गई है जिसमे एन डी आर एफ की एक टुकड़ी पुलिस व तहसील प्रशासन के लोग मौजूद रहेगे।

# डग्गामार ईको वाहनों पर उतरे रोडवेज कर्मचारी, प्रशासन पर उठे सवाल

- 20 ईको गाड़ियां जब्त कर रोडवेज डिपो में खड़ी कीं, अफसरों की चुप्पी पर जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

डग्गामार ईको वाहनों के अवैध संचालन के खिलाफ गुरुवार को रोडवेज कर्मचारियों का आक्रोश फूट पड़ा। बिना किसी आधिकारिक आदेश के कर्मचारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए नौगवां चौराहे से करीब 20 अवैध रूप से संचालित ईको गाड़ियों को जब्त कर लिया और उन्हें रोडवेज डिपो परिसर में खड़ा कर दिया। इस अप्रत्याशित कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट दीपक चतुर्वेदी, एआरटीओ और कोतवाली पुलिस बल पहुंचा, लेकिन कर्मचारियों का आक्रोश शांत नहीं हो सका।

### अवैध ईको संचालन बना खतरा, रोडवेज कर्मचारियों ने उठाई आवाज

कर्मचारियों का कहना है कि ये डग्गामार ईको वाहन बिना किसी वैध परमिट, बीमा और तकनीकी फिटनेस के शहर से लेकर पलिया, पूरनपुर, बरेली और लखनऊ तक के मार्गों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। इन वाहनों में क्षमता से दोगुना सवारियां भरकर जान जोखिम में डाली जा रही है। एक ईको की अधिकतम क्षमता 7 से 8 सवारियों की है। जबकि इनमें 15-16 लोग भरे जा रहे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### बार-बार शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार एआरटीओ और परिवहन विभाग को शिकायतें भेजीं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला। लगातार नजरअंदाजी से परेशान होकर उन्होंने स्वयं ही डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान छेड़ने का निर्णय लिया।

### अफसरों की मौन भूमिका पर जताया गया रोष

कर्मचारियों का कहना है कि यह केवल विभागीय मामला नहीं है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अवैध संचालन पर रोक नहीं लगी, तो समस्त रोडवेज कर्मचारी परिवहन सेवाएं ठप कर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे।

### अवैध वसूली के आरोप, सवालों के घेरे में व्यवस्था

स्थानीय सूत्रों की मानें तो डग्गामार ईको वाहनों के संचालन के पीछे एक संगठित वसूली तंत्र सक्रिय है। जिसकी जानकारी प्रशासन को भी है। इसके बावजूद चुप्पी से यह सवाल उठना लाजिमी है कि कार्रवाई किस दबाव में रोकी जा रही है?

### उदाहरण बनी कर्मचारियों की कार्रवाई

गुरुवार की घटना ने यह साबित कर दिया कि जब प्रशासन जिम्मेदारी से मुंह मोड़ता है, तब आम कर्मचारी भी व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सड़क पर उतर सकते हैं। रोडवेज कर्मियों की यह कार्रवाई प्रशासन के लिए एक चेतावनी है — अब भी समय रहते ठोस कदम न उठाए गए, तो आगामी हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, प्रशासन की लापरवाही का प्रतीक बन जाएगा।

# नेहरू पुस्तकालय की जमीन पर बनेगा आंख का अस्पताल

> नेहरू पुस्तकालय के स्थान पर मार्केट कंपलेक्स और आंख के अस्पताल बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था जो पास हो गया है। टीम सर्वे भी कर चुकी है। जल्द निर्माण का काम शुरू होगा।
> नितिन दीक्षित, अध्यक्ष सहकारी गन्ना विकास समिति



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

वर्षों से प्रस्तावित सहकारी गन्ना विकास समिति के आंख का अस्पताल बनने का रास्ता साफ हो गया है। नीचे मार्केट कंपलेक्स और ऊपरी मंजिल पर अस्पताल बनेगा। प्रस्ताव पास होने के बाद दिल्ली से आई टीम ने अस्पताल बनाने के लिए सर्वे कार्य पूरा किया। अस्पताल का निर्माण पूरा होने तक डॉक्टर गन्ना समिति में बैठकर मरीजों का उपचार करेंगे।

सरकारी गन्ना विकास समिति की पिछले कई वर्षों से होने वाली बोर्ड की बैठक में नेहरू पुस्तकालय की जमीन पर आंख का अस्पताल बनाने का प्रस्ताव भेजा जाता रहा। हाल ही में हुई समिति की बोर्ड की बैठक में भी नेहरू पुस्तकालय के जर्जर भवन के स्थान पर नए भवन में मार्केट कंपलेक्स और आंख का अस्पताल बनाने का प्रस्ताव भेजा गया। इस बार भेजा गया प्रस्ताव सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष नितिन दीक्षित के प्रयास से पास हो गया। नेहरू पुस्तकालय के स्थान पर जल्द ही अस्पताल के निर्माण कार्य शुरू होगा। कुछ दिन पहले ही दिल्ली से पहुंची टीम ने अस्पताल बनाने के लिए जगह का सर्वे किया और वापस लौट गई। इससे शीघ्र ही अस्पताल बनने की उम्मीद जग गई है। अस्पताल के लिए डॉक्टर की नियुक्ति भी की जा चुकी है। एक सितंबर से डॉक्टर पूरनपुर पहुंचेंगे। अस्पताल भवन निर्माण का काम पूरा न होने तक डॉक्टर सहकारी गन्ना विकास समिति में बैठकर मरीजों को देखेंगे और उनका उपचार करेंगे। इससे आंख के मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी। अस्पताल का निर्माण का काम पूरा होने के बाद समिति में बैठने वाले डॉक्टर अस्पताल में बैठकर मरीज को अपनी सेवाएं देंगे।

# व्यापारी और अधिवक्ताओं ने अमेरिकी उत्पादों का किया विरोध



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

अमेरिका के पचास फीसदी टैरिफ लगाने पर व्यापारियों में नाराजगी है। पूरनपुर में व्यापारी और अधिवक्ताओं ने इसको लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अमेरिका को सबक सिखाने के लिए अमेरिकी वस्तुओं का उपयोग न करने की अपील की गई। अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर पचास फीसदी टैरिफ लगाने का निर्णय लिया है। इससे कई वस्तुएं महंगी हो जाएंगी जिसका सीधा असर व्यापार पर पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति की इस मनमानी को लेकर गुरुवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल और अधिवक्ता संघ ने स्टेशन चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारी नेता हंसराज गुलाटी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह टैरिफ वापस नहीं लिया तो भारत में उनके उत्पाद नहीं बिकने देंगे। पूरे भारत से व्यापारी अमेरिकी कंपनी और उनके उत्पादों का विरोध करेंगे। अमेरिका को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस दौरान लगाए गए पचास फीसदी टैरिफ को अनुचित बताते हुए उसे वापस लेने की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना, सर्राफा संघ के अध्यक्ष संजय गुप्ता, अशोक खंडेलवाल, जाहिद खान, नवीन खंडेलवाल, विजयपाल सिंह विक्की, दीपक अग्रवाल, हरि गोविंद बाजपेई, संजय पांडे, सुरेंद्र अग्रवाल, राहुल जायसवाल, संजीव गुप्ता, बलजीत सिंह खैरा, शाहजी खान, सलमान खान, सचिन गुप्ता, आशीष रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## लालबोझी व कामतापुरवा के 325 बाढ़ पीड़ितों को बांटी गई राहत सामग्री

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** तहसील निघासन क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत कार्य तेज कर दिए गए हैं। लगातार बारिश के चलते लालबोझी गांव में पानी भर जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गुरुवार को लुधौरी बाजार के टीन शेड में क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान एसडीएम राजीव निगम, तहसीलदार मुकेश कुमार, कानूनगो लक्ष्मण यादव व लेखपाल स्वाती सिंह मौजूद रहे।लालबोझी व कामतापुरवा के कुल 325 बाढ़ पीड़ितों को प्रशासन की ओर से राहत सामग्री वितरित की गई।वितरण से पहले विधायक शशांक वर्मा ने स्वयं राहत किट खोलकर उसमें रखे सामान की गुणवत्ता व वजन की जांच की।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री में यदि गुणवत्ता या तौल में कोई कमी पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार व प्रशासन आपके साथ खड़ा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरतमंद परिवारों को समय से मदद मिले और किसी को भी राहत से वंचित न रखा जाए।

# कोतवाली गेट से नगरपालिका चौराहे तक दो घंटे जाम में फंसे रहे राहगीर



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

सड़कों पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े होने से कोतवाली गेट से नगर पालिका चौराहे तक भीषण जाम लग गया। दो घंटे राहगीर जाम में फंसे रहे। स्थिति गंभीर होने पर यातायात पुलिस ने सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाकर बमुश्किल जाम खुलवाया। कस्बे में पार्किंग व्यवस्था न होने से लोग सड़क किनारे कार और बाइक आदि वाहन खड़े कर देते हैं। इससे आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसके अलावा बाजार में सड़को पर दुकानदारों के अतिक्रमण करने से भी वाहनों का निकला मुश्किल हो जाता है। गुरुवार को सड़क किनारे खड़े वाहनों की वजह से कोतवाली गेट से नगर पालिका चौराहे तक भीषण जाम लग गया। कार, बाइक और ई रिक्शा घंटों जाम में फंसे रहे। काफी प्रयास के बाद भी लोगों को जाम से मुक्ति नहीं मिल सकी। सीएचसी के दोनों गेट पर जाम लगा होने से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जाम फंसे होने पर वाहन चालकों में नोकझोंक होने लगी। शोरशराबा होने पर जानकारी कोतवाली पुलिस को लगी। पुलिस ने यातायात पुलिस को सूचना देकर बुलाया। यातायात पुलिस कर्मियों ने नगर पालिका चौराहे के पास सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवा कर बमुश्किल जाम खुलवाया। इस दौरान लगभग 2 घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। उसके बाद नगर पालिका चौराहे पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। वाहन रेंगते रहे। जाम में फंसे होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

## तालब में डूबने से युवक की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** थाना मोहम्मदी की पुलिस चौकी मुड़ानिजाम क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया कप्तान में एक व्यक्ति पानी में डूब गया सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी मूडानिजाम विक्रांत चौधरी मय हमराही फोर्स के साथ तत्काल घटनास्थल पर तो मालूम हुआ तालाब में वर्षा के कारण अत्यधिक पानी भर गया था जिसमें रमाकांत पुत्र लालाराम उर्फ मुंशी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया कप्तान युवक पिपरिया कप्तान के तालब मे डूब गया जिसको ढूंढने के लिए चौकी प्रभारी विक्रांत चौधरी ने गोताखोरों को बुलाकर गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक को तालाब से बाहर निकाला गया जब तक युवक की मृत्यु हो चुकी थी मृतक के शव का पंचायतनमा की कार्रवाई कर शव को सील कर जिला मुख्यालय भेज दिया मृतक अपने पीछे पत्नी सीमा, बड़ा लड़का राहुल उम्र 16 वर्ष,छोटा लडका गोलू उम्र 8 वर्ष लडकी शीतल 11 वर्ष छोड गया मृतक रमाकांत मजदूरी करके अपने परिवार का जीवन चलता था उसके जाने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है कमाने वाला कोई नहीं रह गया है उसके बच्चों के आगे रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है वहीं परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है घटनास्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार बालकराम, हल्का लेखपाल अमरीश कुमार मौजूद रहे।

# कुंभी गोला ब्लॉक में सीडीओ का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



ब्लॉक कुंभी गोला में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सीडीओ अभिषेक कुमार ने अचानक ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्था पर अफसर ने सख्त रुख अपनाया और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई।आधे कर्मचारी नदारद, बिना सूचना गायब मिले गायब। सीडीओ जब ब्लाक कुम्भी के कर्यालय पहुंचे तो उपस्थिति रजिस्टर की जांच में खुलासा हुआ कि 30 में से 15 कर्मचारी अनुपस्थित हैं। इनमें से 10 संविदा और 5 नियमित कर्मचारी बिना किसी सूचना के गायब पाए गए। इस पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने निर्देश दिए कि नियमित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटा जाए और संविदा कार्मिकों का मानदेय तत्काल प्रभाव से बाधित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की छत बरसात के कारण जगह-जगह से टपकती मिली, जिससे कर्मचारी भी परेशान दिखे। सीडीओ ने इस लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए बीडीओ को छत की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि जनहित से जुड़े कार्यालयों में अनुशासन और उत्तरदायित्व सर्वोपरि है। लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे। अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी और निर्माण कार्यों में देरी करने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी। निर्माणाधीन कार्यालय का काम ठप, भड़के सीडीओ।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर में निर्माणाधीन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का भी जायजा लिया। मौके पर कोई काम नहीं चल रहा था, मजदूर नदारद थे और निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी थी। इस पर सीडीओ ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को तत्काल कार्य शुरू कराने और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दिल्ली से चोरी हुई बाइक के साथ आरोपी पकड़ा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** गुरुवार को कोतवाली पुलिस खुटार हाइवे पर सिमरिया मोड के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध बाइक पुलिस ने पकड़ ली। बाइक चालक कलमुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी गहलुइया से बाइक के दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दिखा सका। पुलिस ने उसे बाइक सहित पकड़ लिया। बाइक में फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी। कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी के पास बरामद हुई बाइक दिल्ली के पटेलनगर से चोरी की गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी कलामुद्दीन को जेल भेज दिया।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से लाखों की धोखाधड़ी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** विदेश भेजने के नाम पर युवक से धोखाधड़ी कर ली गई। वीजा न मिलने पर युवक ने रुपए वापस मांगे तो धमकी दी। पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी पाल सिंह ने वताया घनश्यामपुर निवासी एक युवक ने उससे कहा कि वह बिदेश भेजने का काम करता है। उसके पुत्र जरमन सिंह को विदेश भेजने के लिए उसको झांसे में ले लिया। युवक ने वीजा बनवाने के नाम पर पीडित से रुपयों की मांग की, जिस पर पीडित ने तीन लाख पचास हजार रुपये युवक को दे दिए। रुपये देने के बाद भी उसके पुत्र जरमन सिंह को वीजा नहीं मिल सका। जिस पर पीडित ने युवक से जानकारी की तो वह टाल मटौल करने लगा। काफी समय जीतने के बाद जब उसने अपने रुपए वापस मांगे तो एक लाख रुपये पीडित को वापस कर दिया। शेष दो लाख पचास हजार रुपए नहीं दे रहा है। कईबार उसने अपने रुपये मांगे लेकिन वह टाल मटोल कर टरका देता है। उसने जब फिर से रुपए मांगे तो उसके साथ गाली गलौज करने लगे, रुपये मांगने पर पीडित को धमकाया। पीड़ित ने थाने पहुंच कर पुलिस से शिकायत की है। लेकिन कार्रवाई नही हुई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मलकीत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### पशु चराने गया ग्रामीण हुआ लापता, नहीं लगा सुराग

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** पशु को लेकर गया एक युवक अचानक गायब हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी युवक का पता नहीं चल सका। नाला के पास मगरमच्छ देखे जाने से कई तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं। थाना हजारा क्षेत्र के गांव राघव पुरी के रहने वाले मोहन सिंह (32) छीला सिंह बुधवार को मवेशी चराने गया था। ग्रामीणों ने उसे सतिया नाला के पास मवेशी चराते देखा। शाम को मोहन सिंह अचानक गायब हो गया। उसके घर न लौटने पर परिजन परेशान हो गए। उन्होंने खेतों की ओर जाकर खोजबीन की लेकिन मोहन का पता नहीं चल सका। जानकारी लगते ही काफी संख्या में ग्रामीण सुतिया नाले के पास पहुंच गए। इस दौरान नाले के पास विशालकाय मगरमच्छ देखा गया। मोहन के कपड़े भी नाले के पास पड़े हुए मिले। युवक के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### पाठशाला लगाने वाले सपा नेता की पुलिस से शिकायत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** पीडीए पाठशाला लगाकर युग्मन प्रक्रिया का विरोध करने वाले सपा युवा नेता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। शिक्षा विभाग इसको लेकर गंभीर है। गांव में स्कूल संचालित होने के बावजूद पीडीए पाठशाला लगाने वाले सपा नेता की शिकयत खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने पुलिस से शिकायत की है। बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश के बाद गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह कोतवाल सतेंद्र कुमार से मिलने पहुंचे। उन्होंने पूरे प्रकरण को बता कर मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग की ओर से दी जाने वाली तहरीर का इंतजार कर रही है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले में मुकदमा पंजीकृत करेगी। इससे पाठशाला लगाने वाले सपा नेता मुश्किल में पड़ सकते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बीएसए से पाठशाला लगाने के मामले में पुलिस से शिकायत करने के आदेश है। इसको लेकर कोतवाल से वार्ता की गई। जल्द ही तहरीर दी जाएगी।

### दो महीने पहले अठारह लाख से बना नाला धंसा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** लाखों की लागत से बना नाला पानी निकास से पहले ही धंस गया जिससे धांधलेबाजी की पोल खुल गई। जिला पंचायत सदस्य ने मामले की शिकायत की है। घटिया सामग्री से नाला बनाए जाने की चर्चा हो रही है। तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में पानी निकास की बड़ी समस्या थी। ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत से गांव के पानी के निकास के लिए 18 लाख की लागत से 200 मीटर नाला बनाया गया। लगभग 2 महीने पहले बने इस नाले में अभी पानी निकास शुरू भी नहीं हो सका था। इससे पहले ही नाला धंस गया। नाला निर्माण में लगाई गई सामग्री की सच्चाई सामने आ गई। बिना पानी निकासी के ही नाला खराब हो गया। जानकारी लगते ही ग्रामीणों में नाला निर्माण में की गई घपलेबाजी को लेकर कई तरह की चर्चाएं होने लगी। चर्चा है कि नाला निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लगाई गई। इससे नाला बिना चले ही 2 महीने बाद खराब हो गया। जिला पंचायत सदस्य मनजीत सिंह ने बताया कि नाला क्षतिग्रस्त होने की जानकारी लगी है। इस मामले में विभागीय अधिकारियों से बात की गई। ठेकेदार ने बरसात के बाद नाला निर्माण कराने को कहा है।

### राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान शुरू

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश पर जनपद में 01 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है।जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सैयद माऊज बिन आसिम के निर्देश पर विभिन्न न्यायालयों द्वारा उपयुक्त दीवानी मामलों को मध्यस्थता हेतु संदर्भित किया गया है।अभियान के तहत वैवाहिक विवाद, सड़क दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, बैंक चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी विवाद, शमनीय अपराध, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति विवाद, बेदखली व भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों को सुलह-समझौते के जरिए निपटाया जा रहा है। मध्यस्थ अधिवक्ताओं की सक्रिय भूमिका में अब तक 36 मामलों का शांतिपूर्ण व सफल समाधान कराया जा चुका है। शेष मामलों पर भी कार्यवाही जारी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पक्षकारों से अपील की है कि वे आगे आएं और इस अभियान का लाभ उठाकर अपने विवादों का समाधान आपसी सहमति से कराएं।

# घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी लोगों को खिलाएंगे फाइलेरिया की दवा





**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

जिले में फाइलेरिया बीमारी को रोकने का अभियान चलने जा रहा है।इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर दवा खिलाएगी। अभियान में लगी एक टीम पर 25 लाख लोगो को दवा खिलाने का लक्ष्य रहेगा।अभियान 10 अगस्त से 28 अगस्त तक संचालित किया जायेगा। इसमें सोमवार, मंगलवार, गुरूवार, शुक्रवार को एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों तथा महिला एवं पुरूषों को आशा एवं फ्रन्टलाइन वर्कर्स घर-घर जाकर फाइलेरिया रोग की दवा खिलाएगी।सीएमओ डा. संतोष गुप्ता ने फाइलेरिया रोग के फैलने, फाइलेरिया होने के कारण सहित फाइलेरिया से बचाव में दवा को खिलाने के बारे में बताया। सीएमओ डा. संतोष गुप्ता ने बताया कि 10 अगस्त से 28 अगस्त तक फाइलेरिया रोकने को अभियान चलेगा। फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक तरह का संक्रामक रोग है।इसे हाथी पांव,एलीफैन्टेसियासिस के नाम से भी जाना जाता है। इसके लक्षण पैरो में सूजन, हाथ में सूजन, पुरूषों में हाइड्रोसील, महिलाओ के स्तनो में सूजन होती है।जिले में अब तक 3500 रोगी निकले है।इसकी रोकथाम के लिये अभियान चलाया जा रहा है। जिले के आठ ब्लाकों नकहा, बेहजम, फरधान, फूलबेहड़, रमियाबेहड़, पलिया, कुम्भी (गोला) एवं धौरहरा में घर घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। सात ब्लाकों में सीएचसी पर बूथ लगाकर दवा का खिलाई जायेगी। नगरीय क्षेत्र में सात टीमें सार्वजनिक स्थानों पर एवं समस्त राजकीय एवं गैर सरकारी कार्यालयों में बूथ लगाकर दवा का सेवन करायेगी।

## तिकुनिया हिंसा केस के गवाहों को धमकाया जा रहा आशीष मिश्रा पर लगे संगीन आरोप

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के तिकुनिया हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा उर्फ मोनू के खिलाफ गवाह को प्रभावित करने के आरोपों की जांच के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया है। यह मामला किसान आंदोलन के दौरान हुई हिंसा से जुड़ा है, जिसमें पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा पर गंभीर आरोप लगे हैं।दावा किया गया कि आशीष ने गवाह को गवाही न देने के लिए धमकी दी।सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता की ओर से एफआईआर दर्ज न करने पर पुलिस पर नाराजगी जताई।कोर्ट ने कहा कि अगर शिकायतकर्ता पुलिस के सामने आने में हिचकिचा रहा है, तो पुलिस को खुद जांच के लिए अधिकारी भेजना चाहिए. कोर्ट ने लखनऊ के पुलिस अधीक्षक से इस मामले में हलफनामा दाखिल करने का भी आदेश दिया है. साथ ही, निचली अदालत को निर्देश दिया गया कि वह 20 अगस्त, 2025 तक जितने हो सके उतने गवाहों की गवाही पूरी करे।इस मामले में वकील प्रशांत भूषण ने आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने की मांग की, जिसमें उन्होंने गवाह को धमकाने का आरोप लगाया. भूषण का कहना था कि गवाहों पर दबाव बनाया जा रहा है।वहीं,आशीष मिश्रा के वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इन आरोपों के कोई सबूत नहीं हैं और बार-बार बिना आधार के ऐसी शिकायतें की जा रही हैं।



# कानपुर से रोडवेज बस में आया था 14 क्विंटल मिलावटी खोआ, पकड़ा गया

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



बुधवार सुबह बांदा डिपो की गोरखपुर आई बस में 31 बोरी खोआ कानपुर में लोड किया गया था। इसकी जानकारी होने पर रोडवेज के आरएम लव कुमार व अन्य अफसर इस बस की तलाश करते हुए पहुंचे। चालक-कंडक्टर ने इस बस को रोडवेज परिसर के बजाय डीएम कार्यालय के नजदीक सड़क पर खड़ा किया था।

कानपुर से मिलावटी खोआ आने का धंधा रुक नहीं रहा है।

बुधवार सुबह बांदा डिपो की एक बस में रखे 31 बोरी खोआ को रोडवेज के अफसरों ने पकड़ा और खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित किया। मौके पर कोई इसका दावेदार नहीं आया। हालांकि, दोपहर बाद दो व्यापारी इसमें से 26 बोरी खोआ को अपना बताते हुए ले गए। पांच बोरी खोआ विभाग में जब्त है। सभी का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। चर्चा है कि रक्षाबंधन में मिठाई की खपत को देखते हुए खोआ मंगाया जा रहा है।

बीते साल दशहरा-दिवाली और इस साल होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया।

उस दौरान रोडवेज बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर भी बड़ी मात्रा में कानपुर का मिलावटी खोआ पकड़ा गया था। लगातार कार्रवाई हुई तो खोआ मंडी के व्यापारियों ने भी मिलावटी खोआ बेचने से हाथ खड़ा किया था। लेकिन कुछ महीने की शांति के बाद ही यह धंधा फिर पुराने ढर्रे पर लौट आया है। बुधवार सुबह बांदा डिपो की गोरखपुर आई बस में 31 बोरी खोआ कानपुर में लोड किया गया था।

इसकी जानकारी होने पर रोडवेज के आरएम लव कुमार व अन्य अफसर इस बस की तलाश करते हुए पहुंचे। चालक-कंडक्टर ने इस बस को रोडवेज परिसर के बजाय डीएम कार्यालय के नजदीक सड़क पर खड़ा किया था।

अफसर वहां पहुंचे और कंडक्टर-चालक से गड़ी में लदी बोरियों के बारे में पूछताछ की तो तब मामला खुला। इसकी सूचना मिलने पर सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और बोरियों को बस से उतरवाकर कब्जे में ले लिया। दोपहर बाद खोआ मंडी के दो व्यापारी पहुंचे और इसे अपना बताते हुए 26 बोरी खोआ ले गए। पांच बोरी खोआ अभी भी खाद्य सुरक्षा विभाग के दफ्तर में रखा है।

> ''कानपुर से बस में मिलावटी खोआ आने की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम प्राइवेट बस स्टेशन पर तलाश में लगी थी। इसी दौरान खबर मिली कि रोडवेज की बस में बड़ी मात्रा में खोआ आया है। वहां पहुंचकर सारा माल जब्त किया गया। दोपहर में खोआ मंडी के दो व्यापारी इसे अपना बताते हुए पहुंचे। नियमानुसार खोआ का सैंपल लेकर बाकी माल उन व्यापारियों को सुपुर्द कर दिया गया। अगर कोई मिलावटी मिलता है तो संबंधित के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा।''
>
> **-डॉ. सुधीर कुमार सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य**

## 24 घंटे में एक मीटर बढ़ा गोर्रा का जलस्तर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

नेपाल और पूर्वी यूपी में एक सप्ताह से बारिश का असर गोर्रा और राप्ती नदी के जलस्तर पर दिखने लगा है। बीते 24 घंटे में गोर्रा नदी के जलस्तर में एक मीटर और राप्ती नदी में 75 सेमी बढ़ोतरी हुई। तेजी से नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से बंधों के संवेदनशील स्थानों पर हो रहे कटान पर दबाव बढ़ने लगा है। जिसको देख तटवर्ती गांव के लोगों में बंधा कटने का भय बढ़ता जा रहा।

बुधवार को गोर्रा नदी 68.30 मीटर और राप्ती 68.10 मीटर पर बह रही थी। मंगलवार की दोपहर पिड़रा पुल के गेज के अनुसार गोर्रा नदी का जलस्तर 67.20 मीटर था। गोर्रा और राप्ती नदी का लाल निशान 70.50 मीटर है। नदी पुल के एप्रोच के दोनों तरफ बैकरोलिंग कर कटान कर रही है। गोर्रा नदी का दबाव बंधे और नदी के बीच बसे नरायनपुर और बहोरा दलपतपुर गांव की मकानों पर बना है। नदी सीधे मकानों पर ठोकर मार रही है। यहां जलस्तर घटने पर कटान होने की संभावना प्रबल है। तिघरा मराछी बांध पर राप्ती नदी माझा नरायन, नीबा मठिया, भेड़ी गांव के समीप बंधे से सट कर बह रही है।

# सीबीएसई ने जारी किए सैंपल पेपर, पैटर्न में कोई बदलाव नहीं

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं के लिए नए सैंपल पेपर जारी किए हैं। परीक्षा का पैटर्न पिछले साल जैसा ही रहेगा। शिक्षकों को सैंपल पेपर को शिक्षण योजना में शामिल करने को कहा गया है। बोर्ड परीक्षा का आयोजन फरवरी 2026 में होगा। सैंपल पेपर छात्रों को बेहतर तैयारी में मदद करेंगे और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन करेंगे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं व 12वीं के लिए नए सैंपल पेपर और मार्किंग स्कीम (उत्तर लिखने के तरीके) जारी कर दिए हैं। सैंपल पेपर सभी छात्रों और शिक्षकों के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। बोर्ड ने स्कूलों को स्पष्ट किया है कि इस बार भी परीक्षा का पैटर्न पिछले साल जैसा ही रहेगा, यानी कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे छात्रों को तैयारी करने में आसानी होगी, क्योंकि इस बार भी उन्हें पुराने तरीके से ही पढ़ाई करनी है। सीबीएसई ने शिक्षकों से कहा है कि वे सैंपल पेपर को नियमित की रुटीन पढ़ाई की योजना में शामिल करें। मार्किंग स्कीम कक्षा 10वीं व 12वीं दोनों के लिए एक समान रहेगी। भाषा के प्रश्नपत्रों को छोड़कर, ज्यादातर सैंपल पेपर्स प्रश्न, मार्किंग स्कीम के साथ अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में दिए गए हैं। सीबीएसई की ओर से बोर्ड परीक्षा का आयोजन फरवरी 2026 में किया जाएगा। सैंपल पेपर्स में सामान्य निर्देश, अधिकतम अंक व सेक्शन के अनुसार अंक दिए गए हैं। इस सत्र में दो बार परीक्षा होगी। जबकि 2026 से 10वीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष में दो बार ली जाएगी। पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में होगी और दूसरी परीक्षा मई में होगी।

पहली मुख्य परीक्षा होगी और दूसरी सुधार परीक्षा कहलाएगी। बोर्ड की इस घोषणा के बाद से छात्रों में परीक्षा और अंक पैटर्न में बदलावों को लेकर कयास लगाए जा रहे थे, इसलिए बोर्ड ने पहले ही सैंपल पेपर जारी कर दिया है।

# एयरफोर्स की सुरक्षा में तैनात EX लांस नायक ने खुद को मारी गोली, मौत

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




एजेंसी के मुताबिकए दो घंटे की ड्यूटी और चार घंटे का विश्राम देकर 24 घंटे की ड्यूटी ये सेवा निवृत्त जवान करते हैं। इसी शिफ्ट में जीतेंद्र की ड्यूटी समाप्त होने के बाद उन्होंने खुद को गोली मार ली। जीतेंद्र मूल रुप से बिहार के बताए जा रहे हैं।

सुरक्षा में तैनात डीएससी ; डिफेंस सिक्योरिटी कॉर्प्सद्ध के जवान सेवानिवृत्त लांस नायक जीतेंद्र सिंह ने गुरुवार तड़के ड्यूटी के दौरान अपनी सर्विस रायफल ;।ज्ञ.103द्ध से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान की मौके पर ही मौत हो गई। एम्स थाना पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

घटना गुरुवार सुबह करीब चार बजे की है जब एयरपोर्ट पर ड्यूटी में तैनात डीएससी जवान जितेन्द्र सिंह ; 49द्धए निवासी अंकोल गांवए मतेरए जिला छपरा ;बिहारद्ध ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज से मौके पर तैनात अन्य जवान और अधिकारी चौंक गए। तुरंत मेडिकल टीम बुलाई गईए लेकिन तब तक जितेन्द्र की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। जितेन्द्र सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद एयरपोर्ट पर डीएससी में सुरक्षाकर्मी के रूप में सेवा दे रहे थे। वे शांत और अनुशासित स्वभाव के माने जाते थे। आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैंए लेकिन पुलिस पारिवारिक या मानसिक तनाव की दिशा में जांच कर रही है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही एम्स थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी और डीएससी के वरिष्ठ अधिकारी भी मामले की आंतरिक जांच कर रहे हैं।

## महिलाओं पर हिंसा के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वीमेन एसोसिएशन की महिलाओं ने तहसील संयोजक पूनम यादव के नेतृत्व में बुधवार को तहसील में धरना-प्रदर्शन कर प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ती हिंसा, यौन शोषण, हत्या, अपहरण और सांप्रदायिक घटनाओं पर कड़ा विरोध जताया। प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्री ज्ञापन उप जिलाधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार सुशील तिवारी को सौंपा। उन्होंने प्रदेश में पांच हजार परिषदीय विद्यालयों के मर्जर का आदेश वापस लेने, प्रयागराज के करछना में घटना के दौरान गिरफ्तार अनुसूचित जाति के युवकों को रिहा करने, आशा, आंगनबाड़ी और रसोइयों को राज्य कर्मचारी घोषित करने, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के सभी कर्ज माफ करने और बिजली बिल माफी की मांग की है।

# नेपाल से अवैध मार्ग से भारत में प्रवेश कर रही बैंकॉक की महिला, दो भारतीयों संग गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



पूछताछ में दोनों पुरुष अपना नाम कैलाश निवासी पुरषोत्तम पुर थाना नौतनवां और दूसरा इदू निवासी खरहरवा थाना कोल्हुई तथा महिला ने पूछताछ में अपना नाम मिस सुपाप्रोन निवासी थाईलैंड बताया।

सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी डंडा हेड के जवानों ने अवैध रास्ते से थाईलैंड की एक महिला सहित दो भारतीय पुरुष को पकड़कर अग्रिम कार्रवाई हेतु सोनौली पुलिस को सौंप दिया है। सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट विप्लव दौलाऊ ने बताया कि प्रतिदिन की तरह डंडा हेड के जवान गश्त पर निकले थे।

भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 519 से लगभग 6 किमी दूरी पर महुअवा गांव जो अवैध रास्ता है से चार पहिया वाहन से आ रहे थे जिसपर दो भारतीय पुरुष के साथ एक विदेशी महिला पकड़ी गई।

पूछताछ में दोनों पुरुष अपना नाम कैलाश निवासी पुरषोत्तम पुर थाना नौतनवां और दूसरा इदू निवासी खरहरवा थाना कोल्हुई तथा महिला ने पूछताछ में अपना नाम मिस सुपाप्रोन निवासी थाईलैंड बताया।

पूछताछ में बताई कि बैंकाक से नेगी जी और उसका पासपोर्ट और भारतीय वीजा वैध है परन्तु वह इमिग्रेशन चेकपोस्ट सोनौली के स्थान पर महुअवा गांव जो आवागमन के लिए अवैध मार्ग से भारतीय सीमा में कर रही थी। इसलिए थाई महिला को हिरासत में लेकर सोनौली पुलिस को सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है।

# टूटेगा गोरखपुर रेलवे स्टेशन का टिकट बुकिंग हाल और प्रशासनिक भवन, जंक्शन पर मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर जंक्शन का पुनर्विकास तेजी से चल रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए वीआईपी गेट के सामने अस्थायी टिकट बुकिंग हाल और होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा है। पुराने भवन तोड़े जा रहे हैं और नए भवन बनाए जा रहे हैं। जंक्शन पर मल्टी लेवल कार पार्किंग बजट होटल और मल्टीप्लेक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी। दो नए प्लेटफार्म बनने से स्टेशन पर कुल 12 प्लेटफार्म हो जाएंगे।

रेलवे स्टेशन का जनरल टिकट बुकिंग हाल, प्रतीक्षालय और प्रशासनिक भवन टूटेगा। जीआरपी थाना की तरह आरपीएफ थाना भी हटेगा। प्रशासनिक भवन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। वीआइपी गेट के सामने प्री पेड बूथ के पास अस्थायी जनरल टिकट बुकिंग हाल तैयार किया जाएगा।

यात्रियों के ठहरने के लिए अस्थायी टिकट बुकिंग हाल के पास ही होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा। स्टेशन प्रबंधन और लखनऊ मंडल प्रशासन ने जनरल टिकट बुकिंग हाल को दूसरी जगह स्थानांतरित करने और होल्डिंग एरिया के निर्माण की तैयारी तेज कर दी है। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच स्टेशन परिसर में स्थल को लेकर मंथन चल रहा है। स्थल पर मुहर लगते ही जनरल टिकट बुकिंग हाल को स्थानांतरित करने व होल्डिंग एरिया बनाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। गोरखपुर जंक्शन के पुनर्विकास के क्रम में तेजी से नवनिर्माण कार्य चल रहा है। धीरे-धीरे भवन ध्वस्त किए जा रहे हैं। पुराने भवन टूटने के साथ नए भवन बनने लगे हैं। फर्स्ट क्लास गेट और एस्केलेटर के बीच **साउथ-वेस्ट बिल्डिंग** का निर्माण शुरू हो गया है। इस बिल्डिंग में स्टेशन के अफसर और स्टेशन प्रबंधक आदि बैठेंगे। इस बिल्डिंग से ही ट्रेनों का संचालन और मानीटरिंग होगी। उत्तरी गेट (प्लेटफार्म नंबर नौ) पर **नार्थ ईस्ट बिल्डिंग** के नाम से नया भवन बनेगा। इस बिल्डिंग में अधिकारियों के कार्यालय बनेंगे। साथ ही कामर्शियल उपयोग भी होगा। इसके लिए मैकेनाइज्ड लाउंड्री और यांत्रिक कारखाना की बाउंड्रीवाल तथा आसपास के छोटे कार्यालय आदि तोड़ दिए जाएंगे। न्यू वाशिंग पिट के पास नई मैकेनाइज्ड लाउंड्री तैयार की जा रही है। जंक्शन के मेन गेट के पश्चिम जीआरपी थाना और कुली विश्रामालय को तोड़कर मल्टी लेवल कार पार्किंग और कामर्शियल कांप्लेक्स का निर्माण तेज गति से चल रहा है। जीआरपी थाने के पास नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण भी शुरू हो गया है। जंक्शन के पश्चिम तरफ का निर्माण पूरा होने के बाद पूर्व तरफ का कार्य शुरू होगा। जंक्शन के पूर्व तरफ भी मल्टी कार पार्किंग बनेगी। कार पार्किंग के साथ बजट होटल का निर्माण होगा, जहां यात्री ही नहीं आमजन भी होटल का लाभ उठा सकेंगे।

जंक्शन के पूर्व तरफ रेलवे भर्ती बोर्ड और न्यायालय भवन को छोड़कर सभी क्वार्टर तोड़े जाएंगे। क्वार्टर खाली होने लगे हैं। कुछ क्वार्टर तोड़कर रेलवे का विद्युत सब स्टेशन बनाया जा रहा है। पूर्वी छोर से मेन गेट तक ग्रीन फील्ड तैयार किया जाएगा। निर्माण कार्य के चलते स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग कर नया लेन तैयार किया गया है। पुनर्विकास के बाद जंक्शन पर ही बजट होटल, कामर्शियल कांप्लेक्स और रेस्तरां की सुविधा मिल जाएगी। यात्री मल्टीप्लेक्स में मूवी का आनंद उठा सकेंगे।

## क्विज प्रतियोगिता में मेडिकल कॉलेज के दो छात्रों को मिला द्वितीय स्थान

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

एम्स गोरखपुर में अंतर मेडिकल कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सात मेडिकल कॉलेज ने प्रतिभाग किया, जिसमें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के दो छात्रों को द्वितीय स्थान मिला।

प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल व चिकित्सा शिक्षकों ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एम्स गोरखपुर में अंतर मेडिकल कॉलेज के छात्रों की क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें एम्स गोरखपुर, मेडिकल कॉलेज गोरखपुर, आंबेडकर नगर, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, देवरिया के छात्राओं ने हिस्सा लिया। देवरिया मेडिकल कॉलेज के दो छात्रों श्रेयांश व क्रिसलय को द्वितीय स्थान मिला।

# पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय मिल्की रसूलपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11 में विज्ञान वर्ग/कला वर्ग की कक्षाओं में रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार मिश्र ने दी।

उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं 10 नवंबर तक वेबसाइट www.navodaya. gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अथवा विद्यालय में आकर ऑफलाइन आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ फॉर्म विद्यालय में आकर जमा कर सकते हैं या विद्यालय के email jnvkushinagaradmission@gmail.com पर भी प्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा 11वीं में आवेदन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तिथि एक जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के बीच होनी चाहिए। अभ्यर्थी कुशीनगर के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं की परीक्षा 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक पाने वाले आवेदन के पात्र होंगे। विज्ञान वर्ग के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञान विषय में कम से कम 60 प्रतिशत अंक तथा गणित के लिए भी कम से कम 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

# भाई के साथ मवेशी चराने गई किशोरी लापता, तलाश में पुलिस

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

छोटे भाई के साथ सरेह में मवेशी चराने गई खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी अचानक गायब हो गई। पीड़ित परिवार की सूचना पर पहुंची खड्डा पुलिस और एसडीआरएफ की टीम रात से ही गायब किशोरी की तलाश में जुटी है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 12 वर्षीय पुत्री छोटे भाई के साथ मंगलवार को गांव के पश्चिम तरफ सरेह में मवेशी चराने गई थी। शाम को ग्राम प्रधान के गन्ने के खेत में मवेशी घुस गया और फसल को नुकसान करने लगी। तभी प्रधान के परिवार के लोग दौड़ते हुए वहां पहुंचे तो लोगों का शोरगुल सुनकर मवेशी इधर-उधर भागने लगी। इसके बाद ग्राम प्रधान के परिवार वाले मवेशी और किशोरी के भाई को साथ लेकर गांव के पास मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के पुल पर पहुंचे, लेकिन किशोरी गायब है। परिजनों की सूचना पर आई डायल 112 पुलिस पशुओं को छुड़वाते हुए मवेशी को घर ले जाने के लिए कहा।

पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद ग्राम प्रधान के परिवार वाले मवेशी और किशोरी के भाई को साथ लेकर गांव के पास मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के पुल पर पहुंचे, लेकिन किशोरी गायब है। परिजनों की सूचना पर आई डायल 112 पुलिस पशुओं को छुड़वाते हुए मवेशी को घर ले जाने के लिए कहा। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

तहरीर मिलने पर सक्रिय हुई पुलिस एसओजी टीम और एसडीआरएफ की टीम गांव के लोगों के साथ गन्ने के खेत और आसपास सरेह में बुधवार की शाम तक तलाश की, लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चल पाया है।

परिजनों ने ग्राम प्रधान पर उनकी बेटी को गायब करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से छानबीन चल रही है।

## सर्पदंश से मासूम की मौत, परिवार वालों में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

थाना क्षेत्र के करौदी गांव में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जहां जहरीले सांप के डसने से 6 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मासूम की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान करौदी निवासी चंदन गौड़ के पुत्र शनि (6) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक शनि सुबह घर के अंदर सो रहा था, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। चीख सुनकर घरवाले पहुंचे तो बच्चे की हालत बिगड़ चुकी थी। असहाय परिजन उसे आनन-फानन में देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज, देवरिया लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# सॉफ्टवेयर अपलोड...सर्वर स्लो, रजिस्ट्री-राखी की बुकिंग ठप

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



डाक विभाग में चार अगस्त से सॉफ्टवेयर पर काम होना था। विभाग कई दिनों से अपडेट करने के काम में लगा हुआ था। दावा गया कि सभी काम पूरे कर लिए गए हैं। सोमवार से काम सुचारू रूप से होंगे, लेकिन बुधवार को जिले के डाकघरों में सॉफ्टवेयर नहीं चला। इससे आए लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। डाक घर खुले तो सॉफ्टवेयर बहुत धीमी गति से काम कर सका, इससे दिनभर डाकघर में ग्राहकों की आवाजाही लगी रही।

डाक विभाग में सॉफ्टवेयर 2.0 अपडेशन लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। बुधवार को भी सुबह से सॉफ्टवेयर के नहीं चलने से जिले भर के डाकघरों सही ढंग से काम नहीं हो सका। स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, नकदी जमा-निकासी व अन्य काम न होने से लोग परेशान रहे। डाकघरों में स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री न होने से कुरियर वालों की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है। इसमें खासकर महिलाओं की भीड़ है जो अपने भाइयों के लिए राखी भेजने के लिए पहुंचीं है। लोगों का कहना है कि डाक विभाग को अपडेशन कार्य त्योहार बाद करना चाहिए था।

डाक अधीक्षक, पडरौना ललित प्रसाद ने कहा कि डाकघरों में सर्वर का अपडेशन हुआ है। बुधवार को काम हुआ लेकिन तेजी से नहीं हो सका। इसके लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया दिया गया है। जल्द ही सर्वर सही ढंग से काम करने लगेगा। इसके बाद ग्राहकों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए विद्यालयों में चलाया गया संपर्क अभियान

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजन हेतु गायत्री परिवार के सदस्यों ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों में सम्पर्क अभियान शुरू किया है। सदस्यों द्वारा गुरुवार को कई विद्यालयों में संपर्क अभियान चलाया गया। विद्यालयों में बताया गया कि छात्र छात्राओं में नैतिक व मानवीय मूल्यों के वीजारोपण का भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा माध्यम का काम करती है।

जानकारी के अनुसार 7 अगस्त को जिले के कई विद्यालयों में गायत्री परिवार के सदस्यों ने पहुंचकर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विषय में जानकारी दी। सदस्यों द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों में नैतिक व मानव मूल्यों के बीजारोपड़ के उद्देश्य के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन कर रही है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रदेश सहित अपने जनपद बलरामपुर में 8 नवम्बर 2025 को होना है। जिसके लिए गायत्री परिवार के सदस्य परीक्षा के संयोजक गुलाब चन्द भारती के निर्देशन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों के बीच में परीक्षा के उद्देश्य व महत्व को बता रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप कुमार श्रीवास्तव मार्गदर्शन में सुन्दर दास राम लाल इण्टर कालेज बलरामपुर और एम0 पी0 पी0 इण्टर कालेज बलरामपुर में गायत्री परिवार के सदस्यों ने सम्पर्क किया। वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा क्यों आवश्यक है, इसके महत्व के बारे में बताया तथा इसका उद्देश्य शिक्षा ही नहीं विद्या है।

गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी व व्यवस्थापक सतीश चन्द्र मिश्रा ने बताया की इस परीक्षा के आयोजन का उद्देश्य अपनी भारतीय संस्कृति व मानवीय मूल्यों को जागृत करना है। परीक्षा आयोजन समिति के सदस्य सुनील वर्मा ने विद्यालयों के प्रधानाचार्य व सहयोगी शिक्षक को परीक्षा के लिए पंजीकरण फार्म व फाइल सौंपी। एम पी पी इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह व सहयोगी शिक्षक सुरेश यादव तथा सुन्दर दास राम लाल इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरसिंह नाथ मिश्र व सहयोगी शिक्षक लोकेश श्रीवास्तव को साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही परीक्षा में छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक प्रतिभाग कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# 'अग्निवीर 15 अगस्त तक ले सकते हैं स्नातक उपाधि के लिए इग्नू प्रवेश'

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा जुलाई 2025 सत्र में अग्नि वीरों के लिए कौशल आधारित स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो गयी है। थल, जल एवं वायु सेनाओं में अग्निपथ योजना में कार्यरत इच्छुक अग्निवीर इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाकर https://ignoudefence.samarth.edu.in लिंक के माध्यम से 15 अगस्त 2025 तक प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने 7 अगस्त को बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने रक्षा बलों के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है, जिसमें तीनों रक्षा सेनाओं में सेवारत अग्निवीरों के कौशल और सम्बन्धित ज्ञान को बढ़ाने के लिए कौशल आधारित कला स्नातक, वाणिज्य स्नातक, विज्ञान स्नातक, पर्यटन प्रबन्धन में स्नातक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग में स्नातक, कार्यक्रम आरम्भ किया है। यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क और राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के मानदण्डों के अनुरूप समरेखित किया गया है। इस पाठ्यक्रम की पूरी रूपरेखा को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् तथा राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा पूरी तरह से मान्यता दी गयी है। अग्निवीरों को उपाधि अथवा डिप्लोमा इग्नू के द्वारा कार्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात प्रदान की जायेगी।

उप-निदेशक डॉ0 अनामिका सिन्हा ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के बत्तीस जिलों में इग्नू के अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गये हैं और इच्छुक अग्निवीर अभ्यर्थी किसी भी इग्नू अध्ययन केन्द्र पर प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल पर जाकर सर्वप्रथम अपनी डि.ई.बी. आईडी बनानी होगी। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ए.बी.सी. (ABC) आई.डी. बनाकर डि.ई.बी. आईडी के रजिस्ट्रेशन पेज पर अपने ई-मेल आई.डी., आधार तथा मोबाईल नम्बर के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को उत्तीर्ण करके अग्निवीरों के लिए भविष्य में विभिन्न प्रकार की नौकरियों एवं उच्च शिक्षा पाने के अवसर उपलब्ध हो जायेंगे तथा यह डिग्री देश-विदेश में भी मान्य होगी।

# युवक की हत्या में दो आरोपियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना खैर क्षेत्र में जमीनी रंजिश में हुई एक युवक की हत्या के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है।एडीजे तृतीय प्रतिभा सक्सेना की अदालत ने दो दोषी बुजुर्गों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 51-51 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है।

मामला 28 जनवरी 2006 का है जब खैर थाना क्षेत्र के गांव जरारा में गली में गंदगी करने को लेकर विवाद हुआ था। मानसिंह ने पहला मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें यादराम, उसके भाई पोप सिंह, विजयपाल और राजपाल को नामजद किया गया था।विवाद के दौरान आरोपी लाठी-डंडा और बंदूक लेकर आए और मारपीट शुरू कर दी।शोर सुनकर मोहल्ले के कल्लू और रिंकू भी मौके पर आ गए। इसी दौरान पोप सिंह ने बंदूक से गोली चलाई। मानसिंह बाल-बाल बच गए लेकिन कल्लू और रिंकू को 12 बोर के छर्रे लग गए।दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां कल्लू की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसके चेहरे, सीने और पेट में 12 बोर के छर्रे लगे थे। पुलिस ने मुकदमे को हत्या में तब्दील किया।अंतिम संस्कार के बाद कल्लू के पिता रामेश्वर ने एक और शिकायत दर्ज कराई। इसमें उन्होंने मानसिंह, खूबी सिंह, नेपाल सिंह और रामेश्वर पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने पहले दूसरा मुकदमा दर्ज करने से इनकार किया।

# एनसीसी अधिकारियों की बैठक में एनरोलमेंट सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में गुरुवार को 51 वीं यू पी बटालियन एन सी सी बलरामपुर इकाई के तत्वावधान में एम एल के महाविद्यालय सभागार में बलरामपुर, गोण्डा, बहराइच व श्रावस्ती परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर एवं केयर टेकर ऑफिसर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एन सी सी एनरोलमेंट सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार 7 अगस्त को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल ने कहा कि एन सी सी का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व, सौहार्द, साहस की भावना, एक धर्मनिरपेक्ष मानसिकता का विकास करना और युवाओं को निस्वार्थता, उचित अनुशासन सिखाना है। साथ ही, यह कैडेटों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने या अपना करियर चुनने के दौरान उन्हें आश्वस्त करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि बटालियन और शैक्षिक संस्थान के मध्य एन सी सी के ए एन ओ एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं, इसलिए आपकी जिम्मेदारी काफी है और कैडेट्स बड़ी आशा भारी निगाह से अपने एन सी सी अधिकारी की ओर देखता है। इस कारण आप सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि उसके उन्नयन हेतु हर सम्भव प्रयास करें। इस दौरान कर्नल पटवाल ने एनरोलमेंट की प्रक्रिया में तेजी लाने, कैडेटों के खाते में जाने वाले यूनिफॉर्म के पैसे के लिए खातों के स्पष्ट होने,संस्थागत प्रशिक्षण में और ज्यादा समर्पण के साथ कार्य करने के साथ साथ सामाजिक जागरूकता अभियान आदि में बढ़-चढ़कर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर बटालियन के एडम ऑफिसर कर्नल अनुराग गंजवार, मेजर वंदना पाण्डेय, लेफ्टिनेंट डॉ सूर्य भान रावत, लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, लेफ्टिनेंट मदन लाल, लेफ्टिनेंट देव शरण, लेफ्टिनेंट धीरज कुमार, लईक अहमद अंसारी, वंदना पाण्डेय, मार्कण्डेय मिश्र, अतुल, रामेंद्र मिश्र, उदयभान, बृजेश यादव, बटालियन के सूबेदार मेजर बिनय घोष, सूबेदार नंद सिंह, सूबेदार बलविंदर व रजनीश मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना क्वार्सी क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब युवक किसी काम के चलते छत पर गया था।शोर शराबा सुनकर परिजनों के अलावा आसपास के लोग एकत्र हो गए।बिजली विभाग को सूचना देकर लाइन को बंद करवाया और युवक का शव तार से अलग करवाया।मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। आज युवक की मिट्टी लगाई जाइए।जानकारी के मुताबिक थाना क्वार्सी इलाके के।चिलकोरा निशात बाग में रहने वाले नूर हसन एएमयू में कर्मचारी हैं।उनके एक बेटी और 4 बेटे हैं। इनमे चौथे नंबर का 20 वर्षीय बेटा उतर था। उसने घर के पास में पिछले दिनों फास्ट फूड का कॉर्नर खोला था।बीती रात किसी काम के चलते मकान की छत पर गया। छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की छपेट में आ गया और करन्ट लग गया। उसकी चीख पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी भारी संख्या में एकत्र हो गए। घटना से इलाके के खलबली मच गई।बिजली विभाग को सूचना देकर हाईटेंशन लाइन से करंट बन्द करवाया। इसके बाद बिजली के तार से अलग किया।लेकिन जब तक उसकी मौत हो चुकी थी।इसी दौरान इलाका पुलिस भी हादसे की खबर पाकर मौके पर पहुँच गई।

# सरयू नहर में दिखी डॉल्फिन को वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

जन एक्सप्रेस। सादुल्लानगर] बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के विकास खंड रेहरा बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत विशम्भरपुर के पास सरयू नहर के इटवा रजवाहा में गुरुवार को डॉल्फिन मछली निकलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। डॉल्फिन को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू करके सरयू नदी में छोड़ने की तैयारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार 7 अगस्त को सरयू नहर में डॉल्फिन दिखाई देने पर हर काम पर मच गया। डॉल्फिन देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यह दृश्य लोगों के लिए किसी अजूबे से कम नहीं था। मनसा लाल, राज कुमार, सुशील व उमंग नामक ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही रेंजर वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में वन दरोगा बहुश्रुति यादव, सुभाष यादव, सूरत, मनीराम, चंद्रभान व पतिराम सहित छह सदस्य शामिल रहे। स्थानीय ग्रामीणों बरसाती, हामिद, माजिद, सुनील व लल्लू के सहयोग से करीब पांच फुट लंबी डॉल्फिन को सुरक्षित पकड़ा गया। रेंजर वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि यह डॉल्फिन सरयू नदी में छोड़ी जाएगी ताकि वह अपने प्राकृतिक वातावरण में सुरक्षित रह सके। ग्रामीणों के अनुसार, यह पहला मौका है जब किसी ने इस नहर में डॉल्फिन देखी है। डॉल्फिन को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग मौके पर पहुंचे और वीडियो व फोटो भी बनाए।

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यालय पर बैठक

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल भवन में गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गुरुवार को जिला कार्य योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई।

जानकारी के अनुसार 7 अगस्त को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी रहे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है। भाजपा की ओर से जिले में मंडल से लेकर बूथ स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आगामी 10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है। यात्रा के दौरान समस्त जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी व मंडल से लेकर बूथ अध्यक्ष तक के कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा में प्रत्येक विधानसभा में शहीद स्मारक स्थलों पर भाजपा कार्यकर्ता माल्यार्पण का कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को पार्टी की ओर से विभाजन विभीषिका का कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस दौरान जुलूस एवं संगोष्ठी आयोजित किया जाएगा। 15 अगस्त को जिले में हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। इसके बाद सभी भाजपा कार्यकर्ता तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर नमो सहित कई ऐप पर अपलोड करेंगे। हर घर तिरंगा अभियान 22 मंडलों में आयोजित किया जाएगा।

तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने कहा कि गत वर्ष लोगों ने उत्साहित होकर अपने घरों पर तिरंगा फहराया था। इस बार पूरा देश उत्साह के साथ अपने-अपने घर पर तिरंगा फहराएगा। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि 15 अगस्त को सभी कार्यकर्ता उत्सव के रूप में मनाएं। कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में देश की सेना ने आतंकियों का खात्मा कर देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा वितरित करेंगे। जिससे हर भारतीय अपने घरों पर तिरंगा फहरा सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। इसको लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में सभी की भागीदारी अहम है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, प्रदीप सिंह, उतरौला चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी आदि ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा किया। अभियान संयोजक अवधेश तिवारी तरुण एवं कार्यक्रम संचालक जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी, महिपाल चौधरी, पंकज सिंह, गैसड़ी चेयरमैन प्रिंस वर्मा, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, आद्या सिंह पिंकी, जन्मेजय सिंह, जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा, विष्णु देव गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललित तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा,अजय सिंह पिंकू, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह, अब्दुल अजीज खान, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, अमरनाथ शुक्ला, डॉ. प्रांजल त्रिपाठी, सौरभ रतन पाण्डेय, अंशुमान शुक्ला, नंदिनी शुक्ला एवं झूमा सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बीएससी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान संकाय द्वारा जंतु विज्ञान विभाग में नवप्रवेशित बीएससी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिवेश, आचार संहिता, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समग्र दृष्टिकोण से अवगत कराना था। जीव विज्ञान संकाय के डीन प्रो. नफीस अहमद खान ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें इस अवसर का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि कई योग्य अभ्यर्थी प्रवेश नहीं पा सके। उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता, समावेशिता और चरित्र निर्माण जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. कुदसिया तहसीन ने स्वागत भाषण में छात्रों को देश के एक प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी। उन्होंने विभाग की शैक्षणिक विरासत, शोध उपलब्धियां, और शैक्षणिक अवसरों की जानकारी दी। साथ ही एनईपी 2020 के उद्देश्य, कौशल विकास, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, शोध और रोजगारपरकता पर प्रकाश डाला।

प्रो. मोहम्मद आमिर ने एनईपी 2020 और चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम की संरचना, और बहु-विषयक स्वरूप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कैसे मूल्यवर्धित पाठ्यक्रमों, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट विकल्पों और क्रेडिट ट्रांसफर की सुविधा के साथ छात्रों के भविष्य के लक्ष्यों और राष्ट्रीय उद्देश्यों से जुड़ता है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला पोषण समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



गुरुवार को जिला पोषण समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।

बैठक में डीएम ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजनाएं सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, बाल मैत्री शौचालय का निर्माण, पूरक पोषाहार वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प एवं नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, संभव अभियान 5.0 आदि की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण किए जाने, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को 18 पैरामीटर पर संतृप्त किए जाने, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाए जाने आदि का निर्देश दिया। उन्होंने रोस्टर बनाकर पोषाहार वितरण किए जाने एवं पोषाहार वितरण रोस्टर का व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम का 13 से 15 तक होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर सभी विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर 13 से 15 अगस्त के बीच हर-घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 08 लाख तिरंगा फहराए जाएंगे।

जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता के लिए डीएम ने कहा कि इसमें सभी विभागों की भूमिका अहम होगी। डीएम ने निर्देशित किया कि हर-घर तिरंगा आयोजन में सभी विभाग भागीदारी निभाएंगे। सीडीओ की अगुवाई में कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सभी विभागों के अधिकारियों को सौंपी गई है। इस दौरान जिले भर में 08 लाख झंडा फहराने का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें नगर निगम, निकायों से लेकर ग्राम पंचायतों तक को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने घर और शासकीय व व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। डीएम ने कहा कि तहसील स्तरपर एसडीएम एवं ब्लॉक स्तर पर बीडीओ नोडल अधिकारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास झण्डा रखा है और वह सुरक्षित है तो उसका प्रयोग कर सकता है। एनआरएलएम और डूडा को समूहों के माध्यम से झण्डों का निर्माण कराना है।

# खेती से आय दोगुनी करने का बताया हुनर





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद सिरकोनी विकास खण्ड परिसर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम एवं त्वरित मक्का विकास योजनान्तर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें किसानों को खेती के विकास से जुड़ी योजनाओं जिनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, इन्टीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम, बीज व उपचार,जैविक उर्वरकों का प्रयोग, उन्नत बुवाई पद्धतियां, प्राकृतिक खेती की जागरुकता के लिये जानकारी उपलब्ध कराया गया। किसानों को इस प्रणाली से होने वाले लाभ एवं शासन की नीतियों के बारे में कृषक जागरूक करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को आई.एन.एम, आई.पी.एम, संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकी, उन्नत सिंचाई पद्धतियां, कृषि निवेश व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में भी किसानों को बताया गया। इसके अलावा किसानों को जानकारी दी हुई कि फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के सम्बन्ध में जानकारी देकर अवशेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करायी जायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल एवं संचालन सहायक विकास अधिकारी (कृषि) आशीष त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री बंशराज सिंह ने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील किया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग से रविंद्र कुमार अपर जिला कृषि अधिकारी, एस. एम.एस.डा नंदकिशोर, शशिकांत पाठक, अजय मौर्य, शिवहरी सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## एसएसपी ने दो पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** जिला महिला अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा के लिए बनी पुलिस चौकी में बुधवार को शराब पीने की शिकायत मिलने पर एसएसपी सोमेन बर्मा ने मुख्य आरक्षी अजय कुमार सिंह को देर रात निलंबित कर दिया है। वहीं, कार्य में लापरवाही मिलने व आमजन से दुर्व्यवहार करने पर यातायात शाखा के मुख्य आरक्षी राम सरीख गौतम को भी निलंबित किया है। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी संस्तुति की है। एसएसपी ने बताया कि कई दिन से शिकायत मिल रही थी कि मंडलीय अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा के लिए बनाई गई पुलिस चौकी में पुलिसकर्मियों की तैनाती नहीं होने से वहां पुलिसकर्मी बैठकर शराब पीते हैं। इसके बाद एसएसपी ने जांच कराई तो चौकी में शराब की कई बोतलें मिलीं। जांच में गए सीओ सिटी विवेक जावला जांच के लिए पहुंचे तो आरक्षी वहां से भाग गया।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास ही बेसिक शिक्षा का मुख्य उद्देश्य : अनूप कुमार

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में चल रहे 210 शिक्षकों का पांच दिवसीय एकीकृत प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करके प्रशिक्षण का समापन किया। समापन अवसर पर संबोधित करते हुए बीएसए ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विभाग का मुख्य उद्देश्य है। जिसमें आप सभी शिक्षकों की भूमिका अहम है। कहा कि प्रशिक्षण सही मायने में तभी सफल होगा जब इसका उद्देश पूरा हो अर्थात प्रशिक्षण में सीखी गई विधाओं का उपयोग कक्षा-कक्ष में हो। प्रशिक्षण के प्रभारी प्रवक्ता डॉ रविनाथ त्रिपाठी ने बताया कि एकीकृत प्रशिक्षण के अन्तर्गत पूरे जिले से कुल 1500 शिक्षकों का प्रशिक्षण होना है। चार बैच के शिक्षकों का प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हो गया है। आगामी सोमवार से दो बैचों में दुबौलिया और कुदरहा के 210 शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू होगा। प्रशिक्षण के अन्तिम दिन प्रवक्ता वंदना चौधरी ने नैतिक शिक्षा, प्रवक्ता मो. इमरान ने शिक्षण योजना व पाठ योजना निर्माण विधि, प्रवक्ता कल्याण पाण्डेय ने सुरक्षा-संरक्षा, प्रवक्ता डॉ रविनाथ त्रिपाठी ने अनुभवात्मक शिक्षण व पुस्तकालय प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया। गुरुवार को डायट में डीएलएड प्रशिक्षुओं के बीच रक्षाबंधन त्यौहार के उपलक्ष्य में मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें अव्वल टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अलीउद्दीन खान, डॉ गोविन्द प्रसाद, कुलदीप चौधरी, वर्षा पटेल, ऋचा शुक्ला, सरिता चौधरी, श्रेया पाण्डेय, अनुराधा, शाहिदा खातून, निवेदिता सिंह, मनीष पाण्डेय, प्रमोद ओझा, अजीत सिंह, लवकुश, वंशगोपाल तिवारी, गोपाल दूबे, अफजाल अहमद, विनोद यादव, विपिन शुक्ल, सूर्यकान्त, अरविंद कुमार, जनार्दन, श्रीराम वर्मा, दीपक वर्मा, सूर्य प्रकाश सिंह, अनिल कुमार, आशुतोष, राम भवन, जीतेन्द्र कुमार, रामबोध उपाध्याय, भागीरथी, मो. सलाम, प्रवीण सिंह, अखिलेश सिंह, विनय कुमार, विकास पाण्डेय, सुधीर तिवारी, मंगला मौर्य, प्रवेश कुमार, रजनीश शर्मा, उमाशंकर, विश्वजीत, अजय, अखिलेश कुमार, राम नरेंद्र, रवीन्द्र साहू, शिव त्रिपाठी, साकेत मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# जय माँ विंध्यवासिनी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष चुने गए शांतिभूषण





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

खेतासराय धार्मिक-सामाजिक संगठन जय माँ विंध्यवासिनी दुर्गा पूजा समिति की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से शांतिभूषण मिश्रा को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया।

यह निर्णय सभी सदस्यों की उपस्थिति में पुरानी बाजार स्थित संस्था के कैंप कार्यालय में बीती रात में लिया गया। जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष बृजनाथ जायसवाल ने अपने तीन वर्ष का कार्यकाल सकुशल सम्पन्न किया। नए नेतृत्व को शुभकामनाएँ देते हुये उनका स्वागत किया। शांतिभूषण विगत कई वर्षों से विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके अध्यक्ष बनने से समिति में एक नई ऊर्जा, सुदृढ़ अनुशासन और रचनात्मक दिशा की अपेक्षा जताई जा रही है। इस अवसर पर समिति के धर्मरक्षक मनीष गुप्ता ने कहा कि शांतिभूषण के नेतृत्व में आगामी दुर्गा पूजा का आयोजन और भी भव्य, सुव्यवस्थित और जनसहभागिता से परिपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि पंडाल सन 2008 से लगातार सजता चला आ रहा है। पंडाल के परंपरा अनुसार प्रत्येक तीसरे वर्ष अध्यक्ष का चयन किया जाता है। इस बार शांतिभूषण मिश्रा को सर्वसम्मति से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा सामाजिक सेवा कार्यों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष पद पर चयनित होने के उपरांत क्षेत्रवासियों और समिति के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं। विश्वास जताया कि माँ विंध्यवासिनी के आशीर्वाद से समिति आगामी वर्षों में और भी ऊँचाइयों को छुएगी।

### बैठक में ये भी रहे मौजूद

खेतासराय। नगर पंचायत खेतासराय क्षेत्र में बैठक के दौरान उपस्थित प्रमुख लोगों में शीतला प्रसाद चौधरी, संदीप गुप्ता, आशीष गुप्ता, सनी गुप्ता, अमित जायसवाल, गजेंद्र पांडेय, धर्मचंद गुप्ता, पप्पू पटवा, सत्यम साहू, अतुल साहू, विक्की गुप्ता, विशाल सोनकर, राकेश गुप्ता, आदर्श श्रीवास्तव, वंश श्रीवास्तव, शेवेन्टी मोदनवाल, सचिन सोनी, आकाश सोनी, दुर्गेश बरनवाल, अनूप गुप्ता आदि शामिल रहे। उपस्थित सभी सदस्यों ने हर संभव सहयोग के लिए संस्था के सभी पदाधिकारी को भरोसा दिया।

# कबीरुद्दीनपुर विद्यालय के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जिले के धर्मापुर विकास खंड के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय कबीरुद्दीनपुर ने संयुक्त रुप से खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य के दिशा निर्देशन में गुरुवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई।

प्रभातफेरी के माध्यम से बच्चों के साथ साथ जन जन तक देशभक्ति के भाव को जागृत करने के लिए अभिभावकों से संपर्क करते हुए हर घर तिरंगा को लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

बच्चों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी श्री वैश्य ने बताया कि लाखों लोगों की शहादत के बाद हमारा देश सैकड़ों वर्षों की गुलामी से आजाद हुआ है। और हम सभी का मौलिक कर्तव्य बनता है कि हम उन सभी शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए अपने तिरंगे का हृदय से सम्मान करते हुए देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखें।

इस मौके पर शिक्षक महेंद्र यादव, पद्माकर राय, मीरा यादव, प्रज्ञा गिरी, मनोज कुमार, हीरावती यादव, विजय कुमार, गोमती और आनन्द सिंह मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक अचल हरीमूर्ति के द्वारा सभी आगंतुकों के साथ अभिभावकों का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन करते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया।

## विंध्याचल मंडल में भी खुलेगा उच्च शिक्षा का क्षेत्रीय कार्यालय

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** विंध्याचल मंडल में उच्च शिक्षा का क्षेत्रीय कार्यालय खोला जाएगा। प्रदेश के 10 मंडलों सहित विंध्याचल मंडल को भी यह सौगात दी गई है। अभी तक 18 मंडलों में मात्र आठ मंडलों में ही उच्च शिक्षा का क्षेत्रीय कार्यालय था। अब 10 नए कार्यालय खुलने से यह संख्या 18 हो जाएगी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा संवर्ग की मांग पर लंबे समय से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कामकाज को गति प्रदान करने के लिए यह मांग की जा रही थी। समय-समय पर जो भी शिक्षा मंत्री व अपर प्रमुख सचिव (उच्च शिक्षा) रहे। उनसे संगठन की वार्ता होती रही है। अब जाकर प्रदेश सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी मंडलों में उच्च शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाएंगे। अभी तक आठ मंडलों, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ, झांसी, बरेली, आगरा, मेरठ में ही क्षेत्रीय कार्यालय थे। 10 नए क्षेत्रीय कार्यालय खुलने से उन मंडलों के महाविद्यालयों के शिक्षकों को अपने कार्य को सुगमता पूर्वक संपादित करने में काफी आसानी होगी। केबी कालेज के प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि डॉ. दीनानाथ सिंह, डॉ.जगदीश सिंह दीक्षित, प्रो.रश्मि सिंह, प्रो. दयाशंकर सिंह यादव आदि ने इस निर्णय का स्वागत किया है।

# भागवत कथा जीवन के संघर्षों में सही मार्ग दिखाता है, हरिहर दास जी महाराज

- बुलंदशहर के कमिश्नर शिवासरे सिंह ने प्रसाद वितरण में किया सहयोग
- कथा के मुख्य यजमान व्रतधारी शुक्ल ने कथा व्यास का पूजन अर्चन किया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद श्रीमद भागवत का कथा सुनने से मनुष्य के पूरे परिवार का उद्धार हो जाता है। तमाम तरह के दुखों और परेशानियों से छुटकारा मिलता है। जीवन में नई राह देखने का मार्ग प्रशस्त होता है। यह बातें गुरुवार को यमदग्नि ऋषि के तपोस्थली व बाबा परमहंस मंदिर प्रांगण जमैथा गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा के प्रवचन करते हुए कथा व्यास पूज्य श्री हरिहर दास जी महराज अयोध्या झालीधाम ने कही। उन्होंने कहा कि कलिकाल में मनुष्य भौतिक सुखों का चक्कर मे अपना सब कुछ खोता जा रहा है। अज्ञानता के कारण उसे खुद में ही शांति नही मिल रही है। इसलिए प्रभु के श्रीचरणों को पूजे।

जिससे मनुष्य को तमाम कष्टों से निजात मिल सके। कथा में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया आईएएस कथा में पहुंच कर कथा का अमृत पान किया। कथा के मुख्य यजमान व्रतधारी शुक्ल ने कथा व्यास का पूजन अर्चन किया। उन्होंने श्री खड़िया को श्रीमद्भागवत महापुराण और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। कथा में थाना प्रभारी जफराबाद विश्वनाथ प्रताप सिंह, आचार्य प अभिनंदन मिश्र मौजूद रहे।

### श्रीमद भागवत कथा हवन व भंडारे के साथ हुआ समापन

जफराबाद। क्षेत्र के जमैथा गांव के परमहंस आश्रम पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का गुरुवार को हवन व भंडारे का साथ समापन हुआ। भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा समापन के बाद परमहंस मंदिर के महंत राजनदास जी महाराज ने कहा श्रीमद भागवत कथा में आने वाले श्रोताओं ने कथा पान करके जीवन को धन्य बनाया। कथा सुनकर उस पर मनन करके जीवन को धन्य बनाया जा सकता है। मनुष्य को जीवन मे हमेशा परोपकार का काम करना चाहिए। इसके पूर्व हवन में मुख्य यजमान ब्रतधारी शुक्ला, डॉ.शिवासरे सिंह कमिश्नर बुलन्दशहर, ब्रतधारी समाजसेवी आशुतोष सिंह, जिला जेलर अजय कुमार राय, रजनीश शुक्ला, चन्द्रबली मौर्य, सजंय शुक्ला, अमरसेन यादव, जगदीश यादव, तुषारकान्त शुक्ल, राजदेव शुकल अन्य मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक की पत्नी ने एसपी अभिनंदन से लगाया न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



पूर्व सैनिक की पत्नी अर्चना पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर अपने पति को षड़यंत्रपूर्वक फंसाये जाने के मामले में न्याय की मांग किया है। पत्र में अर्चना पाण्डेय ने कहा है कि वह नगर थाना क्षेत्र के कुरहापट्टी दरियांव गांव की निवासिनी है। उसके पति सदानन्द पाण्डेय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद एक कम्पनी में कार्यरत है। 2 अगस्त को वे घर आये थे, उसका पडोसी विनोद पाण्डेय पुत्र पद्म पाण्डेय शराबी और गुण्डा प्रवृत्ति का व्यक्ति है। आये दिन पड़ोसियों से विवाद करता रहता है। उसके घर पर थाना नगर में कार्यरत सिपाही विनोद यादव का आना जाना लगा रहता है। 5 अगस्त की रात्रि में विनोद पाण्डेय ने शराब के नशे में धुत होकर उसके पति को भद्दी-भद्दी गालियां दिया। इस पर उसके पति सदानन्द पाण्डेय ने विनोद को काफी समझाया। पत्र में पूर्व सैनिक की पत्नी अर्चना पाण्डेय ने कहा है कि विनोद पाण्डेय ने सिपाही विनोद यादव के शह पर नगर थाने में झूठी तहरीर दे दिया। उसके पति को नगर पुलिस ने 7 अगस्त को थाने पर बुलाया। उनका मोबाइल छीनकर बंद कर दिया और बाद में शांति भंग में चालान कर दिया। अर्चना ने समूचे मामले की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

# छह शुभ संयोग में मनाया जाएगा रक्षाबंधन, जानिए राखी बंधवाने का शुभ मुहूर्त

**जन एक्सप्रेस। बरेली**



भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन इस बार नौ अगस्त को सौभाग्य, शोभन, सर्वार्थ सिद्धि, रवि, समसप्तक एवं नव पंचम योग में मनाया जाएगा। सावन माह की पूर्णिमा की शुरुआत शुक्रवार दोपहर 2=15 बजे से होगी लेकिन उदया तिथि की प्रधानता के चलते नौ अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाएगा। बरेली के ज्योतिषाचार्य पं राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि मकर राशि के स्वामी शनि और सूर्य आपस में समसप्तक योग बना रहे हैं, लंबे समय बाद ऐसा संयोग बन है। रक्षाबंधन पर सूर्य का प्रभाव कर्क व मीन राशि पर सकारात्मक रहेगा। राखी बंधवाने के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 5=27 बजे से दोपहर 1=26 बजे तक रहेगा। मुहूर्त के बाद भी पूरे दिन राखी बांधी जाएगी। राखी बांधने के लिए बहने रोली, अक्षत, मिठाई और दीपक के साथ थाली सजाकर रखे। भाई के माथे पर रोली अक्षत तिलक लगाएं और दाहिने हाथ में राखी बांधकर उसकी आरती उतारे और उसकी लंबी आयु व समृद्धि की कामना करे।

### रक्षाबंधन पर चमका बाजार

रक्षाबंधन पर शहर की गलियां फिर रिश्तों की मिठास से सराबोर हो उठी हैं। इस बार राखी बाजार अमेरिकन डायमंड से चमक रहा है। सुनहरे धागों में जड़े छोटे-छोटे अमेरिकन डायमंड के बीच झिलमिलाते बेस्ट ब्रदर या लव यू भइया जैसे संदेश बहनों की पहली पसंद बने हुए हैं। दुकानदार विकास नागपाल ने बताया कि यूनिकॉर्न, पैपा पिग, छोटा भीम, स्पाइडर मैन, डोरेमॉन और शिवा जैसे फेवरेट कैरेक्टर की राखियां बच्चों की पहली पसंद बनी हुई हैं। कुछ राखियों में लाइट और म्यूजिक की सुविधा भी है। इससे बच्चे बेहद आकर्षित हो रहे हैं।

### क्यूआर कोड राखी आ रही डिजिटल ट्विस्ट के साथ

इस बार बाजार में क्यूआर कोड वाली राखियां भी मौजूद हैं। इसे स्कैन करते ही मोबाइल फोन पर बहन का प्यार भरा वीडियो संदेश या कोई गाना बजने लगता है। जो बहनें अपने भाइयों से दूर हैं, उनके लिए यह राखी एक खास जुड़ाव का माध्यम बन गई है। ब्रेसलेट राखी भी काफी ट्रेंड में है। युवाओं में इस बार भी इविल आई राखी का चलन देखने को मिल रहा है। नीले और सफेद रंग की यह स्टाइलिश राखी बुरी नजर से बचाने का प्रतीक मानी जाती है।

### भैया-भाभी की जोड़ी के लिए लुंबा राखी

बहनें अब सिर्फ भाई के लिए ही नहीं, बल्कि भाभी के लिए भी विशेष राखियां खरीद रहीं हैं। लुंबा राखियों के सेट इस बार खूब बिक रहे हैं। कलश, मोर, फूल और झुमके की आकृति वाली राखियां काफी पसंद की जा रही हैं।

# अपहरण के बाद युवती की हत्या करने के तीन दोषियों को उम्रकैद

**जन एक्सप्रेस। बरेली**



बरेली में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट अशोक कुमार यादव ने बृहस्पतिवार को युवती का अपहरण कर उसकी हत्या करने के तीन दोषियों को उम्रकैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि, साक्ष्यों के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दो आरोपियों को बरी कर दिया गया। कोर्ट ने जुर्माने की राशि से 75 हजार रुपये मृतका के माता-पिता को बतौर मुआवजा देने का आदेश दिया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को दो-दो माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा। बारादरी थाने के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति की 20 साल की बेटी पांच जुलाई 2021 को घर से निकली थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने पर पता नहीं लगा तो पिता ने 16 जुलाई को गुमशुदगी दर्ज कराई। 26 अगस्त को उसे पता लगा कि उनकी बेटी को सुभाषनगर थाना क्षेत्र में वाजपेयी की मिठाई की दुकान पर काम करने वाले बदायूं के थाना बिनावर के गांव पुठी सराय निवासी राजवीर के साथ देखा गया था। पुलिस ने मामले को अपहरण की धाराओं में तरमीम कर युवती की तलाश शुरू कर दी। युवती की कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने राजवीर को एक अक्तूबर को सेटेलाइट बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता लगा कि उसने प्रेम प्रसंग में फंसाने के बाद बहला-फुसलाकर युवती का अपहरण किया। इसके बाद हत्या कर दी थी।

### तालाब किनारे गड्ढे से बरामद हुआ था युवती का कंकाल

राजवीर से पूछताछ व अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुठी सराय के ही सतेंद्र सिंह, अजीत, सतेंद्र की पत्नी इंग्लेश और बरेली के सिरौली थाने के गांव जंगबाजपुर निवासी गोवर्धन के नामों का खुलासा हुआ। राजवीर की निशानदेही पर पुलिस ने पुठी सराय में तालाब किनारे गड्ढे से युवती का कंकाल बरामद किया गया। तस्दीक के लिए डीएनए जांच कराई गई। जांच के बाद पुलिस ने 26 अप्रैल 2022 को चार्जशीट दाखिल कर दी। अभियोजन की ओर से साक्ष्यों समेत 10 गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में अजीत व इंग्लेश को बरी कर दिया। राजवीर, सतेंद्र व गोवर्धन को अपहरण और हत्या में दोषी करार देते हुए कैद व जुर्माने की सजा सुनाई है।

# टैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार बीफार्मा छात्र की मौत

**जन एक्सप्रेस। बरेली**



बरेली के जिला अस्पताल से वापस घर जा रहे बाइक सवार बीफार्मा छात्र को टैक्टर-ट्रॉली से टक्कर लग गई, जिससे बाइक सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने शहर के निजी अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि टैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे में लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक हेलमेट नहीं लगाए था। हेलमेट लगाया होता तो शायद उसकी जान बच जाती। फतेहगंज पश्चिमी के लोधीनगर निवासी लवकुश गुप्ता (20) पुत्र शिवमंगल गुप्ता बीफार्मा तृतीय वर्ष का छात्र था। उसकी जिला अस्पताल में ट्रेनिंग में चल रही थी। बुधवार को वह ट्रेनिंग कर बाइक से वापस अपने घर जा रहा था। वह जैसे ही राजकीय पॉलिटेक्निक के सामने पहुंचा। इसी बीच परसाखेड़ा की तरफ से तेज गति से आ रही टैक्टर-ट्रॉली चालक ने अचानक कट पर धर्मकांटा पर जाने के लिए मोड़ा। इसी दौरान बरेली की ओर आ रहा बाइक सवार लव कुश टैक्टर-ट्रॉली में घुस गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर आसपास के स्थानीय लोगों ने घायल को शहर के निजी अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक लवकुश चार भाइयों अनमोल, रतन गुप्ता, कृष्णा गुप्ता में सबसे छोटा था। मां सरोज गुप्ता है। लवकुश की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है।

# सेटेलाइट से बैरियर-टू तक पीलीभीत बाइपास होगा सिक्सलेन

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में पीलीभीत बाइपास को सेटेलाइट से बैरियर-टू तक भी सिक्सलेन करने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंजूरी दे दी। बैरियर से बड़ा बाइपास तक पीलीभीत रोड को सिक्सलेन करने के लिए बीडीए पहले निर्णय ले चुका है और जल्द काम शुरू होने वाला है। सिक्सलेन करने की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दे दी है। इसी के साथ तीन साल से चला आ रहा इंतजार भी खत्म हो गया। सिर्फ शासनादेश की औपचारिकता बची है। मार्ग के सिक्स लेन होते ही उत्तराखंड के सितारगंज तक वाहन रफ्तार भर सकेंगे। आबादी के बीच अंडरपास और ओवरब्रिज वाहन की गति प्रभावित नहीं होने देंगे। सेटेलाइट से बड़ा बाइपास तक 11.30 किलोमीटर हिस्से को सिक्स लेन करने का प्रस्ताव तीन साल से अटका था। इसमें बैरियर-टू से बड़ा बाइपास तक 3.90 किलोमीटर हिस्से को बीडीए और शेष 7.40 किलोमीटर हिस्से (सेटेलाइट से बैरियर-टू तक) को पीडब्ल्यूडी सिक्सलेन कराएगा।

### शिलान्यास के बाद धरातल पर उतरेंगे निर्माण और विकास के काय

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शहर के विकास को रफ्तार देने के लिए नगर निगम और बीडीए के कार्यों शिलान्यास किया। अब निर्माण शुरू होगा और विकास को रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बरेली विकास प्राधिकरण की 147.15 करोड़ की नौ और नगर निगम के 66.06 करोड़ लागत के छोटे-बड़े 89 निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया। विकास प्राधिकरण के सबसे अहम कार्यों में 30.75 करोड़ का रुद्रावनम पार्क है। पार्क को धरातल पर उतराने के लिए टेंडर पहले ही हो चुके हैं। अब सात दिनों के भीतर काम शुरू कराने की तैयारी है। इसके अलावा ग्रेटर बरेली आवासीय परियोजना को स्थल विकास के कार्यो को शुरू कराते हुए शहरीकरण को विस्तार देने की योजना आगे बढ़ेगी। ग्रेटर बरेली के सेक्टर चार और पांच में जल्दी ही स्थल विकास के काम दिखने लगेंगे। तब भूखंड आवंटित किए जाएंगे। नगर निगम के जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ उसमें सीएम ग्रिड योजना का दूसरा चरण सबसे अहम है। धरातल पर 15 अगस्त से काम नजर आएगे। कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से सूद धर्मकांटा और जीआरएम स्कूल होते हुए कुदेशिया फाटक तक सीएम ग्रिड योजना में 45 करोड़ की लागत से सड़क के साथ ड्रेनेज सिस्टम बनेगा। यूटिलिटी भूमिगत हो जाएंगी। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई।

# जमीनों को विवादित कर जमीनों पर कब्जे करने में माहिर

## बहुचर्चित सिंडिकेट के दो सक्रिय सदस्यों को पुलिस ने दबोचा




**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।धोखाधड़ी से बैनामा करा जमीन हड़पने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दुर्दांत भू माफिया के बाद सहयोगियों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। मुखबिर की सूचना पर गांधीनगर तिराहे के पास से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण इन्द्रजीत सिंह उर्फ डान व शशिकान्त मिश्रा उर्फ छुनारे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अगस्त की पहली तारीख को विशम्भर पुत्र शिवराम ग्राम अकरमपुर थाना कोतवाली की लिखित पर धोखाधड़ी व जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वादी की भूमि का मुख्तार आम करा लेना तथा भूमि बेच देने एवं जमीन वापस दिलाने के नाम पर 50 हजार रूपये वसूल लेना व जमीन वापस न करना तथा गाली गलौज करना एवं मारपीट करना तथा जान से मारने की धमकी देना तथा जमीन पर कब्जा कर लेने के सम्बन्ध मे अमित कुमार गुप्ता उर्फ अंशू गुप्ता पुत्र स्व0 राम गुप्ता निवासी 987 आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली सदर, इन्द्रजीत भदौरिया पुत्र अज्ञात, शशीकान्त मिश्रा उर्फ छुनारे पुत्र अज्ञात, अभय विश्वकर्मा पुत्र मनोज विश्वकर्मा, अजमल पुत्र अज्ञात नि0गण अज्ञात के साथ साथ अन्य 07-8 व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत कराया गया। आज गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर गांधीनगर तिराहे के पास से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण इन्द्रजीत सिंह व शशिकान्त मिश्रा उर्फ छुनारे उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध पुलिस द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उन्नाव पुलिस को आरोपियों की पिछले कुछ समय से तलाश थी आरोपियों ने इस दौरान राजनौतिक लोगों से भी सम्पर्क साधा था परन्तु उन्नाव पुलिस अधीक्षक की तेज तर्रार छवि व निष्पक्ष कार्यशैली के आगे किसी की एक न चली और आरोपियों को जेल जाना पड़ा। बताया जा रहा के बहुचर्चित सिंडिकेट के कुछ सदस्य भूमिगत हो गये है व कुछ मजबूत राजनैतिक संरक्षण की तलाश में है।

### इन्द्रजीत सिंह उर्फ डान का आपराधिक इतिहास...

- मु0अ0सं0 326/17 धारा 147,148,149,323,452,504,506 भादवि व 31( ) क्रिमिनल लॉ (अमेन्डमेन्ट) एक्ट थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 227/25 धारा 384, 406, 506 भादवि थाना गंगाघाट उन्नाव
- मु0अ0सं0 225/25 धारा 308(2), 351(3) बीएएस थाना गंगाघाट उन्नाव
- मु0अ0सं0 330/05 धारा 147, 148, 149, 307, 323 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 5752/10 धारा 3,4 उ0प्र0 गुण्डागर्दी नियंत्रण अधि0 थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 2538/08 धारा थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 1024/22 धारा 143, 147, 323, 452, 504, 506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 0401/25 धारा 308(5)/115(2)/352/351(3)/329(3)/191(2) बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव

### शशिकान्त मिश्रा उर्फ छुनारे का आपराधिक इतिहास...

- मु0अ0सं0 225/25 धारा 308(2), 351(3) बीएएस थाना गंगाघाट उन्नाव
- मु0अ0सं0 226/25 धारा 3(5), 308(5), 316(2), 318(2), 351(3) बीएनएस थाना गंगाघाट उन्नाव
- मु0अ0सं0 227/25 धारा 384, 406, 506 भादवि थाना गंगाघाट उन्नाव
- मु0अ0सं0 231/25 धारा 303(2), 308(2), 329(3), 351(3) बीएनएस थाना गंगाघाट उन्नाव
- मु0अ0सं0 0401/25 धारा 308(5)/115(2)/352/351(3)/329(3)/191(2) बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

- व0उ0नि0 बृजेश कुमार यादव थाना कोतवाली सदर उन्नाव
- का0 अर्पित,
- का0 प्रशान्त प्रजापति

### नाम पता अभियुक्तगण

- इन्द्रजीत सिंह पुत्र श्री रामप्रकाश नि0 एबी नगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र 40 वर्ष
- शशिकान्त मिश्रा उर्फ छुनारे पुत्र प्रताप नारायण मिश्रा नि0 सिकन्दरपुर सरोसी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य छात्रों को यूनिवर्सिटी के विज़न, मूल्यों और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रेरणादायक ऑडियो-विजुअल फिल्म सीयू-यूपी का विज़न ग्लोबल बेंचमार्क्स एंड लोकल इम्पैक्ट के प्रदर्शन से हुई। जिसमें विश्वविद्यालय की वैश्विक उत्कृष्टता और स्थानीय योगदान को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात, सीयू-यूपी के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. टी. पी. सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक नीतियों और कोर्स संरचना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी दोहराया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की समृद्ध लिगेसी को उत्तर प्रदेश में भी उसी गुणवत्ता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

इस मौके पर बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, फॉरेंसिक साइंस, डेटा साइंस, एमएससी डेटा साइंस, बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी, एलएलबी, बीएजेएमसी, बी. फार्मा आदि कोर्सेज़ के लिए ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किए गए।विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने अपने विषयों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. राजेश सिन्हा, डीन - साइंसेज ने साइंस के क्षेत्र में कौशल और रिसर्च के अवसरों की चर्चा की। वहीं डॉ. ब्रिजेन्द्र कुमार यादव, डायरेक्टर - लीगल स्टडीज़ ने लॉ एजुकेशन की इंडस्ट्री कनेक्टिविटी की अहमियत बताई।

जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग की ओर से प्रो. ओम द्विवेदी ने मीडिया के बदलते स्वरूप और सीयू-यूपी की भूमिका पर विचार साझा किए।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मनीष निगम, सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (डीएलएसए), उन्नाव, डॉ. नसीम अहमद सिद्दीकी, सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट (साइंटिस्ट-एफ) और हेड, बिज़नेस डेवलपमेंट एंड आई.पी. यूनिट व डॉ. अमित शुक्ला, मीडिया प्रोफेशनल एवं अकैडेमीशियन समेत, डॉ. टी. पी. सिंह, प्रो-वाइस चांसलर, सीयू, यूपी व रजिस्ट्रार डॉ अजय यादव व छात्र छात्राओं समेत उनके अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# एफएसडीए ने फिर भरे 11 खाद्य पदार्थो के नमूने

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



जनपद में रक्षाबंधन पर्व पर मिठाईयों सहित मिलावटी खाद्य पदार्थों के निर्माण, वितरण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु आज मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अनिल कुमार राठौर, सर्वेश कुमार, आरविंद कुमार साहू, मंजरी मिश्रा एवं विमलेश कुमार के छापामार दल द्वारा तिर्वा तहसील क्षेत्र में एवं छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में विभिन्न बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए, तिर्वा के फ़तुआपुर से संजय राठौर/ अनूप राठौर के मिल्क केक का 01नमूना, रवा, स्किम्ड मिल्क पाउडर का 01नमूना, बर्फी का 01नमूना, सोयाबीन रिफाइंड तेल का 01नमूना, जदईपुर से राजीव डेयरी से मिश्रित दूध का 01नमूना, मुकेश से मिश्रित दूध का 01 नमूना एवं विनोद से छेना का नमूना का 01 नमूना, तिर्वा गुरसहायगंज रोड में वारिस किराना से बेसन और सेवई का 01-01 नमूना, छिबरामऊ तहसील के अन्तर्गत महमूदपुर, सोन पापड़ी, पॉम ऑयल, मैदा, खाद्य रंग, सोन पापड़ी कारखाना का 01-01 नमूना लिया गया। जिसमें लगभग एक कुन्तल दूषित मिठाईयां, जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग रुपए 20000/- खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा स्वयं विनिष्ट कराई गई। आज संग्रहित उपरोक्त सभी 11 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत तद्नुसार अग्रिम कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस अभियान के दौरान कार्रवाई से संबंधित सभी बाजारों में खाद्य कारोबार कर्ताओं सहित आम जन को रंगीन, मिलावटी तथा दूषित खाद पदार्थ में मिलावट के संबंध में स्थलीय परीक्षण की विधियों की जानकारी देते हुए, खाद्य पदार्थों के उपभोग के संबंध में जागरूक किया गया।

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



**नवाबगंज।** लखनऊ कानपुर हाईवे पर गुरुवार को भल्ला फार्म तिराहे के पास एक विशाल यूकेलिप्टस का पेड़ अचानक उखड़कर हाईवे पर आ गिरा। गनीमत रही कि इस दौरान कोई वाहन पेड़ की चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

यह घटना सुबह के समय हुई जब हाईवे पर वाहनों की आवाजाही काफी ज्यादा थी। कमजोर जड़ों के कारण पेड़ अचानक गिर गया, जिससे दोनों तरफ का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। चालकों को मजबूरी में डिवाइडर पर चढ़कर गाड़ियां निकालनी पड़ीं। घटना की जानकारी मिलते ही एनएचएआई के पेट्रोलिंग इंचार्ज पंकज शुक्ला अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने हाइड्रॉलिक क्रेन (हाइड्रा) की मदद से गिरे हुए पेड़ को हाईवे से हटाया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद यातायात को फिर से सुचारु किया जा सका। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों के किनारे लगे पुराने और कमजोर पेड़ों की जांच की जाएगी।

# दोस्तों ने चाकू से गोदकर युवक को मार डाला, आंतें आई बाहर, भाई गंभीर घायल

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



गंगाघाट में दोस्तों ने चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या कर दी। युवक अपने बड़े भाई को बचाने गया था। वहां उसके सीने और पेट में ताबड़तोड़ चाकू से वार किए गए। हमला इतना तेज हुआ कि युवक की आंतें तक बाहर आ गईं। उसके बड़े भाई पर भी चाकू से हमला हुआ है। आरोपी मृतक की बहन से साथ रहने का दबाव बना रहा था। इसको लेकर दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना गंगाघाट क्षेत्र के मोहल्ला 16 बीघा का है। बलिया निवासी पीर मोहम्मद उन्नाव में किराए के मकान में रहते हैं। उनके 5 बेटियां शीबा, टिंकल, किस्मत, नाजिया, नाज और 4 बेटे आफताब, सुल्तान, फैज आलम, फैजान हैं। 3 बेटियों और 2 बेटों की शादी हो चुकी है। पीर मोहम्मद मजदूरी करते हैं। बेटे भी प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके घर के पास ही नवी हसन परिवार के साथ रहता है। नवी के बेटे कमल हसन (18) और उसके मामा के बेटे भूरे की सुल्तान और फैज से दोस्ती है। भूरे की हाल ही में शादी हुई थी। इसमें सुल्तान ने भूरे को 20-25 हजार रुपए उधार दिए थे। इन्हीं रुपए को लेकर कुछ दिन से झगड़ा चल रहा था। बुधवार रात कमल ने सुल्तान को फोन कर बुलाया। उसने कहा कि आकर अपना हिसाब कर लो। सुल्तान (23) फोन पर बात करते हुए घर से निकल गया। वहां कमल और भूरे से कुछ देर उसकी बात हुई और फिर झगड़ा होने लगा। यह बात सुल्तान ने अपने भाई फैज (18) को बताई। फैज भागकर वहां पहुंचा, तो कमल और भूरे ने अपने साथियों के साथ सुल्तान पर चाकू से हमला कर दिया। इसी बीच, फैज को देखते ही सभी ने उस पर हमला कर दिया। दोनों भाई जब मरणासन्न हो गए, तो आरोपी वहां से भाग गए। तभी सुल्तान और फैज के घरवाले भी मौके पर पहुंच गए। घरवाले दोनों को पास के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए। वहां से दोनों को हैलट रेफर कर दिया गया। वहां गुरुवार सुबह फैज की मौत हो गई, जबकि सुल्तान की हालत गंभीर बनी है।

# स्वयं सहायता समूहों को 60 लाख रुपये का ऋण वितरित

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशानुसार आज विकास खंड कन्नौज की ग्राम पंचायत सहिल्लापुर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कैश क्रेडिट लिमिट (छ्ष्टरु) लिंकेज प्रदान करने तथा नवगठित समूहों को बैंक से जोड़ने के उद्देश्य से एक वित्तीय शिविर (कैंप) का आयोजन किया गया।

उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर के माध्यम से कृष्णा महिला एसएचजी (चौराचांदपुर), वंशी वाले महिला एसएचजी (सहिल्लापुर), लक्ष्मी महिला एसएचजी, आदर्श महिला एसएचजी (देवधरापुर) एवं उजाला महिला एसएचजी (दुर्गापुर) सहित कुल 10 स्वयं सहायता समूहों को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ?60 लाख का ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख रजत कुमार नंदा, ब्लॉक मिशन मैनेजर विजय, शाखा प्रबंधक राजीव विश्वास, ग्रामीण विकास अधिकारी सोमेइया पटेल, सहायक प्रबंधक राहुल सिंह, तथा समूह सखी शिखा सिंह एवं पूजा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह आयोजन ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा, जिससे उनके स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

# पर ब्लॉक वन क्रॉप के लिए सौरिख, छिबरामऊ-तालग्राम में गोष्ठी आयोजित

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



आज जनपद कन्नौज के विकास खण्ड सौरिख, छिबरामऊ एवं तालग्राम में ÷पर ब्लॉक वन क्रॉप÷ कार्यक्रम के अंतर्गत अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की ओर अग्रसर करने हेतु चयनित विशिष्ट औद्यानिक फसलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया गया।

गोष्ठियाँ क्रमशः विकास खण्ड-सौरिख के ग्राम गुलरियापुर, विकास खण्ड-छिबरामऊ के ग्राम मिघौली-माधौनगर एवं विकास खण्ड-तालग्राम के ग्राम सराय दौलत में आयोजित की गईं।

गोष्ठियों में जिला उद्यान अधिकारी सी. पी. अवस्थी द्वारा उद्यान विभाग की संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषकों को स्थानीय विशिष्ट औद्यानिक फसलों के उत्पादन में नवीनतम तकनीकों को अपनाना चाहिए ताकि गुणवत्ता में सुधार हो और भण्डारण, विपणन एवं प्रसंस्करण की दिशा में भी प्रगति हो सके। उन्होंने कृषकों को उत्पादन को निर्यातोन्मुखी बनाने पर बल दिया, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त हो और उनकी आय में वृद्धि हो सके।

सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस, उमर्दा के वैज्ञानिक जीतेन्द्र कुमार ने आलू की खेती में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए जैविक एवं यांत्रिक विकल्पों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने आलू के साथ-साथ लौकी, तरोई, कद्दू आदि की सहफसली अगेती खेती को भी लाभकारी बताया। वहीं, प्रभारी सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस प्रवीन कुमार ने हाईटेक नर्सरी एवं पॉली हाउस में सब्जी पौध उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी।

विपणन विभाग के निरीक्षक अरुण सिंह ने कृषकों को निर्यातयोग्य आलू प्रजातियों की खेती की तकनीक समझाई और उन्हें लाभ कमाने के लिए गुणवत्तायुक्त उत्पादन पर बल दिया।

ग्राम सराय दौलत (विकास खण्ड-तालग्राम) की संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र, अनौगी के वैज्ञानिक श्री अमरेन्द्र कुमार द्वारा विषय से संबंधित व्यापक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन, बीज उपचार, मृदा परीक्षण, उर्वरक संतुलन, आलू की खेती में होने वाली बीमारियों एवं सहफसली खेती पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में उद्यान निरीक्षक रविशंकर मिश्रा, सहायक उद्यान निरीक्षक शशांक पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) राजीव कुमार, प्राविधिक सहायक सतीश कुमार एवं धर्मेन्द्र सिंह (डी.आर.पी.) ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की जानकारी देते हुए उपस्थित कृषकों का मार्गदर्शन किया।

ग्राम मिघौली (छिबरामऊ) के ग्राम प्रधान मनोज कुमार एवं ग्राम सराय दौलत (तालग्राम) की ग्राम प्रधान सरला देवी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। सभी स्थानों पर संगोष्ठियों में कृषकों ने उत्साहपूर्वक व जिज्ञासापूर्वक भाग लिया।

## जिले में सर्किल रेट रिवीजन पर एडीएम ने मांगे सुझाव

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (तृतीय संशोधन) नियमावली-2015 के नियम 4(1) के अंतर्गत जनपद कन्नौज में विभिन्न प्रकार की भूमियों की वर्तमान में प्रभावी न्यूनतम क्षेत्रीय दरों (जो दिनांक 01.08.2017 से लागू थीं) का पुनरीक्षण किया गया है। शासन के निर्देशानुसार, संशोधित दरों को प्रभावी किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

प्रस्तावित न्यूनतम क्षेत्रीय दरों की अनंतिम सूची तैयार कर उसे जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं उप निबंधकों को प्रेषित कर दिया गया है।

उन्होंने जन सामान्य को सूचित किया है कि वे उक्त प्रस्तावित मूल्यांकन सूची का अवलोकन संबंधित जिला निबंधक, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार अथवा उप निबंधक के कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं।

यदि किसी व्यक्ति को प्रस्तावित दरों के किसी बिंदु पर कोई आपत्ति अथवा सुझाव हो, तो वह अपनी तथ्यपरक एवं कारणयुक्त आपत्ति/सुझाव दिनांक 25 अगस्त 2025 को दोपहर 12ः00 बजे तक संबंधित कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है।

उक्त तिथि तक प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर सम्यक विचार करने के पश्चात अंतिम न्यूनतम क्षेत्रीय दरों को 01 सितम्बर 2025 से लागू किया जाएगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### भूतपूर्व सैनिकों को मिलेगी नि:शुल्क विधिक सहायता

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन अपर जिला जज श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर अपर जिला जज ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय बाराबंकी में लीगल एड क्लीनिक स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य यह कि सैनिको के कठिन परिश्रम से देश की सीमाओं की रक्षा हो रही है उन्हीं की बदौलत हम अपने घरों में आराम से रहते है। इसलिए जब सैनिक देश की सीमा पर हो तब उन्हें परिवार में किसी समस्या के आने पर उनके परिवारों के लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करें। इसके लिये राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने यह निर्णय लिया है कि जनपद स्तर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना हो। इसी के तहत इस क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक के पारिवारिक जन जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के कर्मचारीगण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सौरभ शुक्ला कनिष्ठ लिपिक उपस्थित रहें।

### हर घर तिरंगा अभियान में जुटे कार्यकर्ता- सतीष शर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। असन्द्रा।** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को भाजपा मंडल देवीगंज के कार्यकर्ताओं की एक कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया। सौरभ शिक्षा सदन देवीगंज में आयोजित इस कार्यशाला बैठक में शामिल हुए राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति और विकसित भारत के अद्वितीय संकल्पों की सिद्धि का प्रतीक है। इससे देशभक्ति की भावना को जन जन तक पहुंचने का संकल्प और अधिक सशक्त हुआ है। राज्यमंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील की। मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्र ने बताया कि 8 अगस्त से अभियान शुरू होगा। आगामी 11 और 12 अगस्त को तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी पार्टी जनों से सहयोग की अपील की है। कार्यशाला बैठक में जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह रिंकू, रूपेश प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, पंकज तिवारी, बसंत सिंह और मनोज तिवारी समेत तमाम पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पार्टी के प्रति ईमानदारी से करुंगा काम- नरेन्द्र वर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नरेन्द्र वर्मा को राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने पर सपा के पूर्व मंत्री अरबिन्द सिंह गोप और अन्य सपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर नरेन्द्र वर्मा ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका मैं पूरी ईमानदारी से निर्वाहन करुंगा। साथ ही में पार्टी को मजबूत करने में कोई कोर कसर बाकी नही रखूंगा। गौरतलब हो कि नरेन्द्र वर्मा वर्तमान में जिला बार एसोसिएषन के अध्यक्ष हैं। स्वागत करने वालों में मुख्य रुप से सदर विधायक सुरेश यादव, विधायक जैदपुर गौरव रावत, पूर्व विधायक सरवर अली, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक राममंगन रावत, नगर पालिका परिषद नवाबगंज चेयरमेन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा, जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी हाफिज अयाज आदि लोग शामिल रहे।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक और अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध चलायें अभियान : शशांक त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर तथा प्रवर्तन कार्यों से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति, प्रवर्तन कार्यों की स्थिति तथा लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कर वसूली व प्रवर्तन संबंधी कार्यों को शत-प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। बैठक में श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान प्रवर्तन व अन्य कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सहायक श्रम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही इस संदर्भ में शासन को पत्र प्रेषित करने को भी कहा गया। इसी क्रम में जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में कोई प्रगति न होने पर उनके विरुद्ध भी कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया।विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता द्वारा प्रवर्तन के मामलों में की गई कार्यवाही की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध भी कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। नगर निकायों की समीक्षा के दौरान बंकी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विरुद्ध गत माह किसी भी प्रकार की प्रवर्तन कार्यवाही न किए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनका वेतन अवरुद्ध करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनके निकाय क्षेत्रों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आगामी रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया

### खतरे के निषान से ऊपर बह रही है सरयू नदी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।**
सिरौलीगौसपुर। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग 47 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। इससे टेपरा, बघौली, तेलवारी और गोबरहा, करौनी सहित आधा दर्जन गांव पानी से घिर गए हैं। जिससे लोग अब परेशान नजर आने लगे हैं। तराई क्षेत्र के गांव के बाहर पानी पहुंच गया लेकिन अभी तक घरों में पानी नहीं पहुंचा है, गांववासी घर के बाहर फैले पानी को देखकर परेशान हैं। लोग अब आवागमन के लिए नावों का सहारा लेने लगे हैं। तेलवारी गांव के निवासी दुर्गेश और राजन ने बताया कि गांव जाने के रास्ते पर पानी भर गया है

# ईडी बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता कानून के दायरे में रहना होगा : सुप्रीम कोर्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई। जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं। शीर्ष अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। राजू ने कहा, %प्रभावशाली बदमाशों के पास बहुत साधन होते हैं। वे कार्यवाही को लंबा खींचने के लिए अलग-अलग चरणों में आवेदन दायर करने के लिए वकीलों की फौज रखते हैं। मामले का जांच अधिकारी जांच में समय लगाने के बजाय किसी न किसी आवेदन के लिए अदालत के चक्कर लगाता रहता है। जस्टिस कांत ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान टाडा और पोटा अदालतों जैसी समर्पित अदालतें हैं।

### ‘आप बदमाश की तरह काम नहीं कर सकते, आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा’

न्यायमूर्ति भुयान ने अपने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज किए गए 5,000 मामलों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि हुई है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा, आप बदमाश की तरह काम नहीं कर सकते, आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा। मैंने अपने एक फैसले में कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले पांच वर्षों में लगभग 5,000 ईसीआईआर दर्ज की हैं, लेकिन दोषसिद्धि की दर 10 प्रतिशत से भी कम है। इसलिए हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि आप अपनी जांच में सुधार करें, क्योंकि यह व्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है। जज ने आगे कहा, हमें ईडी की छवि की भी चिंता है। 5-6 साल की न्यायिक हिरासत के बाद अगर लोग बरी हो जाते हैं, तो इसकी कीमत कौन चुकाएगा?

### अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल की दलील, कोर्ट के सवाल

- राजू ने आगे कहा कि ईडी अक्षम हो रहा है, क्योंकि प्रभावशाली आरोपी क्रिप्टो-करेंसी और अन्य तरीकों का कारोबार करने के अलावा केमैन द्वीप जैसे विभिन्न देशों में भाग जाते हैं और जांच में बाधा डालते हैं। क्रिप्टो-करेंसी के मुद्दे पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि सरकार को इसे विनियमित करने के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए, क्योंकि लोग विभिन्न एप और क्रिप्टो स्टॉक एक्सचेंज चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने हाल ही में एक मामले में कहा था कि वह दिन दूर नहीं, जब रिश्वत लेने वाले क्रिप्टो-करेंसी में रिश्वत लेंगे, जिसकी जांच करना एजेंसियों के लिए बहुत मुश्किल होगा।
- राजू ने पुनर्विचार याचिकाओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये 2022 के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार के नाम पर अपील के अलावा कुछ नहीं हैं। उन्होंने कहा, पुनर्विचार के लिए आपको 2022 के फैसले में रिकॉर्ड के आधार पर साफ-साफ गड़बड़ी का मामला बनाना होगा, लेकिन उन्होंने कहीं भी यह नहीं बताया है कि स्पष्ट त्रुटि क्या है। अगर इन पुनर्विचारों को स्वीकार कर लिया जाता है तो यह 2022 के फैसले को फिर से लिखने के समान होगा। राजू ने तर्क दिया कि पीएमएलए की संवैधानिक वैधता उनके पक्ष में है, क्योंकि 2019 में रोजर मैथ्यू मामले में संविधान पीठ ने कानून की वैधता को बरकरार रखा था।
- राजू ने कहा, याचिकाकर्ताओं ने एक मौका लिया और उस प्रयास में असफल रहे। अब वे कह रहे हैं, नहीं, वह गलत था और इसे दोबारा कर रहे हैं। पुनर्विचार एक छद्म अपील नहीं हो सकता। उन्हें पहले यह साबित करना होगा कि इन दोनों मुद्दों के संबंध में रिकॉर्ड में स्पष्ट रूप से एक त्रुटि है। रिकॉर्ड में स्पष्ट त्रुटि ऐसी त्रुटि नहीं होनी चाहिए, जिसे उजागर किया जाना चाहिए। पुनर्विचार के लिए पूछताछ नहीं की जा सकती। उन्हें पुनर्विचार के लिए एक असाधारण रूप से मजबूत मामला बनाना होगा।
- न्यायमूर्ति कांत ने गिरफ्तारी के दौरान ईडी की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली और क्या आरोपियों को गिरफ्तारी के आधार और कारण बताए गए थे? के बारे में भी पूछताछ की। राजू ने कहा कि कानून के तहत ईडी पर आरोपियों को ईसीआईआर (एफआईआर के समकक्ष) की एक प्रति देने की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन बाद के फैसलों में अदालतों ने आरोपियों के साथ गिरफ्तारी के आधार और कारण साझा करने पर जोर दिया।

# प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई

## रांची, धनबाद, जमशेदपुर सहित 12 ठिकानों पर छापेमारी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार सुबह झारखंड में 750 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले से जुड़े मामले में एक साथ 12 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई रांची, धनबाद, जमशेदपुर, झरिया सहित विभिन्न जिलों में की गई। ईडी की टीम ने जमशेदपुर जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्क्रैप व्यवसायी और प्रमुख उद्यमी ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल के ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। बता दें कि जिन स्थानों पर कार्रवाई हुई, उनमें हथियाडीह स्थित शारदा एंडेवर्स फैक्ट्री और बिष्टुपुर के कांट्रैक्टर्स एरिया स्थित उनका आवास शामिल है। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी जीएसटी फर्जीवाड़े, टैक्स चोरी और फर्जी बिलिंग से जुड़े मामलों में की गई है। उल्लेखनीय है कि ज्ञानचंद जायसवाल पूर्व में भी इस मामले में जेल जा चुके हैं। ईडी की टीमें दस्तावेजों की गहन जांच कर रही हैं और डिजिटल सबूतों तथा संदिग्ध लेन-देन की पड़ताल में जुटी हुई हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हालांकि, ईडी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि छापेमारी देर शाम तक जारी रह सकती है।

### रांची के पीपी कंपाउंड में भी छापेमारी

ईडी ने रांची के पीपी कंपाउंड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट के चौथे मंजिल पर एक फ्लैट समेत शहर के अन्य पांच स्थानों पर भी छापेमारी की है। इन ठिकानों से भी एजेंसी डिजिटल रिकॉर्ड, वित्तीय दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, कई जगहों पर छापेमारी अभी भी जारी है।

### झरिया में भी बड़ी कार्रवाई

इधर, धनबाद के झरिया थाना क्षेत्र में भी ईडी ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। रांची से पहुंची टीम ने स्थानीय व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ चीनू अग्रवाल के चार नंबर मेन रोड स्थित जगदंबा फर्नीचर दुकान और फार बिल्डिंग स्थित उनके आवास पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आर्थिक अनियमितताओं और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जांच के तहत की गई है। ईडी की टीम बैंक दस्तावेज, प्रॉपर्टी से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों की जांच में जुटी है। कार्रवाई की खबर फैलते ही झरिया बाजार में हड़कंप मच गया और स्थानीय व्यवसायियों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

# राहुल गांधी के दिमाग की चिप चोरी और हार्ड डिस्क करप्ट हो गई : फडणवीस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से चुनाव आयोग (ईसी) पर लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने कहा, न तो महाराष्ट्र में वोट चोरी हुई है और न ही देश के किसी हिस्से में। राहुल गांधी सिर्फ झूठ बोल रहे हैं कि जनता के जनादेश की चोरी हुई है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राहुल गांधी बार-बार अलग-अलग आंकड़े दे रहे हैं। फडणवीस ने कहा, पहले उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में 75 लाख वोट बढ़ गए, अब कह रहे हैं कि एक करोड़ वोट बढ़े हैं। ये सब झूठ फैलाकर अपनी हार को छिपाने की कोशिश है। देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा, राहुल गांधी के दिमाग की चिप चोरी हो गई है और उनकी हार्ड डिस्क करप्ट हो गई है। उन्हें खुद भी पता है कि भविष्य में भी वह हारने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश की सांविधानिक संस्थाओं की छवि को धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं इस बयान की निंदा करता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि जनता उन्हें आने वाले चुनावों में सबक सिखाएगी। वहीं, महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता आशीष शेलार ने भी राहुल गांधी पर हमला किया। उन्होंने चुनाव आयोग (ईसी) पर राहुल गांधी के ताजा आरोपों को हारने वालों का अहंकार करार दिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आशीष शेलार ने कहा कि जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची जारी की थी, तब न राहुल गांधी, न कांग्रेस पार्टी और न ही महा विकास आघाड़ी (एमवीए) ने उसमें किसी भी गड़बड़ी को लेकर सवाल उठाए थे। शेलार ने बताया कि उस समय चुनाव आयोग को कुल 3,900 आपत्तियां मिली थीं, जिनमें से केवल 98 आपत्तियों पर अपील की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास 27,000 बूथ स्तर के एजेंट हैं जो मतदाता सूची की जांच कर सकते हैं, लेकिन इनमें से किसी ने भी कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। राहुल गांधी ने आज कर्नाटक की एक लोकसभा सीट के आंकड़ों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव आयोग के जरिए बड़ा आपराधिक धोखा किया है और उन्होंने इसे संविधान के खिलाफ अपराध बताया।

# पुतिन इस साल के आखिर में भारत आएंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दी है। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा, अब हमारे बहुत अच्छे रिश्ते बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बातचीत करते हैं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल बुधवार को रूस पहुंचे। उनकी राष्ट्रपति पुतिन के साथ भी मुलाकात हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद डोभाल की यह पहली मॉस्को यात्रा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। ट्रम्प ने रूस से तेल खरीदने को वजह बताकर ही भारत पर पहले 25 प्रतिशत फिर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। आखिरी बार 2021 में भारत आए थे पुतिन राष्ट्रपति पुतिन ने 06 दिसंबर 2021 को भारत की यात्रा की थी। तब वे सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते शामिल थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डॉलर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपए) सालाना ट्रेड का टारगेट रखा था। फरवरी 2022 में यूक्रेन वॉर शुरू होने के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। इस विजिट से दोनों देशों के बीच 2030 के लिए नए आर्थिक रोडमैप को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। भारत और रूस अपने बाइलैटरल ट्रेड को दोगुना करके सालाना 100 अरब डॉलर से ज्यादा करने पर सहमत हुए हैं।

### 2024 में दो बार रूस गए थे मोदी

मोदी ने साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा की थी। वे ब्रिक्स समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था। तब उन्होंने पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था।

# सैन्य बलों संग मना रक्षाबंधन उत्सव

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इन्दिरापुरम द्वारा गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कैंप इंदिरापुरम में जाकर संस्था की महिलाओं ने 150 से ज्यादा जवानों को प्रत्येक वर्ष की भांति तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांध कर आरती एवं मिठाई खिलाकर घरों से दूर रह रहे सैनिकों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। महिला बटालियन बैंड ने ओम जय जगदीश हरे और सारे जहां से अच्छा धुन बजाकर संस्था के साथियों का स्वागत किया। महिलाओं द्वारा सभी महिला सैनिकों को भी रक्षासूत्र बांधा गया। इस अवसर पर सीनियर कमांडेंट लाल मोहन ठाकुर, इंस्पेक्टर करण सिंह, इंस्पेक्टर अनुज बैंसला आदि की उपस्थिति रही। भारत विकास परिषद् की तरफ से अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी, सचिव रिचा वालिया, महिला सहभागिता बाला मेहरोत्रा, विनिता बाजपेई, सीमा मिश्रा, सुमन शर्मा, स्टेपिंग स्टोन स्कूल की प्रिंसिपल, अध्यापक और बच्चे भी उपस्थित रहे। सभी मातृशक्ति ने रक्षाबंधन के गीत गाए प्रांतीय सेवा प्रमुख हेमंत बाजपेई ने सीआईएसएफ कमांडेंट को धन्यवाद करते हुए परिषद् द्वारा किए जा रहे संस्कार सेवा प्रकल्प की जानकारी दी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)